दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 16 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-235 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

आरा में कस्टम के रिटायर असिस्टेंट कमिश्नर की गोलियों से भूनकर हत्या

हथियारबंद शार्प शूटरों ने काफी करीब से मारी आठ गोली, मौके पर तोड़ा दम

आरा (एनएसबी)। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जैन कॉलेज पूर्वी गेट के समीप कनकपुरी मोहल्ले के पास हथियारबंद अपराधियों ने कस्टम के रिटायर असिस्टेंट कमिश्नर को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। शार्प शूटरों ने उन्हें काफी करीब से 8 गोलियां मारी है। अपराधियों की संख्या चार बताई जा रही है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार, नवादा थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत एवं डीआईयू की टीम घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में शुरू कर दी। एफएसएल की टीम के द्वारा घटनास्थल से कई तकनीकी साक्ष्य भी इकट्ठा किया। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का छह खोखा बरामद किया। घटना के बाद आक्रोशित





पुलिस के वरीय अफसर घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटे

घटनास्थल से गोली का छह खोखा बरामद, एक हिरासत में, पूछताछ जारी

लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षत्रिय समाज के लोगों ने सदर अस्पताल के मुख्य गेट के पास रोड को जाम कर दिया।घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ भी आक्रोश जताया, उन्होंने अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी करने की मांग की है। इस दौरान रोड जाम करने वाले लोगों और एसपी के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने आरा-पटना मार्ग को सपना सिनेमा बाईपास मोड को शव के साथ जाम कर दिया। इस दौरान करीब 5 घंटे तक वाहनों का आवागमन ठप्प रहा। अपराह्न करीब 3 बजे डीएम और एसपी के आश्वासन के बाद जाम हटा। जानकारी के अनुसार मृतक मूल रूप से बिहिया थाना क्षेत्र के लहंग डुमरिया गांव निवासी स्व. हरवंश सिंह के 71 वर्षीय पुत्र राम कुमार सिंह है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के जैन कॉलेज पूर्वी गेट के समीप कनकपुरी मोहल्ले में तीन दशक से अपना मकान बनाकर रहते थे। वे क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष थे। इसके अलावे आरा नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा सनातनी गंगा फाऊंडेशन भोजपुर के कार्यकारिणी सदस्य थे। वे रेडक्रॉस, लायन्स क्लब एवं रोटरी क्लब से भी जुड़े हुए थे। वे यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आजीवन सदस्य थे। रामकुमार सिंह कॉलेज के समय में अच्छे धावक रहे हैं। वे भोजपुर फुटबॉल संघ एवं शाहाबाद हीरोज के आजीवन सदस्य थे। बताया जाता है कि हर रोज की तरह गुरुवार की सुबह भी वह मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए अपने घर के गेट में ताला लगाकर जा रहे थे। उसी दौरान दो बाइक पर चार की संख्या में रहे नकाबपोश हथियारबंद अपराधी आ धमके और उन्हें काफी करीब से ताबड़तोड़ आठ गोलियां मारकर मार दी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नवादा थाना पुलिस द्वारा शव को सदर अस्पताल लाया गया। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया। उनके परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, राम कुमार सिंह हत्याकांड मामले में पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई कर डीआईजी की अनुशंसा पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव को निलंबित कर दिया।

शारदीय नवरात्र



षष्ठी (मां कत्यायनी)

मां कात्यायनी हिंदू धर्म में नवदुर्गा या देवी दुर्गा का छठा स्वरूप हैं। जिनकी पूजा नवरात्रि के छठे दिन को की जाती है। महर्षि कात्यायन का कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर मां भवानी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया था, जिसके कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ा।

संक्षिप्त खबरें

हमारा ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि सरकार का ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर है, ताकि युवाओं को अच्छी शिक्षा मिले और उन्हें दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए लद्दाख का विकास प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने लद्दाख में करीब 3,350 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन और लोकार्पण किया। इनमें लेह एयरपोर्ट का नया पैसेंजर टर्मिनल, 298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दरचा सड़क, 9 मेगावाट का हानू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, बिजली ट्रांसमिशन लाइन, देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क और 40 गांवों में बनाए गए जलाशय शामिल हैं।

धर्मांतरण पर पिछले धर्म का आरक्षण नहीं मिलेगा : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हिंदू धर्म से गैर-हिंदू धर्म अपनाने वाला व्यक्ति पुराने सामाजिक दर्जे के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मांग सकता। कोर्ट ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। दरअसल, सरकार ने 9 मार्च 2024 को पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, विमुक्त समुदाय और अनुसूचित जाति के लोगों को इस्लाम अपनाने के बाद मुस्लिम पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की अनुमति दी थी। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट ने इस फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी गई थी। हालांकि, कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया है।

1 नवंबर से फोन-स्क्रीन पर कॉलर का नाम दिखाना जरूरी

नई दिल्ली। आपके फोन पर जब भी किसी का कॉल आएगा, तो स्क्रीन पर उस व्यक्ति का नंबर और नाम दोनों दिखेंगे। जिस आईडी से सिम खरीदी, वही नाम डिस्प्ले होगा। इससे फर्जी कॉल पहचानने में मदद मिलेगी। दूरसंचार विभाग ने टेलिकॉम ऑपरेटर्स को 1 नवंबर 2026 से ये सर्विस शुरू करने का निर्देश दिया है। यूजर को इस सर्विस को अलग से एक्टिवेट करने की जरूरत नहीं होगी।

पाकिस्तान में स्कूल की छत गिरने से 35 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर में गुरुवार को एक प्राइवेट स्कूल की छत गिरने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया है। इनमें 34 छात्र और एक महिला टीचर शामिल हैं। सभी बच्चों की उम्र 13 साल या उससे कम है। हादसे के बाद निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह हादसा दीर कॉलोनी इलाके में हुआ। इसमें 40 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। उनके इलाज के लिए अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है।

बिहार बनेगा उद्योगों का हब, युवाओं को राज्य में मिलेगा रोजगार : सीएम

मुजफ्फरपुर में मेगा लेदर, फुटवियर व एक्सेसरीज क्लस्टर और सुविधा केंद्र का उद्घाटन

मुजफ्फरपुर/पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर प्रखंड के औद्योगिक क्षेत्र महवल में 140.95 करोड़ की लागत मेगा लेदर, फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर तथा साझा सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान क्लस्टर में उपलब्ध करायी गयी विभिन्न सुविधाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन एवं भ्रमण किया। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों को शेड एवं भूमि आवंटन पत्र वितरित किए गए। सीएम के समक्ष उद्योग विभाग और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।



मुख्य बिंदु

मुजफ्फरपुर से पटना और पटना से गया तक रैपिड रेल चलाने की योजना

2030 से पहले 1,000 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करने का लक्ष्य

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि बिहार में उद्योगों की स्थापना, निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के विस्तार से राज्य की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। बिहार के लोगों में काम करने की क्षमता और प्रतिभा है। जरूरत इस बात की है कि उन्हें अपने ही राज्य में रोजगार और उद्यम के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 से पहले बिहार से बाहर मजदूरी करने जाने वाले लोगों को हर हाल में राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसके लिए राज्य में उद्योगों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा।सीएम ने कहा कि मुजफ्फरपुर से पटना और पटना से गयाजी तक रैपिड रेल चलाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने 2030 से पहले 1,000 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करने का लक्ष्य दोहराते हुए कहा कि इससे बिहार में बड़े पैमाने पर निवेश आने की संभावना है। सीएम ने उद्योगपतियों से बिहार में निवेश के लिए प्रस्ताव देने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उन प्रस्तावों का परीक्षण करेगी और जरूरत के अनुसार 30 दिनों के भीतर संबंधित क्षेत्र के लिए नीति बनाने की दिशा में काम करेगी। सीएम ने मुजफ्फरपुर को निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बताते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में निवेश के अवसर हैं, लेकिन यहां उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों की विशेष रुचि दिखाई दे रही है। उन्होंने जिला प्रशासन को उद्योगों के लिए भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि जमीन आवंटन में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सीएम ने भूमि अधिग्रहण के संबंध में कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी जमीन सरकार को देना चाहता है, तो उसे निर्धारित राशि से 10 प्रतिशत अधिक भुगतान करने की नीति बनाई गई है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, मंत्री रमा निषाद, केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद वीणा देवी, विधायक शंकर प्रसाद, आदित्य कुमार, अजय कुमार, रंजन कुमार, कोमल सिंह, अजीत कुमार, राजू कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, बेबी कुमारी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, महापौर विमला साहू, सहित अन्य अधिकारी, निवेशकगण, उद्यमीगण और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

किसानों तक पहुंचेगी योजनाओं व आधुनिक तकनीकों की जानकारी

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष के सामने बने मंच से किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर वासंतिक (रबी) महाअभियान-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 38 किसान जागरूकता वाहनों एवं 2 ज्ञान वाहनों सहित कुल 40 वाहनों को रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों तक कृषि विभाग की योजनाओं, आधुनिक तकनीकों तथा उन्नत खेती से संबंधित जानकारियां पहुंचाई जाएंगी। इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना, कृषि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाना तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। महाअभियान के दौरान किसानों को गेहूं, मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण कृषि उपादानों के उपयोग और बेहतर कृषि प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी।

सीएम ने वासंतिक रबी महाअभियान-2026 का किया शुभारंभ

इंजीनियर चंद्रशेखर सिंह के चार ठिकानों पर छापा

दार्जिलिंग में पत्नी के नाम करोड़ों की बेनामी जमीन उजागर

पटना/कटिहार (एनएनबी)। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने ग्रामीण विकास विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर चंद्रशेखर सिंह के 4 ठिकानों पर छापामारी की है। छापेमारी के दौरान पटना स्थित आवास से 3.20 लाख कैश मिले है। निगरानी की टीम पटना, छपरा, कटिहार और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। श्री सिंह पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। चंद्रशेखर सिंह की पोस्टिंग छपरा में है। यहां भी निगरानी की टीम छपरा शहर के राजेन्द्र सरोवर स्थित कार्यालय में जांच की है। पटना में रूपसपुर थाना क्षेत्र के लोहिया पथ स्थित सरयुग वामिका अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 103 में निगरानी की टीम पहुंची। हालांकि, छापेमारी के दौरान चंद्रशेखर सिंह घर पर मौजूद नहीं है। उधर, निगरानी की टीम ने छपरा, कटिहार और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की। फिलहाल, छापेमारी में क्या-क्या मिला है और कितनी संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। निगरानी की जांच पूरी होने के बाद ही जानकारी स्पष्ट हो सकेगी।



पटना-कटिहार से 5 लाख नकद, 250 ग्राम आभूषण जब्त

सचिवालय की सीनियर महिला अधिकारी भी घरेलू हिंसा की शिकार, पति के खिलाफ आयोग पहुंचीं

पटना (एनएसबी)। ऊंचा पद, अच्छी शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता भी महिलाओं को घरेलू हिंसा और पारिवारिक प्रताड़ना से पूरी तरह सुरक्षित नहीं कर पा रही है। इसका एक मामला महिला आयोग के सामने आया है।

सचिवालय में उच्च और वरिष्ठ पद पर कार्यरत एक महिला अधिकारी ने अपने ही पति पर घरेलू हिंसा और पारिवारिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आयोग का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आयोग से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा के अनुसार, महिला अधिकारी जब अपनी शिकायत लेकर आयोग पहुंचीं और सुनवाई के दौरान अपने साथ हुई कथित मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का दर्द बयां करने लगीं तो वह खुद को संभाल नहीं सकीं। अपनी पीड़ा बताते हुए वह आयोग के सामने ही रो पड़ीं। यह मामला बताता है कि समाज में सम्मानजनक पद पर पहुंचने और आत्मनिर्भर होने के बावजूद कुछ महिलाओं को अपने ही घर में प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है।

आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने पर भी महिला प्रताड़ना की शिकार

बिहार में फार्मासिस्ट बहाली का रास्ता साफ

फार्मासिस्ट पद को डी. फार्मा योग्यता की गई अनिवार्य

पटना (एनएसबी)। बिहार के सरकारी अस्पतालों में नियुक्ति के लिए बी.फार्मा, एम.फार्मा व फार्मा-डी डिग्रीधारियों के धरना-प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को स्थिति स्पष्ट कर दी है। संयुक्त सचिव दिनेश कुमार झा द्वारा जारी पत्र के अनुसार, अस्पतालों में फार्मासिस्ट पद पर नियुक्ति की शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगा। वहीं, बी.फार्मा, एम.फार्मा व फार्मा-डी डिग्रीधारियों की उपयोगिता को देखते हुए उन्हें दूसरे सरकारी पदों पर नियुक्त करने, पद सृजन और वेतन निर्धारण के लिए एक तीन सदस्यीय टीम बनाई गई है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव डॉ. त्यागराजन एसएम को इस समिति का अध्यक्ष, ओएसडी रेणु कुमारी व राज्य औषधि नियंत्रक नित्यानंद किसलय को सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही अस्पतालों में फार्मासिस्टों के रिक्त 1600 से अधिक पदों पर नियुक्ति के लिए अनिवार्य अर्हता का रास्ता साफ हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 13 अक्टूबर को जारी आदेश में बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग नियमावली, 2014 और संशोधन नियमावली, 2024 के प्रावधानों को स्पष्ट किया है। इसके अनुसार, फार्मासिस्ट के मूल पद पर नियुक्ति के लिए डी.फार्मा उत्तीर्ण होने के साथ-साथ बिहार फामेर्सी काउंसिल में पंजीकरण अनिवार्य है।



बी फार्मा, एम फार्मा के लिए नए पद सृजित होंगे

तीन सदस्यीय समिति करेगी पदों का आकलन व निर्धारण

हूती विद्रोहियों का यमन के राष्ट्रपति भवन पर हमला

अदन (एजेंसी)। यमन के अदन शहर में हूती विद्रोहियों ने राष्ट्रपति भवन पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हमले के समय प्रधानमंत्री शाया मोहसेन अल-जिंदानी और सरकार के कई मंत्री परिसर में मौजूद थे, सभी सुरक्षित हैं। सूचना मंत्रालय के मुताबिक, हमले में 4 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 2 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने अदन में सऊदी अरब के सैन्य अभियान मुख्यालय पर हमला किया। हूती मीडिया ने हथियारों के भंडार को निशाना बनाने का दावा भी किया। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हुई है। अदन यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार की अंतरिम राजधानी है। देश में सरकार और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच लंबे समय से संघर्ष जारी है।ा्यमन में हूती विद्रोहियों और सरकार के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है।

5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, 4 की मौत, प्रधानमंत्री मौजूद थे, बाल-बाल बचे

बिहार समेत 17 राज्यों में वोटर लिस्ट होगी अपडेट

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का स्पेशल समरी रिवीजन कराने का निर्देश दिया है। इसके तहत 1 जनवरी 2027 तक 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवा वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। इन राज्यों में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन चल रहा है या हाल ही में पूरा हुआ है, वहां एसएसआर का शेड्यूल बाद में घोषित किया जाएगा।

आयोग ने मतदान केंद्रों की संख्या और उनकी जगह की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सामान्य तौर पर एक मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होने चाहिए। जरूरत पड़ने पर नए मतदान केंद्र बनाए जा सकते हैं। अधिकारियों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि मतदाताओं को वहां पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े। हाईराइज सोसायटियों, रिहायशी कॉलोनियों और शहरी झुग्गी-बस्तियों में भी नए मतदान केंद्रों की जरूरत का आकलन किया जाएगा।



एसआईआर विवाद के बीच चुनाव आयोग का आदेश

बिहार इंटर और मैट्रिक परीक्षा 2027 के फॉर्म भरने की तारीख बढ़ी

पटना (एनएसबी)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2027 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। ऐसे विद्यार्थियों को अब परीक्षा फॉर्म भरने के लिए एक और मौका दिया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित करते हुए 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की है। इस अवधि में विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ अपना परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। परीक्षा फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के माध्यम से इसे पूरा कराया जाएगा।

खबरें : एक नजर में

बीबोस में 31 तक कर सकते हैं टीओसी के लिए आवेदन

दूसरे बोर्ड के अधिकतम दो विषयों के अंक होंगे स्थानांतरित, दोबारा नहीं देनी पड़ेगी इन विषयों की परीक्षा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) में ट्रांसफर ऑफ क्रेडिट (टीओसी) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई है। आवेदन की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से शुरू हुई थी। किसी अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड की परीक्षा में असफल विद्यार्थी ओपन स्कूल बीबोस के माध्यम से फिर परीक्षा दे सकते हैं। टीओसी प्रक्रिया के तहत विद्यार्थी पूर्व की परीक्षा के अधिकतम दो विषयों के अंकों को बीबोस में स्थानांतरित करा सकते हैं। उन्हें इन विषयों की परीक्षा दोबारा नहीं देनी होगी। आवेदन करते समय उन्हें स्थानांतरित विषयों समेत पांच विषयों के लिए पंजीयन कराना होगा। उनके पास पूर्व बोर्ड की मार्क्सशीट, माइग्रेशन और अन्य दस्तावेज होने चाहिए। साथ ही मार्क्सशीट की वैधता पांच वर्ष से ज्यादा नहीं हो।
मालूम हो, बीबोस राज्य सरकार द्वारा स्थापित एक मान्यता प्राप्त बोर्ड है। यह 10वीं और 12वीं के समकक्ष परीक्षाएं आयोजित करता है। बोर्ड का उद्देश्य शिक्षार्थियों को पढ़ाई जारी रखने और अपनी शैक्षणिक योग्यता पूरी करने का अवसर देना है।

शिक्षकों-कर्मियों को तय समय पर मिलेगा वेतन : सचिव

एहतियात के तौर पर कराया जा रहा सत्यापन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने कहा है कि राज्य के सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को निर्धारित समय पर वेतन मिलेगा। उन्होंने एक अखबार के गुरुवार के अंक में प्रकाशित वेतन घोटाला और 9 लाख शिक्षाकर्मियों का वेतन रोके जाने से जुड़ी खबर को बेबुनियाद और भ्रामक बताया।
गुरुवार को जारी बयान में उन्होंने साफ किया कि वेतन भुगतान रोकने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एहतियात के तौर पर वेतन और भत्तों का सत्यापन कराया जा रहा है, ताकि भुगतान में पारदर्शिता बनी रहे और किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका को दूर किया जा सके।
सचिव ने कहा कि राज्य के कुछ स्थानों से वित्तीय अनियमितताओं की सूचना मिली थी। विभागीय स्तर पर इन मामलों की जांच कराई जा रही है। जांच के दौरान कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक-दो मामलों के आधार पर पूरे राज्य के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए।
उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग का उद्देश्य वेतन भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। सत्यापन की यह प्रक्रिया एहतियाती कदम है, ताकि सभी पात्र शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल सके।

साइबर एवं एटीएम फ्रॉड अभियान में 3 अभियुक्त गिरफ्तार, 82 एटीएम कार्ड बरामद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। साइबर फ्रॉड एवं एटीएम फ्रॉड की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पटना पुलिस द्वारा लगातार आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। चन्द्र प्रकाश, नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) के मुताबिक प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र में साइबर एवं एटीएम फ्रॉड की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 82 एटीएम कार्ड के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सुधाकर कुमार के विरुद्ध राज्य एवं राज्य के बाहर कुल 17 कांड दर्ज हैं। अभियुक्त प्रशांत कुमार एवं राकेश कुमार के विरुद्ध कुल 2 कांड दर्ज हैं। इस मामले में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले में अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है।

खुसरूपुर में डा. अनुज सिंह ने तेज किया जनसंपर्क अभियान, स्नातक मतदाताओं से मांगा समर्थन

खुसरूपुर, पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी कड़ी में एमएलसी स्नातक प्रत्याशी अनुज सिंह ने खुसरूपुर पहुंचकर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं स्नातक मतदाताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद स्थापित किया और आगामी चुनाव को लेकर अपनी बात रखते हुए स्नातक मतदाताओं से समर्थन की अपील की। खुसरूपुर में आयोजित इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान अनुज सिंह ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों और चुनावी तैयारियों पर चर्चा की।

राज्य के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी एवं समन्वय पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

दैनिक नवसंदेश

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में राज्य के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) तथा नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (एनएमसीएच) के प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अस्पतालों में बिस्तरों, गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), आपातकालीन वार्ड, पैथोलजी, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। साथ ही, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं राज्य सरकार की अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने तथा



राज्य के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी एवं समन्वय पर डा. प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक।

गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क अथवा रियायती दर पर उपचार उपलब्ध कराने पर विचार-विमर्श किया गया।
गंभीर मरीजों की त्वरित जाँच एवं उपचार, शल्य चिकित्सा के लिए प्रतीक्षा अवधि कम करने, हृदयाघात, मस्तिष्काघात एवं सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा एम्बुलेंस सेवाओं को प्रभावी बनाने के विषय पर भी चर्चा हुई।
बैठक में विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। गंभीर मरीजों के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा संबंधित चिकित्सा संस्थानों में नोडल पदाधिकारी नामित करने के विषय पर चर्चा हुई।
अस्पताल प्रमुखों ने बताया कि उनके संस्थानों में नोडल पदाधिकारी नामित कर दिए गए हैं तथा संबंधित पदाधिकारियों का विवरण बिहार विधान सभा सचिवालय को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त बिहार विधान सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपचार के दौरान प्राथमिकता देने तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति विपत्रों के निष्पादन में होने वाले विलंब को दूर करने पर भी चर्चा की गई।
बैठक में इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के निदेशक प्रो. (डा.) बिंदे कुमार ने गया जी में संस्थान का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे मगध एवं शाहाबाद प्रमंडल सहित झारखंड के निकटवर्ती जिलों के लोगों को सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही, गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भरता कम होगी।
इस प्रस्ताव पर अध्यक्ष डा प्रेम कुमार ने आश्वासन दिया कि वे गया जी में आईजीआईएमएस के सैटेलाइट सेंटर की स्थापना के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता करेंगे।
पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की ओर से जानकारी दी गई कि नवनिर्मित भवन में स्थानांतरण के बाद आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं के अंतर्गत मेडिसिन एवं शल्य चिकित्सा की गहन चिकित्सा इकाइयों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 60 कर दी जाएगी। इससे गंभीर मरीजों के उपचार की क्षमता में वृद्धि होगी तथा गहन चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा।
वहीं, एम्स, पटना के निदेशक ने राज्य के चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने वाले एंटी स्नेक वेनम सहित कुछ महँगी दवाओं को एम्स में भी उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि वे इस विषय पर स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर आवश्यक पहल करेंगे।
बैठक में सभा सचिवालय के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह एवं पटना एम्स के निदेशक डा. राजू अग्रवाल, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. (डा.) बिंदे कुमार, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के अधीक्षक डा. राजीव कुमार सिंह, नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के अधीक्षक डा. राजीव रंजन सिन्हा सहित संबंधित संस्थानों एवं सभा सचिवालय के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

खुसरूपुर पुलिस की सूची में कई आरोपितों और वारंटियों के नाम, हत्या के प्रयास से लेकर डकैती व आर्म्स एक्ट तक के मामले दर्ज

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस रिकर्ड में संबंधित व्यक्तियों के नाम, पते, कांड संख्या, जीआर संख्या और कानूनी धाराओं का विवरण दर्ज है।
हत्या के प्रयास के मामले में अजित कुमार का नाम
पुलिस सूची के अनुसार, लोदीपुर मंसूरपुर निवासी अजित कुमार (30 वर्ष), पिता योगेंद्र सिंह, का नाम हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में दर्ज है। उनके विरुद्ध खुसरूपुर थाना कांड संख्या 496/26, दिनांक 8 अगस्त 2026 का उल्लेख किया गया है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराएं दर्ज हैं।
डकैती के मामले में धर्मेंद्र कुमार वारंटी हरदास बिगहा निवासी धर्मेंद्र कुमार, पिता गोपाल प्रसाद, को सूची में कुर्की वारंटी अभियुक्त बताया गया है। उनका मामला जीआर संख्या 1560/1991 एवं फतुहा थाना कांड संख्या 253/1991 से संबंधित है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 392 और 120(बी) का उल्लेख है। चोरी के मामले में धीरज कुमार का नाम लोदीपुर दनियालपुर निवासी धीरज कुमार, पिता अजय सिंह, के विरुद्ध खुसरूपुर थाना कांड संख्या 168/ 26, दिनांक 18 मार्च 2026 दर्ज है। पुलिस सूची में उन्हें अप्राथमिकी अभियुक्त बताया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(बी) का उल्लेख किया गया है। आर्म्स एक्ट के मामले में मोनू गोप वारंटी रजवाड़ा टोला, बैकटपुर निवासी मोनू गोप (26 वर्ष), पिता चंद्र गोप उर्फ चंद्र यादव, का नाम भी पुलिस सूची में शामिल है। उनके मामले में जीआर संख्या 917/24 तथा खुसरूपुर थाना कांड संख्या 472/23, दिनांक 4 नवंबर 2023 का उल्लेख है।

अंचलों को प्रदर्शन में सुधार लाने का सख्त निर्देश

कार्यों में विलंब पर नहीं चलेगी बहानेबाजी

समस्तीपुर, दरभंगा और कैमूर जिले के अंचल अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पांडेय की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में समस्तीपुर, दरभंगा और कैमूर जिले के अंचल अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाओं की प्रगति, लंबित मामलों के निष्पादन तथा निर्धारित समय-सीमा में अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में किए जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा हुई।
समीक्षा के दौरान अपर सचिव ने स्पष्ट कहा कि कार्यो के निष्पादन में विलंब के लिए अनावश्यक बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए कार्यक्षमता और प्रदर्शन में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यो में ईमानदारी के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अंचलों के पास कार्यो के निष्पादन के लिए स्पष्ट माइक्रो प्लान होना चाहिए, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से अपने कार्यो का इस प्रकार निष्पादन करने को कहा, जिससे वे स्वयं भी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हो सकें।



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठ क ।

बैठक में जमाबंदी में त्रुटियों के सुधार तथा मृत जमाबंदी रैयतों के उत्तराधिकारियों के नामांतरण के लिए संचालित 45 दिवसीय विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के निष्पादन सहित विभाग की अन्य सभी सेवाओं की स्थिति का भी आकलन किया गया। लंबित मामलों के निष्पादन में पिछड़े अंचलों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश दिया गया।
अपर सचिव ने प्रदर्शन में पिछड़ रहे अंचलों को विशेष रूप से सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अभियान के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

खबरें — खास-खास

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कांटी विधायक अजीत कुमार ने किया स्वागत, युवाओं को रोजगार देने पर दिया जोर

कांटी विधायक ने मुख्यमंत्री से की एनटीपीसी में 800 मेगावाट की नई यूनिट लगाने की मांग

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर के औद्योगिक क्षेत्र महवल में गुरुवार को मेगा लेदर, फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर तथा साझा सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का ससम्मान पूर्वक व गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कांटी विधायक अजीत कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से कांटी एनटीपीसी में 800 मेगावाट की नई यूनिट स्थापित कराने की



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कांटी विधायक अजीत कुमार ने किया स्वागत।

मांग उठाई। कांटी विधायक अजीत कुमार ने कहा कि कांटी एनटीपीसी में नई यूनिट की स्थापना होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी साथ ही इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा उद्योगों को ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने की मजबूरी कम हो सकती है। उन्होंने महवल में मेगा लेदर, फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर की स्थापना को क्षेत्र के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया एवं कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होने तथा कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। श्री कुमार ने इस कार्य की उद्घाटन करने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार जताया। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से मुजफ्फरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अमय के अर्धशतक से फिनिक्स टीम बी की बड़ी जीत

विनायक ने भी खेली 45 रन की पारी, हैप्पी हाईस्कूल को 78 रन से हराया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में फिनिक्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैप्पी हाईस्कूल को 78 रन से हरा दिया। फिनिक्स की जीत में अमय सहाय के अर्धशतक और कप्तान विनायक की उपयोगी पारी की अहम भूमिका रही। अमय सहाय को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फिनिक्स टीम बी ने निर्धारित 21 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाए। ओपनर और कप्तान विनायक ने 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाए। वहीं,



अमय सहाय ने 53 गेंदों में आठ चौके जड़ते हुए 52 रन की पारी खेली। आयुष राज ने 12 रन का योगदान दिया। टीम के खाते में अतिरिक्तके रूप में 45 रन जुड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैप्पी हाईस्कूल की टीम 201 ओवर में 85 रन पर अलआउट हो गई। अमोल दिवाकर ने 18 रन बनाए, जबकि अतिरिक्तके रूप में 41 रन मिले। फिनिक्स की ओर से विराज सिंह, आयुष पाल और शुभम राज ने दो-दो विकेट चटकाए। अमय सहाय और विनायक को भी एक-एक विकेट मिला।
संक्षिप्त स्कोर- फिनिक्स टीम : 21 ओवर में 163/ 3 (विनायक 45, अमय सहाय 52, आयुष राज 12, अतिरिक्त 45), अद्यांश पांडे 1/ 34, आरव राज 1/ 36.
हैप्पी हाईस्कूल : 20.1 ओवर में 85 रन पर ऑलआउट (अमोल दिवाकर 18, अतिरिक्त41), विराज सिंह 2/19, आयुष पाल 2/22, शुभम राज 2/12, अमय सहाय 1/6, विनायक 1/4.

बिहार की कला, संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना प्राथमिकता : डा. प्रमोद कुमार

कोलकाता / पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार की समृद्ध कला, सांस्कृतिक परंपराओं एवं ऐतिहासिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने तथा राज्य की सांस्कृतिक गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में बिहार सरकार के मंत्री ने की बैठक, सांस्कृतिक गतिविधियों की समीक्षा की।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान बिहार में आगामी 10 सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों में नाटक एवं रंगमंच से संबंधित कार्यक्रमों के साथ-साथ संगीत, सांस्कृतिक उत्सवों और महोत्सवों के आयोजन को विशेष महत्व दिया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार की लोककलाओं, पारंपरिक संगीत, नाट्य परंपराओं और स्थानीय कलाकारों को व्यापक मंच उपलब्ध कराने तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार की कला और संस्कृति हमारी गौरवशाली सभ्यता, ऐतिहासिक परंपराओं और सामाजिक चेतना की पहचान है। राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना, कलाकारों को प्रोत्साहित करना और बिहार की कला को देशभर में नई पहचान दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। आगामी कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकारों को अवसर प्रदान करने के साथ बिहार की सांस्कृतिक समृद्धि को व्यापक जनसमुदाय तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में निदेशक सुदेश शर्मा, उप निदेशक (कार्यक्रम) डा. तपस कुमार सामंतराय समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने इंडियन म्यूजियम एवं एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कला, संस्कृति, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया।

बिहार में कानून का राज खत्म, शराब माफिया के सामने बेबस दिख रही सरकार : डा. अजय कुमार पासवान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन डा. अजय कुमार पासवान ने नालंदा जिले में शराब माफिया द्वारा पुलिस टीम पर की गई फायरिंग में कांस्टेबल अजीत कुमार की गोली लगने से हुई मौत पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य की बीजेपी -जदयू सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शराब माफिया और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे पुलिस टीम पर भी गोलियां चलाने से नहीं डर रहे हैं। यह स्थिति राज्य सरकार के लिए गंभीर चेतावनी है।



डा. अजय कुमार पासवान।

डा. पासवान ने कहा कि जब पुलिस के जवान ही सुरक्षित नहीं हैं, तो बिहार की आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा नालंदा की यह घटना सरकार के उन दावों की पोल खोलती है, जिनमें कानून-व्यवस्था को दुरुस्त और शराबबंदी को सफल बताया जाता है। शराबबंदी लागू होने के बावजूद यदि शराब माफिया खुलेआम सक्रिय हैं और पुलिस पर जानलेवा हमले कर रहे हैं, तो सरकार को अपनी जवाबदेही से बचने का कोई अधिकार नहीं है।
उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक मिलीभगत और प्रभावी कार्रवाई के अभाव में शराब के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले बढ़ रहे हैं। आखिर शराब माफिया को इतनी ताकत कहां से मिल रही है उन्हें कौन संरक्षण दे रहा है क्या सरकार और प्रशासन को इस अवैध कारोबार की वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं है इन सवालों का जवाब बिहार सरकार को देना ही होगा। यदि कहीं पुलिस या प्रशासन के अधिकारियों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी बिना किसी दबाव के कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

मौर्या लोक परिसर से हुए अपहरण कांड में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा, शिकायतकर्ता समेत सात गिरफ्तार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कोतवाली थाना के मौर्या लोक परिसर से हुए अपहरण कांड में पुलिस ने खुलासा किया है। रविवार को अगवा किए गए भूपतिपुर निवासी कौशलेंद्र कुमार को पुलिस ने मंगलवार को भागलपुर से सकुशल बरामद कर लिया।
इस मामले में पुलिस ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। लेकिन इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब अपहरण के शिकार कौशलेंद्र कुमार को भी जमीन के कारोबार में रुपये लेकर वापस नहीं करने की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।
डीएसपी के अनुसार, कौशलेंद्र कुमार की पत्नी मनिता सिन्हा ने कोतवाली थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रविवार, 11 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे उनके पति मौर्या लोक जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कई घंटे बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटे, तो पत्नी ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद मनिता सिन्हा मौर्या लोक परिसर पहुंचीं। वहां पता चला कि उनके पति एक कंप्यूटर दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान छह-सात लोग कथित तौर पर उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए।
शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने कौशलेंद्र को भागलपुर से बरामद कर लिया। इस मामले में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुजफ्फरपुर निवासी दिव्यांश कुमार, बांका निवासी हिमांशु शेखर और पवन कुमार, आरा निवासी नीरज कुमार, भागलपुर निवासी निवास कुमार और कुमार मयंक तथा रोहतास निवासी भूपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी सात आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पटना में पंचायत प्रतिनिधियों का जोरदार प्रदर्शन, मंत्री आवास घेरने जा रहे प्रतिनिधियों को पुलिस ने रोका

मुख्यमंत्री सचिवालय में सौंपा गया ज्ञापन

मांगों पर ठोस कार्रवाई के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

सात दिनों का अल्टीमेटम

समाधान नहीं हुआ तो फिर होगा बड़ा आंदोलन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को पटना में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व मुखिया महासंघ प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय एवं पंच सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला ने किया।
त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी प्रतिनिधि संगठन के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि दारोगा प्रसाद राय ट्रस्ट भवन के समीप जुटे। इसके बाद प्रतिनिधियों का हुजूम पंचायती राज मंत्री के आवास का घेराव करने और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन पुलिस ने पुल के समीप ही उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी



पटना में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रतिनिधियों के बीच काफी देर तक जद्दोजहद हुई।
प्रदर्शन में शामिल प्रतिनिधियों ने ग्राम सभा की स्वतंत्रता बहाल करने, ग्राम कचहरी को सर्वसुविधा संपन्न बनाने, छठे राज्य वित्त आयोग की राशि त्रिस्तरीय पंचायतों को जारी करने, सोलहवें वित्त आयोग की राशि के लिए केवल भारतीय स्टेट बैंक में खाता खोलने के विभागीय आदेश को वापस लेने, अनटाइड राशि पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने तथा पंचायती राज विभाग में कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई।

एलएनजेपी अस्पताल के तीन चिकित्सकों पर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ

पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्वास्थ्य मंत्री निशांत द्वारा 7 जुलाई 2026 को पटना के राजवंशीनगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों के आलोक में तीन चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। फलतः संबंधित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीनों चिकित्सकों को अलग-अलग ज्ञापन जारी कर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई। डा. राज किशोर रौशन : इन पर अपराहन 2 बजे से 3 बजे तक कर्तव्य से अनुपस्थित रहने तथा निजी क्लिनिक संचालित करने के कारण प्रायः ड्यूटी से अनुपस्थित रहने का आरोप है। डा. श्याम किशोर : इन पर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सादे कागज पर अपने निजी अस्पताल, हरिहर सीएनएस अस्पताल, पानी टंकी के सामने, शास्त्रीनगर, पटना, जाने के लिए बाध्य करने का आरोप है। डा. अमरनाथ प्रसाद : इन पर अस्पताल में आने वाले मरीजों का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करने तथा उन्हें बाहर से दवा लाने के लिए बाध्य करने संबंधी शिकायत है। स्वास्थ्य विभाग ने तीनों चिकित्सकों को जारी ज्ञापनों में आरोपों का विवरण, संबंधित साक्ष्य एवं दस्तावेजों की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए एक पक्ष के अंदर लिखित अभिकथन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। चिकित्सकों से यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि वे किन आरोपों को स्वीकार करते हैं और किनसे इनकार करते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहने के संबंध में भी अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर विभागीय जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह कार्रवाई औचक निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों, संबंधित प्रतिवेदनों तथा चिकित्सकों के स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने के बाद प्रारंभ की गई है। आरोपों की पुष्टि एवं आगे की कार्रवाई विभागीय जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित होगी।

संक्षिप्त खबरें

द्वितीय अपील के 05 मामलों की सुनवाई 01 मामले का निष्पादन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा आज बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील के कुल 05 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। सुनवाई के दौरान प्रत्येक मामले की विस्तृत समीक्षा करते हुए अपीलार्थियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को शेष लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों अभियानों के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भोजपुर, सहायक समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम (स्वास्थ्य) सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

चार सौ बच्चियों ने एक साथ लोक नृत्य और डांडिया प्रस्तुत कर बांधा समां

अलग-अलग ग्रुपों में बंटकर किया डांडिया, शिक्षिकाओं ने भी दिया साथ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में गुरुवार को शारदीय नवरात्र के मौके पर अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चियों द्वारा देवी गीत, लोक नृत्य एवं डांडिया नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति दी। विद्यालय की 400 बच्चियों ने ग्रुपों में बंटकर एक साथ डांडिया की प्रस्तुति दी, जिसमें स्कूल की शिक्षिकाओं ने भरपूर सहयोग दिया। भोजपुरी लोक नृत्य एवं डांडिया की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जय माता दी..... एवं मां आरण्य देवी.... की जयकारे से पुरा ईलाका गूंज उठा। इसके पूर्व अभिव्यक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ ऋषिकेश ओझा, अरविंद ओझा, राजेश रमन, रेणु प्रकाश वर्धन एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद मां दुर्गा का पूजन, माल्यार्पण का कार्यक्रम हुआ। वक्ताओं ने कहा कि हर एक बच्ची मां दुर्गा का रूप है। यह रूप उनके अपने संस्कार और संस्कृति से है, उन्होंने कहा कि जब विजय की कामना होती है। तब मां की आराधना होती है। कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी कला यात्रा ह्यसर्जना न्यासह्न के द्वारा उद्घाटनकर्ता को डांडिया देकर सम्मानित किया गया। संचालन अरविंद कुमार ओझा, छात्रा साक्षी राज एवं सुहानी दुबे ने की। धर्मेंद्र कुमार, अमितेश रंजन एवं महेंद्र शर्मा ने की। कोरियोग्राफी नृत्य शिक्षक चिंटू कुमार एवं मंच साज-सज्जा कला शिक्षक संजीव कुमार एवं विष्णु शंकर ने किया। विद्यालय की छात्रा प्रियांशी सिंह, मीनाक्षी पांडेय, सौम्या सिंह, सलोनी कुमारी, अर्पिता केसरी, अनन्या केसरी, सिक्षम, वंदना कुमारी, अर्चना चैधरी, श्रेयांनी, कृतिका कुमारी, प्रतिज्ञा सिंह, तपस्या भारद्वाज, सारिका सिंह, श्रेया, सृष्टि, ज्ञानी, वैष्णवी सिंह एवं अर्पिता कुमारी ने प्रस्तुत किया। वहीं डांडिया नृत्य आर्या, शिवांगी, प्रिंसी, निकिता, मनीषा, विद्या, सभ्यता, सभांगी, अशी, संस्कृति, इशिका, सुप्रिया, निधि, अदिति ने प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय में बना दिया। एक अन्य डांडिया नृत्य को छात्रा आर्या, प्राची, मानवी, शिवांगी, अदिति, एंजेल, श्रुति, मनीषा ने प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

शिक्षक की भूमिका में दिखे अनुमंडल पदाधिकारी



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नोनार पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय एक शिक्षक की भूमिका में दिखाई दिए। एक ही परिसर में संचालित मध्य विद्यालय व उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नोनार के निरीक्षण के दौरान वर्ग कक्ष में शिक्षक की गैरमौजूदगी को देख अनुमंडल पदाधिकारी स्वयं चाक व डस्टर लेकर ब्लैक बोर्ड संभाल लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बच्चों से गणित व संस्कृत के कुछ सवाल पूछा जिसका सही जबाब नहीं मिलने पर वे एक कुशल शिक्षक की भांति बच्चों को पढाना शुरू कर दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने नौवीं कक्षा के बच्चों को गणित के कई महत्वपूर्ण टिप्स बताए। वहीं संस्कृत से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी बच्चों को दी। वर्ग कक्ष खाली देख एसडीएम ने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को नियमित रूप से वर्ग कक्ष में जाने व पठन-पाठन कार्य करने की हिदायत दी। एसडीएम ने एक साथ दस प्रतिशत से अधिक शिक्षकों का अवकाश स्वीकृत किए जाने व विद्यालय में बच्चों की कम उपस्थिति को लेकर मध्य विद्यालय नोनार के प्रधानाध्यापक से कारणपृच्छा करने का निर्देश प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया।

प्रेम और बैर के रास्ते से परमात्मा को पाने की व्याख्या



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। बरिसवन गांव स्थित मठिया में श्रीधाम अयोध्या से पधारे महामंडलेश्वर फलाहारी बाबा ने श्रीराम कथा के दौरान भगवान के अवतार, प्रेम और बैर के माध्यम से परमात्मा को प्राप्त करने के मार्ग की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भगवान के अवतार लेने के अनेक कारण हैं। लेकिन मुख्य रूप से श्राप और आशीर्वाद के कारण परमात्मा अव्यक्त से व्यक्त रूप में प्रकट होते हैं। फलाहारी बाबा ने कहा कि परमात्मा को प्राप्त करने के दो मार्ग हैं, प्रेम और बैर। प्रेम का मार्ग लंबा प्रतीत होता है, जबकि बैर का मार्ग छोटा है। उन्होंने जय-विजय का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने प्रेम के बजाय बैर का मार्ग चुना। प्रेम और बैर दोनों में एक समान क्रिया होती है और वह है स्मरण करना। प्रेम करने वाला अपने प्रिय को कुछ समय के लिए भूल सकता है। लेकिन बैर रखने वाला अपने शत्रु को हर समय याद करता रहता है। उन्होंने कहा कि जब जीव निरंतर ब्रह्म का स्मरण करता है, तो वह परमात्मा की कृपा का पात्र बन जाता है। हालांकि, प्रेम का मार्ग सहज, सरल और कल्याणकारी हैं जबकि बैर का मार्ग कठिन है। इसलिए भक्तों को बैर के बजाय प्रेम और भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए। प्रेम के माध्यम से ही जीवन में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

7.40 ग्राम हेरोइन के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उसे थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया के पास से किया गया। तालाशी के दौरान उसके पास से 7.40 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। वह नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया मोहल्ला निवासी गणेश चैधरी का पुत्र सुरेंद्र चैधरी है।इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि नवादा थाना की पेट्रोलिंग पुलिस जब अनाइठ मठिया के पास पहुंच आने-जाने लोगों को चेक रही थी। तभी ठाकुरबाड़ी की तरफ से आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को दूर से देख भागने का प्रयास करने लगा, तो सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। तब नवादा थाने में पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

0.52 ग्राम स्मैक के साथ नाबालिग पकड़ा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर थाना पुलिस द्वारा 0.52 ग्राम स्मैक के साथ एक नाबालिग को पकड़ा गया। उसे थाना क्षेत्र के कोईलवर स्थित पुल के पास से पकड़ा गया। वह कोईलवर थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की कोईलवर स्टेशन स्थित पुल के समीप मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जाती है। सूचना उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे पकड़ लिया।

दो वारंटी और दो शराबी गिरफ्तारः जेल

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाने की पुलिस ने एक इश्तेहार वारंटी और शराब के नशे में दो लोगों को गिरफ्तार किया। चांदी के अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राम अयोध्या राम, कोसीहान को कोसीहान गांव से गिरफ्तार किया गया। इश्तेहार वारंटी गौरव कुमार, खनगांव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। चांदी चैक से शराब के नशे में इंद्रजीत को गिरफ्तार किया।

दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, विधि-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा-2026 को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित की संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिले के शहरी, नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की भीड़ का सुचारु प्रबंधन करने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने सप्तमी से विजयादशमी तक पूजा पंडालों, मंदिरों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए निर्धारित मार्गों पर सतत निगरानी रखने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने तथा ड्रोन के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जुलूस का संचालन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से कराने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सतर्कता बरतने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी, महत्वपूर्ण स्थलों की वीडियोग्राफी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं, विद्युत आपूर्ति एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया। किसी भी आपात स्थिति से निपटने एवं विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए समाहरणालय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय किया गया है।

माउंट लिट्रा जी विद्यालय में नवरात्रि पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली, आरा के प्रांगण में नवरात्रि के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्रेयांश जैन, उपाध्यक्षा श्रीमती सुचिता जैन, प्राचार्या डॉ. सहाया मेरी, प्रधानाध्यापक श्री रत्नेश चैबे, जूनियर कॉर्डिनेटर प्रियंका दत्ता सहित सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शुभारंभ विद्यालय की प्रार्थना से हुआ, जिसके पश्चात माँ दुर्गा की स्तुति कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य द्वारा माँ दुर्गा की स्तुति की मनोहारी प्रस्तुति रही। छात्रों ने माँ दुर्गा के नौ रूपों का संक्षिप्त परिचय दिया तथा माँ दुर्गा और महिषासुर के युद्ध एवं महिषासुर वध पर अपने मनोहारी नृत्य द्वारा प्रकाश डाला। बच्चों की प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही। विद्यालय के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षा ने सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों ने डांडिया नृत्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साह के साथ झूमे। डांडिया को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।रंग बिरंगे पोशाकों में विद्यालय के बच्चे काफी आकर्षक दिखें। अंत में प्राचार्या ने सभी बच्चों को नवरात्रि की बधाई देते हुए सदैव धर्म और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

पुनपुन के बेहरावां में पुलिसिया जुल्म के खिलाफ प्रतिरोध मार्च

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पटना ग्रामीण स्थित पुनपुन के बेहरावा गांव में पुलिसिया दमन के खिलाफ भाकपा-माले, खेग्रामस, ऐपवा, इंसाफ मंच के राज्यव्यापी आह्वान के तहत आरा में माले जिला कार्यालय श्रीटोला आरा से प्रतिवाद मार्च निकालकर बस स्टैंड में सभा आयोजित कर मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी एवं पुलिस जुल्म के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव अभ्युदय ने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस एवं अपराधियों का जुल्म बढ़ा है। पटना के पुनपुन प्रखंड अंतर्गत बेहरवा गांव में मांझी टोला में शराबबंदी के नाम पर छापेमारी कर पुलिस द्वारा जुल्म ढाया, जिसमें 32 महिलाओं चार दुधमुंहे बच्चों सहित 39 लोगों को जेल में डाल दिया गया। गिरफ्तारी के डर से दो नौजवान आकाश मांझी और रामू मांझी पुनपुन नदी में डूबकर मर गए।इस छापेमारी के दौरान महिलाओं और छोटी छोटी लड़कियों के साथ मारपीट की गई यह बर्बर जघन्य घटना है।

सदर अस्पताल में दो बुजुर्ग महिलाओं का हुआ सफल ऑपरेशन

ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ.अमन सिंह ने किया ऑपरेशन

शिव दुलारी देवी के कूल्हे और सुशीला देवी के राइट हिप फ्रैक्चर का हुआ सफल ऑपरेशन





आरा/एनएसबी। सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक सराहनीय उपलब्धि सामने आई है। अस्पताल के ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. अमन सिंह ने दो बुजुर्ग महिला मरीजों का सफल ऑपरेशन किया। दोनों मरीज कूल्हे से संबंधित गंभीर चोट एवं फ्रैक्चर की समस्या से जूझ रही थीं। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीया शिव दुलारी देवी सिकरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्भय डिहरा गांव की निवासी हैं। वह पिछले 16 दिनों से सदर अस्पताल में भर्ती थीं। ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. अमन सिंह ने उनके कूल्हे का ऑपरेशन किया। वहीं, दूसरी मरीज 70 वर्षीय सुशीला देवी जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करनामेपुर की रहने वाली हैं, उनके दाहिने कूल्हे में फ्रैक्चर यानी राइट हिप फ्रैक्चर की समस्या थी। चिकित्सकीय जांच के बाद डॉ. अमन सिंह ने उनका भी ऑपरेशन किया। दोनों मरीजों के ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ. अमन सिंह, ऑथोर्पेडक सर्जन, सदर अस्पताल की मुख्य भूमिका रही। वहीं, सर्जिकल इंचार्ज संजीव कुमार, विकास कुमार, संतोष कुमार, आयुष कुमार, दिलीप कुमार, विक्रांत कुमार, प्रिंस कुमार श्रीवास्तव, सरोज कुमार, अंकित कुमार, सूरज कुमार, आयुष्मान रवि करण एवं विकास पाल शामिल रहे। पूरी टीम के समन्वित प्रयास से दोनों मरीजों की सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

12 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से आज व्यवहार न्यायालय, आरा में न्यायिक पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, दिवाकर कुमार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि न्यायालयों में लंबित शमनीय आपराधिक वाद, विद्युत वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य समझौता योग्य मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किया जाए। साथ ही पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से समय पर सूचना देकर सुलह-समझौते के लिए प्रेरित करने एवं प्री-काउंसलिंग और प्री-सिटिंग के माध्यम से मामलों का अधिकतम निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सचिव द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि 21 नवम्बर 2026 को एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केवल एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस) के मामलों की सुनवाई की जाएगी। सचिव, डी.एल.एस.ए. द्वारा बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है, ताकि आम लोगों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय मिल सके। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारीगण, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी उपस्थित रहे।

आरण्य देवी मंदिर में कोलकाता के कारीगर करेंगे श्रृंगार व सजावट

आकर्षण का केन्द्र होगा परिसर में सजावट का कार्य, सप्तमी तिथि की सुबह होगा दीदार



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन गुरुवार को देवी दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में आज सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। यह सिलसिला रात्रि दस बजे तक चलता रहा है। शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए युवतियों और महिलाओं की भीड़ उमडी रही। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि को आठ बजे संध्या आरती होगी। तत्पश्चात श्रृंगार और सजावट का कार्य शुरू किया जाएगा। मध्य रात्रि में करीब तीन बजे श्रृंगार एवं सजावट का कार्य पूरा हो जाएगा। श्रृंगार व सजावट कार्य के लिए पश्चिम बंगाल के कलाकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। सप्तमी तिथि की प्रातः 4 बजे मां आरण्य देवी की मंगला आरती होगी। इसके बाद भक्तों को माता के मंदिर के गर्भ गृह एवं परिसर में भव्य श्रृंगार व सजावट देखने का अवसर प्राप्त होगा। जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दौरान भक्तों के बीच शुद्ध बेसन से निर्मित बुंदिया प्रसाद के रुप में वितरित किया जाएगा। श्री कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु-भक्त भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे।

कस्टम के रिटायर असिस्टेंट कमिश्नर हत्याकांड

अहले सुबह आरा में हुए मर्डर से उबला शहर

घटनास्थल से गोली का 6 खोखा बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। राम कुमार सिंह की हत्या के बाद पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। घटनास्थल से गोली का 6 खोखा बरामद किया।एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर कई साक्ष्य को एकत्रित किया। पुलिस घटनास्थल व उसके आसपास के लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाल में जुटी हुई है।

मृतक की पत्नी ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष व अन्य लोगों पर लगाया बडा आरोप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। राम कुमार सिंह की हत्या के बाद पुलिस-प्रशासन पर बड़ा आरोप लगा है। मृतक की पत्नी सुशीला देवी ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वही सदर अंचलाधिकारी पर जमीन का फर्जी कागज बनाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने हत्या में षड्यंत्र रचने वाले चंदन, अमरेंद्र प्रताप एवं मनोज का नाम उजागर किया है। उन्होंने बताया कि उनका मुफस्सिल थाना अंतर्गत सिंगही (बरहबतरा) गांव के समीप 14 कट्ठा जमीन है। हाल में उस जमीन की बाउंड्री को आरोपियों द्वारा तोड़ दिया गया था और लगातार उन्हें धमकी दी जा रही थी, कि तुम्हें और तुम्हारे परिवार को हम लोग गोली मार देंगे। जीने नहीं देंगे। उन्होंने चंदन नामक व्यक्ति एवं एक कथित पत्रकार सहित अन्य लोगों पर जमीन के विवाद को लेकर अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के पुत्र राजेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने भी क्षत्रिय समाज से लोगों से एकजुट हो मदद की अपील के साथ पिता के हत्यारे को फांसी की मांग की।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष पर गिरी गाज, निलंबित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बहुचर्चित राम कुमार सिंह हत्याकांड मामले में एसपी अवधेश दीक्षित ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। इस मामले में कर्तव्य में लापरवाही बरतने को लेकर डीआईजी की अनुशंसा पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष निलंबित कर दिया। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पर अभियुक्तों को मदद करने का आरोप परिजनों द्वारा लगाया गया था।एसपी ने काफी गंभीरता से लिया और तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

तीन सदस्यीय चिकित्सकों को टीम ने किया शव का पोस्टमार्टम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में हुआ। सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर तीन सदस्यीय डॉक्टरो की टीम का गठन कर शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के बॉडी से तीन बुलेट बरामद किया गया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अमन सिंह एवं डॉ.शैलेंद्र कुमार शामिल है।

डीएम बोलेः सरकारी पदाधिकारी की संलिप्तता पर होगी कार्रवाई

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि दुखद घटना हुआ है। उन लोगों द्वारा कुछ डिमांड किया गया है, निष्पक्ष इन्वेस्टिगेशन और अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी। सभी बिंदुओं पर संज्ञान लिया गया है। इस मामले में गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कांड में अगर किसी सरकारी पदाधिकारी का भी संलिप्तता होगी, तो उसपर कार्रवाई होगी। परिवार की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

विधायक सहित अन्य ने की घटना की निंदा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रामकुमार सिंह की हत्या की घटना पर विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि एक वृद्ध एवं सामाजिक व्यक्ति की दिन-दहाड़े अपराधियों द्वारा हत्या की घटना घोर निंदनीय है। विधायक ने पुलिस प्रशासन से उक्त घटना के दोषियो को त्वरित गिरफ्तार कर उनपर कानूनी कारवाई करने को कहा। उन्होंने परिवार एवं समाज को धैर्य रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदना परिवार एवं समाज के साथ हमेशा रहेगा। भोजपुर-बक्सर के एमएलसी सोनू राय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हत्या को लेकर हम सभी मर्माहत है। क्षत्रिय समाज ही नहीं बल्कि पूरे समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। पूर्व विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक भाई दिनेश ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

रामकुमार सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय विद्यालय के सभागार में गुरुवार को आरा नगर रामलीला ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सनातनी गंगा फाउंडेशन भोजपुर के कार्यकारिणी सदस्य राम कुमार सिंह के असमायिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि राम कुमार सिंह के निधन से विद्यालय परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे विद्यालय परिवार के लिए एक अभिभावक थे और हमेशा अपना मार्गदर्शन देते रहते थे। नौकरी से रिटायर होने के बाद में जिले के विभिन्न संगठनों से जुड़कर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहें।

वासंतिक रबी महाभियान-2026 के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। वासंतिक (रबी) महाभियान-2026 के अंतर्गत आज स्थानीय नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा में जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला एवं अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष-2026 के तहत महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों, पदाधिकारियों, कृषि इनपुट विक्रेताओं तथा प्रगतिशील महिला कृषकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त भोजपुर, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, डीडीएम, नाबार्ड, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक एवं कृषि विज्ञान केंद्र, भोजपुर के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, भोजपुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रबी मौसम में संचालित कृषि योजनाओं एवं अनुदानित दर पर बीज वितरण की जानकारी दी। तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने प्रमाणित बीज, बीजोपचार, खरपतवार नियंत्रण, मिट्टी जाँच के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग, जिंक एवं सल्फर के उपयोग तथा फसल विविधीकरण के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। नाबार्ड द्वारा कृषक उत्पादक संगठनों की उपयोगिता, जबकि जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की जानकारी दी गई।

आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी हलचल तेज, आरक्षण रोस्टर व परिसीमन पर टिकी नजर

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव की आहट मिलते ही ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक हलचल अचानक तेज हो गई है. अमूमन अब तक पंचायत चुनावों की सुगबुगाहट शुरू होते ही चर्चा केवल आरक्षण रोस्टर व सीटों के बंटवारे पर केंद्रित रहती थी। तरारी प्रखंड में सबसे बड़ा मुद्दा पंचायतों व वार्डों का संभावित परिसीमन बन गया है। वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर पंचायतों की सीमाओं के पुनर्गठन की तैयारी से वर्तमान जनप्रतिनिधियों व नए दावेदारों की धड़कनें तेज हो गई हैं। प्रखंड मुख्यालय से लेकर गांव के चाय चैपालों तक यही कयास लगाए जा रहे हैं कि कौन-सा गांव काटकर किस पंचायत में जाएगा व कहां नई ग्राम पंचायत का गठन होगा।

आस्था का केंद्र है बेनीपुर का गुरु शांतिधाम यहां जुटते हैं देश-विदेश के सैकड़ो श्रद्धालु

बेनीपुर (एनएसबी)। श्रद्धालुओं के असीम आस्था का केंद्र बन चुका है बेनीपुर स्थित गुरु शान्तिधाम का आश्रम स्थल। यहां शारदीय नवरात्र से लेकर गुरु पूर्णिमा तक देश विदेश के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचती है। इस क्रम मे गुरुवार को गुरु शान्तिधाम आश्रम से 1051 कुंवारी कन्या कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा का शुभारंभ गुरु शांतिधाम के संस्थापक और महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। शोभा यात्रा बेनीपुर होते हुए नंदापट्टी नदी से जल भरकर श्रद्धालु आशापुर टावर चौक से पुनः शान्तिधाम पहुंचे। इस दौरान पूरा माहौल "माता की जय" के जयकारों से गूंज उठा।

■ गुरु पूर्णिमा तक दिखती है अद्भुत तस्वीर



गुरु शांति धाम का आश्रम।

बिहार के कोने-कोने से ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल से भी सैकड़ों श्रद्धालु पूरे नवरात्र विशेष पूजा-अर्चना में शामिल होने यहाँ पहुंचते हैं। दिन में महिलाएं पारंपरिक साड़ियों में कलश लेकर गांव की गलियों से गुजरती हैं, तो रात में दीयों और भजनों के बीच आश्रम का दृश्य अलौकिक हो जाता है।

आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र

गुरु शान्तिधाम केवल नवरात्र तक सीमित नहीं है। यहाँ कन्या पूजन, प्रसाद वितरण और सत्संग जैसे कार्यक्रम सालभर चलते रहते हैं। रात के समय आश्रम परिसर में गेरुआ और गुलाबी वस्त्रों में संतों की टोली, कमल आकार का दीप-स्थल और मिट्टी के घड़ों में लगे पौधे यहाँ की शांति और सादगी को दर्शाते हैं।

मंदिर परिसर में पानी लगाने के विवाद मे बुजुर्ग के साथ मारपीट

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के परमानंदपुर गांव स्थित डिहवार बाबा मंदिर परिसर में पानी लगाने से मना करने पर एक बुजुर्ग और उनके परिवार के साथ मारपीट की गई। इस मामले में गांव के जगदेव यादव ने सिमरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। दिये आवेदन मे बताया है की बारह अक्टूबर को पड़ोसी दिलीप यादव, उनकी पत्नी मेनका देवी, रामबिलाश यादव और दिलीप की साली पर परिवार के सदस्यों को गाली देने लगा। विरोध करने पर धक्का-मुक्की कर उन्हें गिरा दिया गया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बहू के साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। वहीं बेटे रामनंदन कुमार यादव को कमरे में बंद कर मारपीट कर जेब से बत्तीस सौ रुपये छीनने बहू के गले से करीब दस ग्राम सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों व ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक रहना जरूरी

दरभंगा (एनएसबी)। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रामनगर, दरभंगा में सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को ह्यसाइबर सुरक्षा 2026 - जागरूकता संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने प्रशिक्षुओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग तथा व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।



पुलिस उपाधीक्षक बिपिन बिहारी व अन्य।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साइबर सेल, दरभंगा के पुलिस उपाधीक्षक बिपिन बिहारी, विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षण के उपनिदेशक सजाउद्दीन तथा मुख्य वक्ता एड्यूक्यूएक्स के संस्थापक सौरभ कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि बिपिन बिहारी ने साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखने तथा किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन और पासवर्ड साझा नहीं करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में समय पर संबंधित अधिकारियों और आधिकारिक शिकायत माध्यमों से संपर्क करने की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि सजाउद्दीन ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास के साथ डिजिटल सुरक्षा की जानकारी भी आवश्यक है। तकनीक का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग युवाओं को न केवल ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाता है, बल्कि उन्हें बेहतर डिजिटल नागरिक बनने में भी मदद करता है।मुख्य वक्ता सौरभ कुमार ने डिजिटल सेफ्टी के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट, ईमेल, डिजिटल पहचान और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के साथ-साथ फर्जी वेबसाइट, भ्रामक सूचनाओं तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयार किए जाने वाले डीपफेक वीडियो और नकली आवाज के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।संस्थान के प्राचार्य एवं मुख्य संरक्षक कुमार विकास रजक ने कहा साइबर सुरक्षा जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।इसलिए समय समय पर इस तरह के आयोजन शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होने चाहिए। उपप्राचार्य एवं संरक्षक बबलू कुमार यादव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सबसे ज्वलंत विषय साइबर सुरक्षा है जिसकी जागरूकता सभी के लिए अनिवार्य है। प्रतियोगिता में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के गणेश कुमार राम ने प्रथम, आईटी ट्रेड के गणपति कुमार साह ने द्वितीय तथा वायरमैन ट्रेड के अभिषेक कुमार मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रशिक्षुओं ने डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन सुशील पासवान ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रवि प्रकाश ने प्रस्तुत की।आयोजन में संयोजक रमाशंकर सिंह, कार्यक्रम समन्वयक सुशील पासवान, आश नारायण पासवान,राजीव कुमार,डी सी पी यादव,अंजना कुमारी,प्रियंका पटेल,निधि कुमारी,राधिका, नीतीश कुमार ठाकुर,अश्वनी कश्यप,रिचा ,दीपा,खुशी, निधि ,प्रियंका,राजीव विनय राम सहित संस्थान के सभी प्रशिक्षकगण, प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

बेंता में पंडाल के बगल से गुजर रहा 11000 बिजली करंट



बिजली तार के बगल में तैयार होता पंडाल।

दरभंगा (एनएसबी)। पूजा पंडाल के निर्माण में कोई मानक तय नहीं है। न हीं प्रशासन का इस ओर ध्यान है। पूजा पंडाल की ऊंचाई कितनी होनी चाहिए, कहां तार और पूजा पंडाल का गुंबद आपस में टकरा रहे हैं। पूजा समिति भी इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। सिर्फ उन्हें पूजा के आयोजन से मतलब है। अगर कोई अनहोनी होती है तो जिम्मेदार कौन होगा? इसका कोई आधिकारिक जवाब देने वाला नहीं मिला? यह बेंता स्थित पूजा पंडाल की ऊंचाई और वहां से गुजर रहे 11000 वॉल्ट तार की तस्वीर है।

एकजुटता से ही हमारी जीत संभव : पूर्व मंत्री

कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)। विधान परिषद चुनाव की स्नातक सीट को लेकर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक रामजानकी मंदिर (कुशेश्वरस्थान) में बृहस्पतिवार को हुई। उमाशंकर यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रत्याशी अनिल कुमार झा के पक्ष में एकजुट होने की अपील करते हुए पुर्व मंत्री अली अशरफ फातमी ने कहा कि राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा के पक्ष में जिताने वाली तैयारी होनी चाहिए। जिला में राजद के एक भी विधायक नही है यदि हमलोगों मेहनत करें तो यह सीट मिल सकती है। वही पुर्व विधायक फराज फातमी,सभा का संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष झरीलाल सदा ने किया।मौके पर जय प्रकाश पासवान, राजेन्द्र लाल साह, बबलु यादव, चन्द्र बली यादव, अब्दुल करीम फारुकि, मो. ईरसाद, हिरा पासवान, भोला राय, रामभजन सदा सहित दर्जनों उपस्थित थे।

परिषद चुनाव को ले बैठक

मारपीट व छीना- झपटी के दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज

जाले (कमतौल) (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में हुई मारपीट एवं छीना झपटी के आरोप में दो अलग अलग प्राथमिक दर्ज कराई गई है । प्रथम प्राथमिकी में पनिहारा गांव की मनोज यादव की पत्नी गीता देवी ने आरोप लगाया है कि बीते रविवार को मवेशी के लिए घास लेकर जब वह अपने घर लौट रही थी तभी रास्ते में विनोद यादव की पत्नी विभा देवी ने अपने घर के सामने दो पुत्री कंचन कुमारी एवं निशा कुमारी के साथ मिलकर उनसे मारपीट की और अपने घर के अंदर ले जा कर मार कर अधमरा कर दिया। पीड़िता ने कहा है कि कान में पहने बाली,गले का मंगलसूत्र और ब्लाउज में रखे 2530 रुपए भीआरोपियों ने छीन लिया और अचेत अवस्था में घर के बाहर फेक दिया ।समाज के लोगो ने सड़क से उठा कर उनका इलाज कराया है। थाना पुलिस के मुताबिक मामले की तहकीकात की जा रही है।। वहीं दूसरी प्राथमिकीमें उसरा गांव निवासी सोमन साह गुप्ता की पत्नी ऊषा देवी ने दर्ज करायाहै ,जिसमें आरोप है कि बीते सोमवार की संध्या करीब 5 बजे अपने खेत एवं बगीचे को देखने जा रही थी कि रास्ते में लोहे के रॉड, टेंगारी आदि से लैस गांव के ही गोनौर साह,दिलीप साह,अनिल साह,अमर साह ,विजय यादव समेत दस नामजदों ने घेर कर दुर्व्यवहार किया और बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया । जख्मी हालत में उनका उपचार डीएमसीएच दरभंगा में चल रहा था कि पुनः उपरोक्त नामजदों ने मंगलवार की सुबह घर में घुसकर कर वादिनी की पुत्री ममता कुमारी के साथ मारपीट कर गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया।मामले की तहकीकात पुलिस कर रही है ।

बंदियों को मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता, 26 से स्कूलों में चलेगा सुरक्षित बचपन अभियान



बैठक को संबोधित करते जिला जज।

दरभंगा (एनएसबी)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बंदियों,कानूनी संरक्षण में रह रहे बच्चों और सुरक्षित बचपन अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में चयनित शमनीय मामलों के बंदियों,महिला बंदियों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा नियमानुसार जमानत या रिहाई के लिए संबंधित न्यायालय में आवेदन कराने का निर्देश दिया गया।कानूनी संरक्षण में रह रहे बच्चों के रहन-सहन,स्वास्थ्य, खानपान और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विशेष निगरानी रखने को कहा गया।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में 26 से 31 अक्टूबर तक सुरक्षित बचपन अभियान का प्रथम सत्र आयोजित होगा।इसके तहत बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षा संबंधी कानूनों और व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।अभियान की तैयारी को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एनएच-527 ई. के निर्माण में 400 वर्ष पुराने पीर बाबा के मजार व कब्रिस्तान को बचाना जरूरी : पप्पू यादव

दरभंगा (एनएसबी)। राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-527 ई के निर्माण को लेकर दरभंगा के मौजा बेरईपट्टी में अवस्थित कब्रिस्तान एवं लगभग 400 वर्ष पुराने पीर बाबा के मजार को बचाने की मांग तेज हो गई है। इसी मांग को लेकर आयोजित धरना-प्रदर्शन में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शामिल हुए और स्थानीय लोगों की मांगों का समर्थन किया।

■ कहा - विकास के लिए ना हो किसी की आस्था धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों की अनदेखी



धरणा को संबोधित करते पप्पू यादव।

उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर किसी की आस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। सड़क का निर्माण जरूरी है, लेकिन ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए जिससे विकास भी हो और लोगों की धार्मिक भावनाएँ भी सुरक्षित रहें।

बेरईपट्टी स्थित पीर बाबा का मजार केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र के हिंदू-मुस्लिम सहित विभिन्न समुदायों की साझा आस्था का केंद्र है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उनके पूर्वजों की स्मृतियों और परंपराओं से जुड़ा यह स्थल लगभग चार सौ वर्ष पुराना है। मंदिर हो, कब्रिस्तान हो या ईदगाह—किसी भी धार्मिक स्थल के प्रति लोगों की आस्था का सम्मान किया जाना चाहिए। जब तक इस मामले का समाधान नहीं निकलता, वे स्थानीय लोगों की आवाज उठाते रहेंगे और मजार की सुरक्षा के लिए उनके साथ खड़े रहेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि डी पी आर तैयार करते समय इन मानकों और मजार एवं कब्रिस्तान की मौजूदगी का समुचित ध्यान नहीं रखा गया। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मांग की कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पूरे मामले की जानकारी लेकर सड़क की पूर्व निर्धारित एलाइनमेंट के अनुसार निर्माण की संभावनाओं पर विचार किया जाए, ताकि मजार, कब्रिस्तान और त्रिवेणी संस्कृत विद्यालय को नुकसान से बचाया जा सके।

शिव मंदिर, उर्दू बाजार व नीम चौक पर विलाशपुर काली मंदिर की तर्ज पर बनेगा पूजा पंडाल

समाज के सभी वर्गों का मिल रहा है साथ

पुनीत कुमार सिन्हा

दरभंगा। श्री श्री 108 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति शिव मंदिर,नीम चौक, उर्दू बाजार, दरभंगा के द्वारा इस बार दुर्गा पूजा का पंडाल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर काली मंदिर की तर्ज पर बनाया जा रहा है।विदित हो कि यहां वर्ष 1993 से दुर्गा पूजा हो रही हैं और इस बार 34 वां पूजनोत्सव है। इस बार समिति के अध्यक्ष- शिवनाथ कुमार शर्मा अधिवक्ता, सचिव-कृष्णा कुमार, कोषाध्यक्ष-पप्पू कुमार महतो,सह कोषाध्यक्ष- विकास कुमार, संरक्षक - मनमोहन झा, अशोक राज, शशि कुमार नीलू, वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक केसरी तथा अमर कुमार बनाये गए हैं।

आचार्य के रूप में पंडित गौतम कुमार झा पूजा में लगे हुए हैं,जबकि मूर्तिकार बाजितपुर, दरभंगा निवासी दिलीप पंडित दुर्गा माता सहित गणेश जी, कार्तिकेय जी, लक्ष्मी जी, सरस्वती जी एवं अन्य मूर्तियों को बनाने में लगे हुए हैं।इस बार दुर्गा जी के मूर्ति का स्वरूप नटराज की तरह होगा,जबकि महिषासुर का स्वरूप ड्रैगन की तरह होगा। सजावट संतोष इलेक्ट्रिक, भीगो के द्वारा किया जा रहा है और सजावट का काम प्लास्टिक के चम्मच,लकड़ी का कुन्नी तथा कागज के छोटे कप के द्वारा द्वारा किया जा रहा है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष दुर्गा पूजा में समिति की ओर से तकरीबन बारह लाख रुपये खर्च हुए थे और इस बार चौदह लाख रुपये से ऊपर खर्च होने के आसार हैं। विदित हो कि यह पूजा 1993 में जब स्थापित की गई थी, उस समय अध्यक्ष स्वर्गीय महेश्वर प्रसाद चौबे थे, जबकि सचिव स्वर्गीय सत्यनारायण पूर्वे थे। इस बार सप्तमी से लेकर दसवीं तक पूजा एवं मेला चरम पर रहने की संभावना है,जबकि 34 वां पूजन- महोत्सव के अवसर पर कलश शोभा यात्रा 16 अक्टूबर, 2026 शुक्रवार को सुबह निकाली जाएगी जो उर्दू बाजार, नाका नंबर 5, खानकाह चौक, भगवानदास मोहल्ला, जेपी चौक, नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, दरभंगा टावर चौक, कालीस्थान,किलाघाट होते हुए पुनः पूजा- पंडाल तक वापस आएगी। सचिव कृष्णा कुमार ने बताया कि ने इस बार पंडाल पर अद्भुत लाइट शो की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इस पूजा में समाज के सभी समुदाय एवं सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है। 21 अक्टूबर,2026 को सुबह प्रतिमा विसर्जन होगा, जिसमें भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल होंगी।



विलाशपुर काली मंदिर की तर्ज पर बन रहा पंडाल,खरे पूजा के पदाधिकारीगण।

माँ की संध्या आरती में उमड़ रही भीड़, छोटा पर रहा पंडाल



सनहपुर में संध्या आरती में श्रद्धालुओं की भीड़।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। क्षेत्र के सनहपुर, मोहनपुर, भरवाड़ा,कलिगांव, सिंहवाड़ा, सिमरी, सढवारा, माधोपुर आदि गांव मे दुर्गा पुजा को लेकर पूजा पंडालों मे संध्या आरती के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने पूजा पंडाल छोटा पड़ता जा रहा है। सनहपुर पुजा कमिटी के मिडिया प्रभारी गुड्डू चौरसिया ने बताया की यहां 16 वर्षो से मां दुर्गा के प्रतिमा की पुजा हो रही है। ललित झा,अमित कुमार, सुमन कुमार, धर्मेंद्र नाई, गोविंद ठाकुर, शंभू भगत, मनीष, सोनू, ललित झा, देवानंद कर्ण, हृदय नारायण झा आदि ने बताया की मां दुर्गा के भोग आरती एवं प्रतिमा के सामने बने भव्य पंडाल में पौराणिक संस्कृति का प्रतिक झिझिया को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

■ कई पूजा पंडालों में चल रहा भजन कीर्तन, झिझिया

धीरेंद्र मोहन मिश्र ने बताया कि आरती के बाद महा प्रसाद का वितरण किया जाता है।सनहपुर के ग्यानवी, काव्या, रानी, रेखा, पूजा, नितू, सोनी, गीता देवी, रिता देवी, सिला देवी आदि ने बताया आरती में भाग लेने के लिए श्रद्धालु समूह बनाकर आरती की थाल लिए हुए पूजा पंडाल में पहुंच जाते हैं। कटका पंचायत के मुखिया कुमार किसलय के मुताबिक मोहनपुर मे पिछले लगभग 45 वर्षो से दुर्गा पुजा हो रहा है। मोहनपुर की रूना देवी, दहशील की शुशीला देवी, मुन्नी देवी, पैरा की लक्ष्मी देवी ने बताया की कलश स्थापित होने बाद से संध्या आरती मे आसपास के गांव से श्रद्धालु शामिल होने आते है। नगर पंचायत भरवाड़ा के पुजा पंडाल मे आरती शुरू होते ही महिला, पुरूष, बच्चे, पहले कतारबद्ध हो कर चल रहे भजन, कीर्तन एवं प्रवचन की बह रही धारा में श्रद्धालुओं गोता लगा रहे है। आरती के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सिंहवाड़ा थ थाना की पुलिस मौके पर मौजूद रहती है।

बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल, डीएमसीएच रेफर

बेनीपुर (एनएसबी)। आशापुर-अलीनगर मुख्य मार्ग में नंदापट्टी चौक के समीप एक अधेड़ महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल की पहचान अलीनगर थाना क्षेत्र के गरौल निवासी मोहम्मद नशार की पत्नी 45 वर्षीय इशरत प्रवीण के रूप में हुई है। उन्हें घायलावस्था में बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया गया।परिजनों के अनुसार महिला गरौल से बाइक पर पीछे बैठकर आशापुर किसी निजी काम से जा रही थी।

केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया सांसद का जन्मदिन

दरभंगा (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद तथा लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर का 57 बा जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दरभंगा शहर के साथ साथ विभिन्न प्रखंडों में उत्साह से सांसद का जन्मदिन मनाया गया तथा बधाई दी गई।

केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने परिसदन में सांसद डा ठाकुर को पाग अंगवस्त्र से सम्मानित कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। वहीं पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी मंत्री नीतीश निश्रा, मंत्री रामचंद्र प्रसाद, सांसद डा अशोक यादव, सांसद डा धर्मशिला गुप्ता पूर्व मंत्री हरि सहनी, विनोद नारायण झा, एमएलसी घनश्याम ठाकुर, पूर्व एमएलसी हरिभूषण ठाकुर, पूर्व एमएलसी विनोद सिंग, मधुबनी के जिला अध्यक्ष प्रभांशुझा ने भी सांसद को भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।दरभंगा शहर में पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष सपना भारती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिथिला पेंटिंग से बने सांसद का तैल चित्र भेंट दी। महाराजा होटल के सभागार में यूनियन बैंक के अधिकारियों ने केक काटकर सांसद को जन्मदिन की बधाई दी।वही दरभंगा पश्चिमी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभयानंद झा तथा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान के नेतृत्व में भी कार्यकताओं ने उत्साह से सांसद का जन्मदिन मनाया।



सांसद को मोमेंटो भेंट करते कार्यकर्ता।

संक्षिप्त खबरें

औंसी थाना का सर्किल इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने किया औचक निरीक्षण, दिए अहम दिशा-निर्देश



निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

बिस्फी (एनएसबी)। औंसी थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर बेनीपट्टी सर्किल इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने औंसी थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार भगत को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती तेज करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्किल इंस्पेक्टर के इस औचक निरीक्षण को थाना क्षेत्र में पुलिसिंग मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पटवारा उत्तरी पंचायत प्रखण्ड राजनगर स्तरीय जेंडर फोरम की मासिक बैठक आयोजित



बैठक करते।

मधुबनी (एनएसबी)। मधुबनी जिले में पंचायत स्तर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत स्तरीय जेंडर फोरम की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में *बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, लैंगिक भेदभाव, सरकार द्वारा चलाया गया कल्याणकरी विभिन्न योजनाओं एवं जेंडर समानता* जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान हेतु सामुदायिक सहभागिता एवं विभागीय समन्वय को मजबूत करना था। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, जीविका, की महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविकाओं तथा संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ *वन स्टॉप सेंटर मधुबनी, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन मधुबनी एवं की टीम ने सहभागिता की।

1213 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद की

लदनियां (एनएसबी)। भारत - नेपाल सीमा से लदनियां थाना पुलिस ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए 1213 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद की है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी एवं सीमा पर एस एस बी के तैनाती के साथ साथ पुलिस टीम के पैनी नजर के बीच शराब, गांजा, ब्राउन सूगर,मादक व प्रतिबंधित दवाएं का तस्करी जारी है। हालांकि लदनियां पुलिस ने लदनियां थाना क्षेत्र में बार-बार तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने से परहेज नहीं कर दर्जनों तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेजा है।इसी अभियान में लदनियां पुलिस टीम को बड़ी सफलता एस आई रुपा कुमारी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए योगिया गांव के पास से भारी मात्रा में नेपाल निर्मित शराब बरामद किया है। थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक मुकुल रंजन कुमार सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना के एस आई रुपा कुमारी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी का जगह चिन्हित किया, जहां से पुलिस टीम को 1213 लीटर अवैध नेपाली शराब के साथ साथ शराब तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे तीन चक्का वाहन को भी जप्त किया है। इस संबंध में लदनियां थाना कांड संख्या 435/26 धारा 274/272/3(5)बीएनएस और बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्करों के विरुद्ध जांच शुरू कर दिया गया। थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक मुकुल रंजन कुमार सिंह के अनुसार पुलिस टीम मादक पदार्थ,सुखा नशा एवं शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

शिक्षकों के सवाल पर लगातार संघर्ष करते रहे हैं रामदेव राय



बैठक करते नेता।

मधुबनी (एनएसबी)। आज भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मधुबनी जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप झा और कलुआही सीपीएम लोकल कमिटी सचिव अशोक झा ने 05 दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के प्रत्याशी रामदेव राय जी के पक्ष में लगातार जनसंपर्क अभियान तेज कर दिए हैं, माकपा नेता दिलीप झा ने त्रिलोक नाथ+2 विद्यालय कलुआही,भलनी+2 विद्यालय,भी एस एम उच्च विद्यालय+2 नरार में सभी शिक्षक मतदाताओं से अनुरोध करते हुए दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र से संघर्षशील उम्मीदवार रामदेव राय जी को प्रथम वरियता का मत क्रमांक 04 पर देकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील किया, उन्होंने कहा कि शिक्षक मतदाताओं के वर्ग में रामदेव राय जी के प्रति काफी उत्साहित हैं और सभी विद्यालयों के शिक्षक मतदाताओं ने कहा कि हमारे अधिकार,हक, सम्मान,रज्ञा के लिए मुखर आवाज बन चुके हैं रामदेव राय जी हम सभी शिक्षक एकजुट होकर संघर्षशील उम्मीदवार रामदेव राय जी को विजय बनाएंगे, माकपा नेता झा ने कहा कि रामदेव राय का जीवन काफी सादगी और संघर्ष के प्रतीक है और सड़क से लेकर विधान परिषद में शिक्षक के सवालों को पुरजोर से उठाएंगे और उनके अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी शिक्षक मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपना बहुमूल्य वोट रामदेव राय जी को प्रथम वरियता को देने का अनुरोध कर अपील किया, उन्होंने कहा कि रामदेव राय लम्बे अरसे से शिक्षकों के बीच रहते आ रहें हैं।

जिला स्तरीय वासंतिक (रबी) महाभियान व अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

मधुबनी (एनएसबी)। कृषि विभाग एवं आत्मा, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में नगर भवन, मधुबनी में 'जिला स्तरीय वासंतिक (रबी) महाभियान' एवं 'अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा के निदेर्शानुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री तुषार कुमार (भा०प्र०से०), उप विकास आयुक्त, मधुबनी रहे।



कार्यक्रम में संबोधित करते जिला कृषि पदाधिकारी।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री तुषार कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक (आत्मा) श्री सुदामा ठाकुर* वं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत, जिला कृषि पदाधिकारी श्री सुदामा ठाकुर ने रबी महाभियान के उद्देश्यों तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों तक कृषि योजनाओं का लाभ पहुँचाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, वर्तमान में उर्वरक वितरण हेतु नई डिजिटल प्रणाली " के माध्यम से किसानों तक सुगमता से खाद उपलब्ध कराने की बात कही। उप विकास आयुक्त, मधुबनी ने कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विभागीय योजनाओं; यथा— बीज वितरण, एग्री स्टैक परियोजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष/दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दीं तथा महिला किसानों को कृषि विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय पदाधिकारियों ने किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, आधुनिक तकनीकों तथा विभिन्न कृषि योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र, बसैठ के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान मंगलानंद झा ने गेहूँ एवं रबी मक्का की वैज्ञानिक खेती, उन्नत उत्पादन तकनीकों तथा बेहतर उपज प्राप्त करने के उपायों पर जानकारी दी। श्री सौरभ कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने रबी फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों के प्रभावी प्रबंधन के बारे में बताया। झंझारपुर के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी श्री सुशांत कुमार ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। डॉ. बीरेन्द्र कुमार, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) ने आत्मा के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों, कृषक प्रशिक्षण, प्रक्षेत्र प्रदर्शन, कृषक गोष्ठी तथा किसानों की क्षमता संवर्धन से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) श्री संजय कुमार ने कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले लाभों एवं कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में बताया। सहायक निदेशक (शस्य) डॉ. मनीष राज ने रबी मौसम में उगाई जाने वाली दलहनी फसलों की आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी। श्री कृति कुमार ने मृदा स्वास्थ्य एवं प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। इसके अतिरिक्त, कृषि एवं संबद्ध विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कृषि समन्वयक श्रीमती निधि ने कृषि क्षेत्र में महिला किसानों की भूमिका, कृषि कार्यों में उनके योगदान तथा कृषि उत्पादन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उनकी भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही विभिन्न इंडिकेटर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित भी किया गया! इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा कृषि विभाग के सभी क्षेत्रीय कर्मियों सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों एवं किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना, कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, आधुनिक कृषि तकनीकों को प्रोत्साहित करना तथा कृषि क्षेत्र में महिला किसानों की भागीदारी और सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था।

बेनीपट्टी के बेहटा गांव में विराजमान हैं मां पिंडी भगवती

■ सवा महीने दीप जलाने से पूरी होती हैं मनोकामनाएं, पिंडेश्वरी माता कुलदेवी के रूप में करती हैं भक्तों की रक्षा

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी प्रखंड के बेहटा गांव स्थित बेहटा काली स्थान में मां पिंडी भगवती विराजमान हैं। श्रद्धालुओं के बीच मां के प्रति गहरी आस्था है। मान्यता है कि मां के दरबार में सवा महीने तक दीप जलाने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शारदीय और चैती नवरात्र के दौरान यहां पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। बेनीपट्टी प्रखंड कार्यालय से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर बेहटा में स्टेट बैंक के समीप स्थित काली स्थान में मां पिंडी स्वरूप में विराजमान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, मां पिंडेश्वरी भगवती कुलदेवी के रूप में भक्तों की रक्षा करती हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। सुबह और शाम आरती के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा स्थानीय जनश्रुति के अनुसार, मां काली सैकड़ों वर्षों से यहां पिंडी स्वरूप में विराजमान हैं। बताया जाता है कि मां ने यहां के पुजारी को आशीर्वाद स्वरूप अपनी प्रतिमा देकर बेहटा गांव में स्थापित कर पूजा-अर्चना करने का निर्देश दिया था। उस समय गांव में वर्तमान मंदिर स्थल के आसपास घना जंगल हुआ करता था। मान्यता है कि मां के निर्देश पर पुजारी ने प्रतिमा स्थापित कर पूजा शुरू की। कुछ दिनों बाद पड़ोसी गांव के लोग प्रतिमा को चुराकर ले गए। जानकारी मिलने पर बेहटा गांव के लोग प्रतिमा को वापस ले आए। इस तरह तीन-चार बार प्रतिमा ले जाने और वापस लाने का सिलसिला चला। इसके बाद मां ने पुजारी को स्वप्न देकर निर्देश दिया कि प्रतिमा को कहीं और ले जाने के बजाय इसी स्थान पर पिंडी स्थापित कर पूजा की जाए। तभी से मां की पूजा इसी पिंडी स्वरूप में होती आ रही है। नवरात्र में विशेष पूजा-अर्चना शारदीय नवरात्र के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नवरात्र के दौरान सुबह और शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। भक्त मां के दरबार में दीप जलाकर सुख, समृद्धि, आरोग्य और मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं। स्थानीय पुजारी लक्ष्मीकांत झा, संजय झा, प्रो. रामनारायण झा और आनंद कुमार झा बताते हैं कि पिंडेश्वरी माता यहां कुलदेवी के रूप में विराजमान होकर भक्तों की रक्षा करती हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से मां की आराधना करने वालों पर उनकी कृपा बनी रहती है।

दरभंगा शिक्षक-स्नातक सीट पर कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान तेज, दोनों उम्मीदवारों की जीत का दावा

■ कृष्ण कांत झा 'गुड्डू' ने स्कूल-कॉलेजों में शिक्षकों से की मुलाकात, डॉ. मदन मोहन झा और रजनीकांत पाठक के समर्थन की अपील



जन संपर्क करके कांग्रेसी नेता।

मधुबनी (एनएसबी)। दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कांत झा ह्यगुड्डूह्ल ने सहयोगियों के साथ विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों का दौरा कर शिक्षकों से संपर्क किया। उन्होंने कांग्रेस के शिक्षक उम्मीदवार डॉ. मदन मोहन झा और स्नातक उम्मीदवार रजनीकांत पाठक के पक्ष में मतदान की अपील की। शिक्षकों से संवाद के दौरान श्री झा ने कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में एकजुट होकर मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मदन मोहन झा शिक्षकों के बीच अपनी लोकप्रियता, सरल स्वभाव, मधुर व्यवहार और शिक्षक हितों के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि शिक्षकों के बीच उम्मीदवारों को मिल रहा समर्थन कांग्रेस की जीत की संभावनाओं को मजबूत कर रहा है। कृष्ण कांत झा ह्यगुड्डूह्ल ने दावा किया कि दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन, कार्यकताओं और समर्थकों के सहयोग से चुनावी अभियान को और व्यापक बनाएगी। आने वाले दिनों में अधिकाधिक मतदाताओं तक कांग्रेस की विचारधारा और उम्मीदवारों की प्राथमिकताओं को पहुंचाने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं का विश्वास कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षकों की एकजुटता और संगठन की सक्रियता से चुनाव में सकारात्मक परिणाम की पूरी उम्मीद है। जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील कुमार झा, प्रो. अकील अंजुम, पूर्व मुखिया मो. साबिर, विभूति पांडेय, कुलदीप झा सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

14.6 किलोग्राम गांजा एवं 66.56 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद एवं एक अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार तस्कर।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निदेर्शानुसार मधुबनी पुलिस द्वारा जिलान्तर्गत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी अभियान के तहत लदनियां थाना पुलिस एवं एस एस बीकी संयुक्त कार्रवाई में दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। लदनियां थाना की पुलिस टीम गश्ती एवं आसूचना संकलन के क्रम में थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बैग में गांजा छिपाकर लदनियां से चिकनोटवा होते हुए खाजेडीह चूड़ामिल की ओर जाने वाला है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार प्रतिनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी, लदनियां एवं सशस्त्र बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर खाजेडीह चूड़ामिल से चिकनोटवा मार्ग पर नाकेबंदी की गई। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दो बैग लेकर आते दिखा, जो पुलिस वाहन को देखते ही बैग सड़क पर फेंककर भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। विधिवत तलाशी के दौरान दोनों बैगों से कुल 14.600 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक की पहचान अरुण कुमार महतो, पे०- रामवृक्ष महतो, साकिन- कसहा, थाना- धनगढ़ी, जिला- सिरहा (नेपाल) के रूप में की गई।

गोसाई बाबा की पूजा करने से सभी मुरादे होती है पूरी



गोसाई बाबा।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के दुलहा गांव मे स्थित गोसाई बाबा का मंदिर श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना करने से भक्तो की हर मनोकामना पूरी होती है. मान्यता है कि किसी भी भक्तों को खाली हाथ आज तक लौटना नहीं पड़ा है. वैसे तो यहां पुरे वर्ष यहां बहुत नियम और सच्ची निष्ठा से पुजा अर्चना होती है. लेकिन शारदीय नवरात्रा शुरू होते ही यहां भक्तो मे गजब की ऊर्जा देखने को मिलती है..नवरात्रा के 10 दिन समिति के द्वारा भव्य पूजा के साथ उत्तम व्यवस्था की जाती है. नवमी तिथि को यहां बलिप्रदान होता है जिन भक्त का मनोकामना पुर्ण हो गया रहता है वो काला छागर का बली देते हैं। दुर दुर के गांव से भक्त यहां अपना मनोकामना लेकर आते है और हंसते हुए जाते है. जिला के अलावा अन्य जिला से भी भक्तो कि लंबी कतार दिनभर लगी रहती है. वही बाबा गहबर से मात्र 25 से 30 मीटर के दुरी पर मां जगतजननी जगदंबा का मंदिर भी स्थित है. जहां हर वर्ष मां दुर्गा की आराधना धुम धाम से कि जाती है. यहां रात्रिकालीन आरती का भव्य रुप भक्तो को भक्तीलिन कर देती है. साथ ही दिन में भागवत कथा का भी आयोजन होता है. यहां मां दुर्गा की वैष्णवी रुप में पुजा होती है. दुलहा गांव भक्ती के लिए ही जाना जाता है यहां कुछ दूरी पर हनुमान मंदिर,महादेव मंदिर एवं ठाकुरबारी प्रभु श्रीराम का मंदिर भी स्थित है सभी मंदिर का अलग पहचान है।

मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान व श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की गई



पूजा करते पंडित।

मधुबनी (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन मधुबनी शहर और आसपास के देवी मंदिरों तथा पूजा पंडालों में मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों और पंडालों में सुबह से ही दुर्गा सप्तशती के पाठ, मंत्रोच्चार और आरती के कारण पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।

प्रमुख स्थानः शहर के विभिन्न देवी मंदिरों, जैसे सप्ता, गिलेशन बाजार, गंगासागर काली मंदिर परिसर, कोतवाली चौक, रांटी, मंगरौनी, पिलखवार, आदर्श नगर, भौआड़ा एवं बसोपट्टी (वैष्णवी दुर्गा पूजा) सहित अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। काली मंदिर परिसर हो रहे शारदीय दुर्गा पूजा में आचार्य पंडित बालकृष्ण जी ,पंडित सोमनाथ झा एवं अन्य विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रों और दुर्गा सप्तशती के पाठ से भक्तिमय वातावरण रहा। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूप और उनकी उपासना का वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक पक्ष ब्रह्मांडीय ऊर्जा, प्रकृति के बदलाव और मानव शरीर के चक्रों से जुड़ा हुआ है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में मां दुर्गा को केवल एक देवी नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड की गतिमान सर्वोच्च चेतना (चित-शक्ति) और आदिशक्ति माना गया है। 'दुर्गा' शब्द का शाब्दिक और आध्यात्मिक अर्थ है ,जिसे कठिनता से प्राप्त किया जा सके (अभेद्य दुर्ग) और जो भक्त के जीवन की सभी दुर्गति (संकट, अज्ञान और दुखों) का नाश करने वाली हो।

नवदुर्गा में मां कात्यायनी का छठा स्वरूप आध्यात्मिक ऊर्जा, योग और मानसिक शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भारतीय दर्शन और योग विज्ञान में इनकी आराधना का सीधा संबंध शरीर के ऊर्जा तंत्र और मानसिक स्थिरता से जोड़ा जाता है। आंतरिक 'महिषासुर' यानी आलस्य, भ्रम और नकारात्मक विचारों को समाप्त करने के लिए मानसिक दृढ़ता आवश्यक मानी गई है, जिसे इस रूप की ऊर्जा से जोड़ा जाता है। मां कात्यायनी की साधना से व्यक्ति के भीतर एकाग्रता, मानसिक स्पष्टता और अदम्य इच्छाशक्ति का विकास होता है। कात्यायन' शब्द का अर्थ है द्रष्टा या साक्षी बनना अर्थात अपने मन और शरीर से खुद को अलग मानकर विचारों को तटस्थ रूप से देखना।इसी द्रष्टा भाव और गहरी बौद्धिक क्षमता के कारण मां कात्यायनी को विज्ञान, तर्क और गहन शोधकार्य की प्रेरणा देने वाली देवी के रूप में भी देखा जाता है। पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि ज्योतिष और आध्यात्म में मां कात्यायनी (माँ दुर्गा का छठा स्वरूप) का विशेष महत्व माना गया है। ज्योतिषी दृष्टिकोण से उनका संबंध प्रमुख ग्रहों, चक्रों और जीवन के विशेष पहलुओं से है ज्योतिष में मां कात्यायनी को देवगुरु बृहस्पति का नियंत्रक और अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। जिन लोगों की कुंडली में गुरु ग्रह कमजोर, नीच या अशुभ फल दे रहा हो, उन्हें मां कात्यायनी की उपासना से लाभ मिलता है।

मुजफ्फरपुर के मोतीपुर स्थित महवल औद्योगिक क्षेत्र में मेगा लेदर फुटवियर एवं एसेसरीज क्लस्टर और सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन

मुजफ्फरपुर व दरभंगा में भी बनेंगे इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग औद्योगिक क्लस्टर : मुख्यमंत्री

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। वर्ष 2030 से पहले बिहार से बाहर मजदूरी करने जाने वाले लोगों को हर हाल में राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसके लिए राज्य में उद्योगों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा। बिहार में उद्योगों की स्थापना, निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के विस्तार से राज्य की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। बिहार के लोगों में काम करने की क्षमता और प्रतिभा है। जरूरत इस बात की है कि उन्हें अपने ही राज्य में रोजगार और उद्यम के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर प्रखंड स्थित महवल औद्योगिक क्षेत्र में 140.95 करोड़ की लागत से निर्मित मेगा लेदर, फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर तथा साझा सुविधा केंद्र का उद्घाटन करने के पश्चात समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर के पताही में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण की दिशा में काम हो रहा है। शहर में ऐसी व्यवस्था विकसित करने का प्रयास है, जिससे यहां के उत्पादों की पैकेजिंग और विपणन की प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर पूरी की जा सके और सामान सीधे देश-विदेश के बाजारों तक भेजा जा सके। मुजफ्फरपुर में ड्राई पोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित होने से कारोबारियों को अपने उत्पाद दूसरे शहरों तक ले जाने के लिए अतिरिक्त


फीता काटकर मेगा लेदर एसेसरीज कलस्टर का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।



जीविका समूह की लखपति दीदियो से मिलते मुख्यमंत्री।

व्यवस्था पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे स्थानीय उद्योगों को लाभ मिलेगा और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का उल्लेख करते हुए कहा कि गया में इसके विकास की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और दरभंगा में भी इस तरह के औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर, पटना और गया के बीच आवागमन को सुगम बनाने के लिए रैपिड रेल चलाने की योजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत मुजफ्फरपुर से पटना और पटना से गया तक तेज रेल संपर्क विकसित करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। इसके शुरू हो जाने से मुजफ्फरपुर से पटना लगभग 30 से 40 मिनट में और गया लगभग एक से डेढ़ घंटे में पहुंचना संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेगा लेदर, फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर का शुभारंभ बिहार के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे राज्य के लिए शुभ अवसर बताते हुए कहा कि लगातार औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से बिहार की अर्थव्यवस्था में बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री ने लेदर पार्क से जुड़े उद्यमियों और संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि उद्योग विभाग के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के साथ समझौते किए गए हैं जिससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी और बिहार आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से बिहार में निवेश करने और राज्य के विकास में भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहीद जुब्बा सहनी जी के नाम पर मुजफ्फरपुर में वास्तुकला विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। उच्च शिक्षा की सुविधाएं बढ़ने से नई पीढ़ी को तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर देश-दुनिया के औद्योगिक मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और बेहतर परिवहन संपर्क जैसी सुविधाओं के विकास से मुजफ्फरपुर की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक पार्क पर आधारित वीडियो फिल्म दिखाई गई जिसमें दिखाया गया कि बिहार कैसे इंडस्ट्री हब की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम मे पहुंचने पट उद्योग विभाग के सचिव ने कार्यक्रम में अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने क्लस्टर में उपलब्ध करायी गयी विभिन्न सुविधाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन एवं भ्रमण किया। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों को शेड एवं भूमि आवंटन पत्र वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री के समक्ष उद्योग विभाग और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद वीणा देवी, विधायक शंकर प्रसाद, विधायक आदित्य कुमार, विधायक अजय कुमार, विधायक रंजन कुमार, विधायक कोमल सिंह, विधायक अजीत कुमार, विधायक राजू कुमार सिंह, विधायक अरुण कुमार सिंह, विधायक बेबी कुमारी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, महापौर विमला साहू, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, बियाडा के प्रबंध निदेशक सह सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार, उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, डीएम कुमार गौरव, एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण, निवेशकगण, उद्यमीगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

औद्योगिक इकाई के लिए जमीन उपलब्ध कराए प्रशासन : सम्राट

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर को निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बताते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में निवेश के अवसर हैं, लेकिन मुजफ्फरपुर में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों की विशेष रुचि दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पटना के आसपास कई जिले होने के बावजूद मुजफ्फरपुर में कारोबार और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है।


उद्घाटन के पश्चात समारोह को संबोधित करते सम्राट चौधरी।

उन्होंने जिला प्रशासन को उद्योगों के लिए भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि जमीन आवंटन में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सरकार उपलब्ध भूमि को विकसित कर उद्योगपतियों को आवंटित करने की दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन उपलब्ध कराना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण के संबंध में कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी जमीन सरकार को देना चाहता है, तो उसे निर्धारित राशि से 10 प्रतिशत अधिक भुगतान करने की नीति बनाई गई है। इसका उद्देश्य भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सुगम बनाना और औद्योगिक परियोजनाओं को गति देना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को 10 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें पांच लाख रुपये अनुदान के रूप में और शेष पांच लाख रुपये कम ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं को अपना उद्योग शुरू करने और रोजगार सृजित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उद्योग जगत से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं से अपने शोध और स्टार्टअप संबंधी प्रस्ताव बिहार टेक सहित संबंधित मंचों पर प्रस्तुत करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग विभाग ऐसे प्रस्तावों को सहयोग देने की दिशा में काम करेगा, ताकि युवाओं के नवाचार को व्यावसायिक रूप दिया जा सके।


समारोह मे उपस्थित अन्य जन प्रतिनिधि गण।

संक्षिप्त खबरें

त्योहारों में यात्रियों को मिलेगी मुफ्त रात्रि बस सेवा, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक होगा परिचालन, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को मिलेगी राहत

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। त्योहारों के मौसम में घर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस ने सराहनीय पहल की है। रेलवे जंक्शन पर देर रात उतरने वाले यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जिला पुलिस ने निःशुल्क रात्रि बस सेवा शुरू की है। इस पहल से खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के साथ यात्रा करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। अब यात्रियों को देर रात सुनसान सड़कों पर वाहन तलाशने और मनमाना किराया देने की परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। बुधवार की देर रात पुलिस लाइन से वरीय पुलिस अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को मुजफ्फरपुर जंक्शन के लिए रवाना किया। सेवा का शुभारंभ एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र, नगर पुलिस अधीक्षक मोहिबुल्लाह अंसारी और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह प्रभाकर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों में



पुलिस द्वारा शुरू की गई रात्रि बस सेवा का हरी झंडी दिखाते एसएसपी।

उत्साह देखा गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय आम लोगों की मदद करना भी उसका दायित्व है। त्योहारों के दौरान दूसरे प्रदेशों से बड़ी संख्या में लोग अपने घर लौटते हैं। देर रात ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। पुलिस प्रशासन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, दुर्गा पूजा के दौरान यह निःशुल्क बस सेवा 22 अक्टूबर तक संचालित होगी। वहीं, दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए 6 नवंबर से 17 नवंबर तक भी इस सेवा का संचालन किया जाएगा। बस रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेगी। मुजफ्फरपुर जंक्शन से चलने वाली बस शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और बस पड़ावों तक यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने में मदद करेगी। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि त्योहारों के दौरान रात में ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार ऑटो और टैक्सी चालकों द्वारा यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर अधिक किराया वसूलने की शिकायतें भी सामने आती हैं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने निःशुल्क बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। बस पर ह्यमुजफ्फरपुर पुलिस जनता की सेवा में सदैव तत्परह्ण का संदेश अंकित किया गया है। पुलिस की इस पहल से त्योहारों में घर लौटने वाले लोगों को सुरक्षित यात्रा का भरोसा मिलेगा। साथ ही, यह कदम पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक कबड्डी चैंपियनशिप 2026 मे तिरहुत प्रमंडल बना बिहार राज्य चैंपियन, मगध को हराकर जीता खिताब

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक कबड्डी प्रतियोगिता 2026 का आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं सकूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आरा भोजपुर एसजीएफआई पर संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में तिरहुत प्रमंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मगध प्रमंडल को हराकर बिहार राज्य चैंपियन 2026 का खिताब अपने नाम किया। तिरहुत प्रमंडल टीम में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, पूर्वी चंपारण सहित तिरहुत प्रमंडल के चयनित खिलाड़ी शामिल थे। सभी खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल, रेड और डिफेंस के बेहतरीन तालमेल से जीत हासिल की। विजेता टीम को बीएसएसए द्वारा ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र एवं विनर बैनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति एवं अधिकारियों ने तिरहुत प्रमंडल टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पूरे तिरहुत क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है और यह टीम आगामी एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी।

बिजली सुरक्षा को लेकर सख्ती 75 पूजा समितियों को नोटिस

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। मुजफ्फरपुर शहर की पूजा समितियों को बिजली सुरक्षा के निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूजा पंडालों में बिजली व्यवस्था के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेने की प्रक्रिया और लोड के अनुसार शुल्क दरें भी निर्धारित की गई हैं। शहरी वन डिवीजन के कार्यपालक अभियंता विजय कुमार ने बताया कि शहर की 75 प्रमुख पूजा समितियों को इस संबंध में औपचारिक नोटिस भेजा गया है। नोटिस के माध्यम से सुरक्षा मानकों की जानकारी देते हुए समितियों को समय पर अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए पूजा समितियों को आधार कार्ड के साथ संबंधित कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा। आवेदन मिलने के बाद विभाग की ओर से जल्द से जल्द वैध कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विद्युत विभाग ने पूजा पंडालों में बिजली से होने वाले हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य किया है। पंडालों की सजावट और बिजली व्यवस्था में कटे-फटे या असुरक्षित जोड़ वाले तारों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। पंडालों को बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर और 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तारों से सुरक्षित दूरी पर बनाने का निर्देश दिया गया है। शॉर्ट सर्किट और ओवरलोडिंग से आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यकता के अनुसार अच्छी गुणवत्ता वाली एमसीबी लगाना भी जरूरी होगा।

विभाग की ओर से अस्थायी विद्युत कनेक्शन के लिए लोड के अनुसार शुल्क निर्धारित किया गया है। एक किलोवाट के लिए 1,878 रुपये, दो किलोवाट के लिए 2,806 रुपये, तीन किलोवाट के लिए 3,734 रुपये, चार किलोवाट के लिए 4,662 रुपये और पांच किलोवाट के लिए 6,840 रुपये शुल्क तय किया गया है। इसी तरह छह किलोवाट के लिए 7,768 रुपये, सात किलोवाट के लिए 8,697 रुपये, आठ किलोवाट के लिए 9,625 रुपये, नौ किलोवाट के लिए 10,553 रुपये और दस किलोवाट के लिए 11,481 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

वहीं, 11 किलोवाट के लिए 12,409 रुपये, 12 किलोवाट के लिए 13,337 रुपये, 13 किलोवाट के लिए 14,265 रुपये, 14 किलोवाट के लिए 15,193 रुपये और 15 किलोवाट के लिए 16,121 रुपये शुल्क निर्धारित है। इसके अलावा 16 किलोवाट के लिए 17,049 रुपये, 17 किलोवाट के लिए 17,977 रुपये, 18 किलोवाट के लिए 18,905 रुपये, 19 किलोवाट के लिए 19,834 रुपये और 20 किलोवाट के लिए 20,762 रुपये शुल्क तय किया गया है। विद्युत विभाग ने सभी पूजा समितियों से समय रहते वैध अस्थायी कनेक्शन लेने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है।

सिलीगुड़ी से आ रही यात्री बस में मिली विदेशी शराब की खेप

शराब कारोबारी समेत 3 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद प्रदेश में शराब तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिहार की पुलिस के साथ साथ उत्पाद विभाग राज्य में लागु पूर्ण शराबबंदी को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। लेकिन शराब की तस्करी और खरीद बिक्री का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिलीगुड़ी से मुजफ्फरपुर आ रही एक यात्री बस की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। मौके से कथित शराब कारोबारी के साथ बस के चालक और उपचालक को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों से पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सिलीगुड़ी से मुजफ्फरपुर की ओर आ रही एक यात्री बस में विदेशी शराब की बड़ी खेप छिपाकर लाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने उत्पाद सहायक अवर निरीक्षक दिलीप पासवान के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। इसके बाद टीम ने गायघाट थाना क्षेत्र स्थित उत्पाद विभाग के चेकपोस्ट पर निगरानी तेज कर दी। अधिकारियों को बस के पहुंचने का इंतजार था। जैसे ही संदिग्ध यात्री बस चेकपोस्ट पर पहुंची, टीम ने उसे रोककर तलाशी शुरू कर दी।


बस से बरामद शराब के साथ गिरफ्तार कारोबारी समेत तीन आरोपी।

तलाशी के दौरान बस की डिक्की में रखी विदेशी शराब की खेप बरामद हुई। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद एक कथित शराब कारोबारी, बस चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बरामद शराब की कुल मात्रा, ब्रांड और कीमत के संबंध में विस्तृत जानकारी स्पष्ट नहीं की गई है। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गायघाट थाना क्षेत्र में सिलीगुड़ी से मुजफ्फरपुर आ रही यात्री बस की तलाशी के दौरान शराब की खेप जब्त की गई है। एक शराब तस्कर के साथ बस के चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया गया है। सभी से पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल भारोत्तोलन बालिका विद्यालय खेल प्रतियोगिता में तिरहुत प्रमंडल ओवरऑल चैंपियन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 स्थानीय सिकंदरपुर स्थित खेल भवन में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल भारोत्तोलन बालिका विद्यालय खेल प्रतियोगिता गुरुवार को संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भारत तोलन संघ के महासचिव ग्रीजेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर मोहम्मद एहसान खालिद, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स महेश्वर चौधरी, चंद्रशेखर सिंह एवं उपनिदेशक शारीरिक शिक्षा, तिरहुत प्रमंडल सह जिला खेल प्राधिकारी राजेंद्र कुमार के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक करुणेश कुमार के द्वारा किया गया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब 282 अंकों के साथ तिरहुत प्रमंडल ने अपने नाम किया, वहीं 229 अंकों के साथ पटना प्रमंडल की टीम दूसरे स्थान पे रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में एकलव्या की टीम विजेता एवं तिरहुत प्रमंडल की टीम उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

सनसनीखेज : मां के प्रेम प्रसंग का राज खुलने पर बेटी की हत्या

डेढ़ महीने बाद मिट्टी में दफन कंकाल हुआ बरामद, ठोस साक्ष्य जुटाने में लगी पुलिस

घटना के डेढ़ महीने बाद पुलिस ने मृतका की मां सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जजुआर थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब डेढ़ महीने से लापता युवती के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। युवती की हत्या कर शव को मिट्टी में दफनाने और सबूत छिपाने के आरोप में पुलिस ने उसकी मां समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में मां का कथित प्रेमी, युवती की एक बहन और एक अन्य युवक शामिल हैं। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस मामले की तह तक पहुंचने में जुटी है। पुलिस ने गिरफ्तार महिला की निशानदेही पर जेसीबी की मदद से जमीन की खुदाई कर युवती के शव के अवशेष बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि शव को मिट्टी में गाड़ने के बाद उसके ऊपर पौधा लगा दिया गया था, ताकि किसी को घटना की भनक नहीं लगे। बरामद अवशेषों के आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार युवती 1 सितंबर 2026 से लापता थी। उसके गायब होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की, लेकिन जांच के दौरान युवती के परिजन भी घर से गायब मिले। इससे मामले को लेकर संदेह गहराने लगा।पुलिस काफी समय तक युवती और उसके परिजनों की तलाश करती रही, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज की और छानबीन तेज कर दी। करीब डेढ़ महीने बाद तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।


पुत्री की हत्या के मामले में मां और बहन सहित चार लोग गिरफ्तार।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार मां ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसकी बेटी का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था और इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, इस दावे के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि युवती ने आत्महत्या की थी, तो पुलिस को इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई? शव को कथित तौर पर मिट्टी में क्यों दफनाया गया और परिजन घर से गायब क्यों थे? पुलिस इन सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। फिलहाल आत्महत्या के दावे और हत्या के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

स्थानीय लोगों के हवाले से यह भी दावा किया जा रहा है कि युवती की मां का एक युवक के साथ लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, युवती को इस संबंध की जानकारी हो गई थी। इसी बात को लेकर विवाद होने और फिर हत्या की वारदात को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।हालांकि, यह स्थानीय लोगों के बयान पर आधारित दावा है। पुलिस की जांच और ठोस साक्ष्यों के सामने आने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार चारों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बरामद अवशेषों की पहचान, मौत के कारण और घटना में प्रत्येक आरोपी की कथित भूमिका का पता लगाना जांच का अहम हिस्सा होगा। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को छिपाने में किसकी क्या भूमिका थी। डेढ़ महीने तक रहस्य बनी रही युवती की गुमशुदगी अब गंभीर आपराधिक जांच में बदल गई है। पुलिस की जांच पूरी होने और आधिकारिक तथ्यों के सामने आने के बाद ही इस कथित हत्याकांड की पूरी तस्वीर साफ हो सकेगी।

डीएम-एसपी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफिंग, सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

दुर्गा पूजा में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुगार्पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुगम यातायात सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग के दौरान ये निर्देश दिए।

डीएम और एसपी ने अधिकारियों को आसूचना तंत्र मजबूत रखने, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर तैयारियों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया। पूजा समितियों और शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर : अधिकारियों को सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर सतत निगरानी रखने और अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अफवाहों का त्वरित खंडन करने, सीसीटीवी कैमरों एवं वीडियोग्राफी से भीड़ की निगरानी करने तथा गश्ती दलों को नियमित पेट्रोलिंग करने को कहा गया। आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) और त्वरित चिकित्सा सहायता दल (क्यूएमआरटी) को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया।



प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफिंग करते डीएम-एसपी व उपस्थित अन्य।

डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं : जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दुगार्पूजा पंडालों का निर्माण आपदा प्रबंधन के निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुसार करना होगा। पंडालों में सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम और नियमानुसार विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था अनिवार्य होगी। पंडालों की मजबूती, बिजली के तारों से सुरक्षित दूरी और अग्नि सुरक्षा मानकों का भी ध्यान रखना होगा। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति नहीं होगी। आपत्तिजनक नारे और कार्टून पर भी रोक रहेगी। भीड़ प्रबंधन के लिए लाउडस्पीकर की समुचित व्यवस्था करने तथा पूजा स्थलों पर महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

निर्बाध बिजली, चिकित्सा और अग्निशमन की व्यवस्था : डीएम ने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा यातायात पुलिस को सुगम आवागमन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन को चिकित्सकों, पारा मेडिकल कर्मियों, जीवनरक्षक दवाओं और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दल की तैनाती का निर्देश दिया गया।

दुगार्पूजा के दौरान रावण-वध कार्यक्रमों और विभिन्न पूजा स्थलों पर संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाने को कहा गया। विसर्जन के दिन बिना अनुमति नदी में नावों के परिचालन पर रोक रहेगी। अनुमंडल पदाधिकारियों को नावों के निबंधन, नाविकों और प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना स्तर पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ब्रीफिंग में जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर: 06226-250316, 250317, 250318 हैं।

संक्षिप्त खबरें

26 नवम्बर को पटना प्रदर्शन में सेटेलाइट सिटी तथा भू-अधिग्रहण गांवों से हजारों किसान होंगे शामिल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सेटेलाईट सीतापुरम सीटी प्रोजेक्ट सीतामढी से जुडे भूमि बचाओ संघर्ष समिति के प्रमुख साथियों की बैठक संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कार्यालय में संरक्षक बैधनाथ हाथी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पटना मेंआयोजित किसानों के प्रदर्शन तथा उच्च न्यायालय की प्रगति पर डा. आनन्द किशोर ने प्रकाश डाला। प्रस्ताव द्वारा सेटेलाइट सीटी प्रोजेक्ट, भू अधिग्रहण तथा किसानों को एम एसपी सीटू प्लस 50 प्रतिशत तथा गन्तामूल्य 750/-रू तय करने के सवाल पर आयोजित 26 नवम्बर के पटना में आयोजित प्रदर्शन में जिले से एक हजार लोगों के पंहुचने का निर्णय लिया गया। सेटेलाईट सीटी में आने वाले करीब 5सौ गांवों से पटना चलने के लिए ब्यापक प्रचार-प्रसार तथा जनसंपर्क किया जायगा। भूमि बचाओ संघर्ष समिति की अगली विस्तारित बैठक 27 अक्टूबर को पुनौरा में होगी जिसमें संगठन के विस्तार, कोष तथा अगले संघर्ष का निर्णय लिया जायगा। बैठक में पीएम को मांगपत्र भेजकर सेटेलाइट सीटी की वापसी पर सम्राट सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया जायगा। बैठक में उच्चन्यायालय में दायर रिट याचिका तथा सुनवाई की प्रगति की समीक्षा की गई। ज्ञातव्य हो कि 5 तथा 12 को न्यायालय में सुनवाई हुई है बिहार सरकार के समय देने केआग्रह पर सुनवाई की अगली तिथि 26 अक्टूबर तय की गई है। बैठक में समिति के सदस्य रामसागर ठाकुर, प्रेमचन्द्र सिंह, नवीन कुमार सिंह, संजीब कुमार, सतीश कुमार सिंह, जलंधर यदुबंशी, भैरव ठाकुर ने अपना विचार रखा तथा संघर्ष तेज करने पर जोर दिया।



संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कार्यालय में भूमि बचाओ संघर्ष समिति की बैठक में शामिल लोग।

माता की रसोई में 85 जरूरतमंदों को कराया भोजन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार को अक्टूबर माह के द्वितीय मंगलवार के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत माता की रसोई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों ने माता श्री की विशेष पूजा-अर्चना कर महाआरती की। इसके बाद शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर समस्त भक्तों के मंगलमय जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के तहत मंदिर के अतिथि गृह में पांत में बैठाकर 85 जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। इस सेवा कार्य में दिल्ली स्थित एमआरवी केमिकल के प्रोपराइटर एवं विश्वनाथपुर निवासी मुकेश बाबू का विशेष योगदान रहा। आयोजन में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के महासचिव राजीव कुमार राजा, मंडल के सदस्य सुजय कुमार पप्पू तथा समाजसेवी रोहित कुमार, शिवम कुमार एवं हर्ष कुमार ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



गैस सिलेंडर में विस्फोट से आधा दर्जन घर राख

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। बैरगनिया प्रखंड की अख्ता पश्चिमी (चकवा) पंचायत के तकिया टोला गांव में गुरुवार की देर शाम खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में विस्फोट से भीषण आग लग गई। अगलगी में करीब आधा दर्जन घर और उनमें रखे लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, अग्निकांड में देवेंद्र राम, हरेंद्र राम, समीउल्लाह मंसूरी और क्लामुद्दीन मंसूरी सहित करीब छह लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में अग्निशमन वाहन के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका। घटना में घर और सामान गंवाने वाले परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। अग्निपीड़ित परिवारों में कोहराम मचा है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी ने एसआई सुशील कुमार को सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गैस सिलेंडर में विस्फोट से अगलगी की सूचना मिली है। जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। समाचार प्रेषण तक घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी।

बैरगनिया में लाखों की संपत्ति राख



धू-धू कर जलते घर और आग बुझाने के प्रयास में जुटे ग्रामीण।

सुरसंड थाना क्षेत्र के अदलपुर गांव में 1350 लीटर नेपाली शराब जब्त, पिकअप चालक गिरफ्तार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने सुरसंड थाना क्षेत्र के अदलपुर गांव स्थित कदम पोखर के समीप एनएच-227 किनारे दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन से 1350 लीटर नेपाली देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक मोहम्मद निजाम (51) को गिरफ्तार किया है। वह मेहसौल का निवासी है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने शराब लदे पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। गिरफ्तार चालक के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

इस मामले में सुरसंड थाना कांड संख्या 539/26 दर्ज किया गया है। पुलिस वाहन के स्वामित्व और शराब तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान करने में जुटी है। मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

नगर आयुक्त के आश्वासन के 48 घंटे बाद भी अंधेरे में वार्ड-7, सड़क जर्जर

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। आनंदपुरी, बौवीगंज स्थित वार्ड संख्या-7 में स्ट्रीट लाइट लगाने और सड़क को चलने योग्य बनाने का नगर आयुक्त का आश्वासन 48 घंटे के भीतर ही बेअसर साबित होने का आरोप लगाया गया है। रेलवे गुमटी नंबर-2 से रेलवे पानी टंकी तक चार बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगने और सड़क की मरम्मत नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

इस संबंध में वार्ड-7 निवासी अधिवक्ता सह समाजसेवी अरुण कुमार शुक्ला ने परिवाद संख्या 99994060809260038 2 के तहत लोक शिकायत में पूरक सूचना समर्पित की है। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को नगर आयुक्त ने दूरभाष पर आश्वासन दिया था कि दुर्गा पूजा से पहले चार बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी और सड़क को चलने योग्य बनाया जाएगा। शुक्ला के अनुसार, 15 अक्टूबर को वार्ड पार्षद के पति संतोष कुमार ने पार्षद के फोन से सूचना दी कि स्ट्रीट लाइट का उपलब्ध स्टॉक समाप्त हो गया है और सर्वे में गड़बड़ी के कारण अब लाइट नहीं लग सकती। वहीं, सड़क को दुरुस्त करने की दिशा में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान इस रास्ते से हजारों श्रद्धालु गुजरते हैं। अंधेरा और बदहाल सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ाते हैं। पूर्व के वर्षों में पूजा से पहले सड़क को चलने योग्य बना दिया जाता था, लेकिन इस बार लगातार प्रयास के बावजूद समस्या बनी हुई है। अरुण कुमार शुक्ला ने नगर आयुक्त के आश्वासन को लिखित आदेश में बदलकर चार खंभों पर तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाने, 48 घंटे के भीतर सड़क को चलने योग्य बनाने तथा संबंधित अभियंता की जवाबदेही तय करने की मांग की है। साथ ही, स्ट्रीट लाइट का स्टॉक समाप्त होने के दावे की जांच कर स्टॉक रजिस्टर और सर्वे रिपोर्ट लोक शिकायत कार्यालय में प्रस्तुत कराने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि यह पूरक सूचना दो नवंबर को निर्धारित अगली सुनवाई से पहले साक्ष्य के रूप में दी जा रही है।

दुर्गा पूजा से पहले स्ट्रीट लाइट लगाने और सड़क दुरुस्त करने का मिला था भरोसा

जिला स्तरीय बासंतिक महाभियान व अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के तहत महिला किसान दिवस आयोजित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। संयुक्त कृषि भवन मुरादपुर डुमरा के प्रांगण में गुरुवार को जिला स्तरीय बासंतिक (रवि) महाभियान 2026 एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के अवसर पर महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित किसानों एवं खासकर महिला किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए किसी के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सराहना भी की गई और कुछ महिला किसानों को सम्मानित भी किया गया।



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त व अन्य।

इस जिला स्तरीय कर्मशाला में उपस्थित कृषि प्रसार पदाधिकारी एवं कर्मियों को जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषक जनहित कल्याणकारी योजनाओं को किसानों के खेत तक पहुंचने में उनका सहयोग करें और जो भी बातें इस कर्मशाला में बताई जा रही है उसको बेहतर ढंग से सरल भाव में किसानों को बताते हुए अधिक से अधिक किसानों तक उनका लाभ दिलाने का कार्य करें। महिला किसान दिवस के इस मौके पर एक सशक्त और कुशल नेतृत्व क्षमता वाली महिला पदाधिकारी के रूप में विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त मैडम के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन एवं कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़कर बेहतर कार्य करने के लिए उनको प्रोत्साहित भी किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा रबी सीजन में बीज वितरण से लेकर यंत्रीकरण एग्री स्टेट परियोजना अंतर्गत डीसीएस कार्य किसान सम्मन निधि योजना एवं दलहन तथा तिलहन के क्षेत्र विस्तार की योजना सहित आगामी सीजन की तैयारी की रूपरेखा को प्रस्तुत किया गया जिसमें जिला स्तरीय रबी कर्मशाला के बाद प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला एवं पंचायत स्तर पर चलने वाले कृषि जन कल्याण चौपाल के माध्यम से किसानों तक कृषि योजनाओं एवं कृषि की नवीनतम तकनीक को पहचाने के लिए कृषि प्रसार कार्यक्रम की चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी, उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण सहायक निदेशक ईख विकास, सहायक निदेशक बीज उत्पादन एवं विपणन के द्वारा भी अपने से संबंधित विभागीय जानकारी एवं तकनीकी सुझाव दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान, जिला स्तरीय कृषि पदाधिकारी सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक किसान सलाहकार एवं महिला पुरुष प्रगतिशील किसान भारी संख्या में उपस्थित थे।

प्रेम विवाह का खौफनाक अंत

युवती की संदेहास्पद मौत से भड़के मायके वालों ने ससुराल के दरवाजे पर ही कर दिया अंतिम संस्कार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजवाड़ा डीह वार्ड संख्या 7 से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ कांटी थाना क्षेत्र की रहने वाली गुंजा कुमारी की अपने ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गुंजा का पलटन पासवान के पुत्र कुंदन पासवान के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके बाद महज 7 महीने पहले ही दोनों की शादी हुई थी। ससुराल में नवविवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही गुंजा के मायके वाले बदहवास स्थिति में राजवाड़ा डीह पहुंचे। बेटी का शव देखते ही परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव परिजनों को मिलते हीं उनका गुस्सा चरम पर पहुंच गया। आक्रोशित मायके वालों ने गुंजा का शव सीधे उसके ससुराल के दरवाजे पर रख दिया और वहीं उसका अंतिम संस्कार कर दिया। दरवाजे पर शव का दाह संस्कार किए जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और भारी तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने की काफी कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। इस मामले में एसडीपीओ ईस्ट-2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामला पुलिस के संज्ञान में आ चुका है। पुलिस पूरी घटना की सघनता से जांच कर रही है और मृतका के परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है।



जिलाधिकारी ने मेथौरा पंचायत पहुंचकर विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

आम नागरिकों को मिल रही सुविधाओं का लिया जायजा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया गुरुवार को डुमरा प्रखंड अंतर्गत मेथौरा पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं तथा आम नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन का अवलोकन किया तथा वहां नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत स्तर पर आम लोगों को सुलभ, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के महत्व पर बल दिया। पंचायत सरकार भवन को ग्रामीणों के लिए सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए इसके प्रभावी संचालन की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने पंचायत में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, बेहतर संचालन और बच्चों के हित में संचालित सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने गोवर्धन योजना के तहत निर्मित संरचना का निरीक्षण कर इसकी स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के उद्देश्यों के अनुरूप परिसंपत्तियों के उपयोग एवं उनके प्रभावी संचालन के महत्व पर बल दिया। साथ ही, वीबी-जीआरएएमजी योजना के अंतर्गत संचालित प्लांटेशन कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में ऐसे कार्यों की उपयोगिता को रेखांकित किया। वहीं डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने कहा कि सरकार की विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ लक्षित लाभुकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का उद्देश्य उनके क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा आम नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। सभी संबंधित विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग तथा नागरिकों को सुलभ एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति सजग रहना चाहिए। मौके पर डीडीसी श्वेता भारती, निदेशक डीआरडीए राजेश भूषण, बीडीओ डुमरा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जनसुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर दिया जोर



डुमरा प्रखंड अंतर्गत मेथौरा पंचायत में संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का जायजा लेते जिलाधिकारी व अन्य।

सम्पादकीय

नई इबारत लिख रहीं जीविका दीदियां

नवरात्रि पर जब पूरे देश में शक्ति और सामर्थ्य की आराधना हो रही है, तब बिहार के गांवों में एक ऐसी नारी शक्ति उभरकर सामने आई है जिसने अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से विकास की नई परिभाषा गढ़ी है। यह कहानी जीविका (बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति) की है, जिसके दो दशकों के सफर ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है।

बीस साल पहले महिलाओं का श्रम अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा था, लेकिन आर्थिक फैसलों में उनकी भागीदारी नगण्य थी। बैंक जाना, ऋण लेना या बाजार में सौदा करना महिलाओं के जीवन का हिस्सा नहीं था। वर्ष 2006 में जीविका (बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन सोसायटी) के गठन और अलग-अलग जिलों के छह प्रखंडों से हुई स्वयं सहायता समूह की शुरुआत के बाद आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है।

मौजूदा समय में राज्य के 181 करोड़ परिवार 1306 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ चुके हैं। साथ ही 77,787 ग्राम संगठन और 1,683 संकुल स्तरीय संघ सामुदायिक नेटवर्क को सुदृढ़ कर रहे हैं। मौजूदा समय में एसएचजी के सहारे महिलाओं को करीब 76,549 करोड़ रुपये का बैंक ऋण मिल चुका है। इनका वित्तीय अनुशासन इतना अच्छा है कि वर्तमान गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) दर काफी कम है। 6,771 बैंक सखियां गांवों में वित्तीय सेवाओं की मजबूत कड़ी का काम कर रही हैं।

इन बैंक सखियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर डिजिटल लेन-देन हो रहा है। ग्रामीण महिलाएं आज एक कुशल उद्यमी के तौर पर कृषि, पशुपालन, डेयरी, सिलाई, मशरूम उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई हैं।

कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, अस्पतालों व सरकारी कार्यालयों में सफलतापूर्वक संचालित जीविका दीदी की रसोई जैसी पहल इस बात का प्रमाण हैं कि ग्रामीण महिलाएं अब उत्पादन से लेकर प्रबंधन और बाजार तक हर मोर्चे पर सफल नेतृत्व कर रही हैं।

महिला सशक्तीकरण का यह सफर अब लखपति दीदी अभियान के साथ और भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मार्च 2029 तक 94.71 लाख लखपति दीदियां बनाने के लक्ष्य के तहत अब तक 5040 लाख से अधिक महिलाओं को इस श्रेणी में शामिल किया जा चुका है।

बैंकिंग सेवा, फल बिक्री और सिलाई से सालाना 15 लाख तक की आमदनी : किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत खास्रूदह पंचायत की जीविका दीदी बबली देवी ने वर्ष 2018 में समूह से जुड़कर फल की दुकान शुरू की। 2021 में वह बैंक सखी बनीं और 30 हजार रुपये ऋण लेकर ग्राहक सेवा केंद्र चलाया। आज वे बैंकिंग, फल बिक्री और सिलाई से डेढ़ लाख से अधिक सालाना कमाकर आत्मनिर्भर हैं।

अंजू जीविका दीदियों को दे रहीं वित्तीय सलाह : अरवल के कलेर प्रखंड अंतर्गत वेलाव गांव की रहने वाली अंजु कुमारी वर्ष 2018 में जीविका से जुड़ीं। वह कावेरी ग्राम संगठन के सहयोग से ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन कर रही हैं। वह हर दिन 25 लाख से ज्यादा का ट्रांजैक्शन करती हैं। अंजू बताती हैं कि वह बैंक सखी के रूप में दीदियों को वित्तीय सलाह देती हैं।

फूस की छप्पर से 20 लाख तक का टर्नओवर : फूस के छप्पर से 20 लाख के टर्नओवर तक का सफर तय करने वाली शिवहर की दोस्तिया गांव की आमना खातून आज महिला उद्यमिता की मिसाल हैं। 2017 में आला हजरत जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने 40 हजार रुपये का ऋण लिया। आज लहठी उद्योग से वह सालाना 5- 6 लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमा रही हैं।

श्रवण कुमार (मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) का कहना है कि सर्वमान्य नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के लिए बच्चियों को पढ़ाया लिखाया और बेहतरीन माहौल दिया। नशाबंदी कर समाज में शांति स्थापित करने की बड़ी पहल की। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 फीसदी तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियों के चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया। जीविका की दीदियां आर्थिक रूप से समाज को स्वावलंबी बना रही हैं। यह देश के विकास और स्वच्छ एवं समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। नवरात्रि के मौके पर मातृ शक्ति को नमन करते हैं। ये समाज में नया आयाम गढ़ने का काम कर रही हैं।

स्त्री : सृष्टि की मूलशक्ति



बी. कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

नवरात्र में पूजित आदिशक्ति और सामाजिक जीवन में स्त्री की स्थिति के बीच का अंतर भारतीय चिंतन के एक महत्वपूर्ण विमर्श की ओर ध्यान आकृष्ट करता है। जिस परंपरा में स्त्री को सृष्टि की मूलशक्ति के रूप में देखा गया, वहाँ स्त्री-पुरुष के संबंध और स्त्री की स्वतंत्र सत्ता को किस प्रकार समझा गया मनुस्मृति से लेकर शक्ति-दर्शन, वैदिक वाङ्मय और उपनिषदों तक फैले भारतीय चिंतन के विविध स्रोत इस प्रश्न पर विचार करने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत करते हैं।

द्विधा त्वात्मनो देहमर्धेन पुरुषोभवत् ।
अर्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत प्रभुः ।।

मानव सभ्यता में स्त्री की स्थिति का प्रश्न केवल सामाजिक अधिकारों तक सीमित नहीं है, यह उस सभ्यता की सृष्टि-दृष्टि और जीवन-दर्शन से भी जुड़ा है। स्त्री को पुरुष की अधीन सत्ता मानना और उसे सृष्टि की आधारशक्ति के रूप में देखना, दो भिन्न दृष्टिकोण हैं। भारतीय दर्शन की विशिष्टता यह है कि वह नारी की प्रतिष्ठा को केवल सामाजिक संबंधों के आधार पर नहीं, बल्कि सृष्टि के मूल तव के रूप में स्थापित करता है।

मनुस्मृति का उपर्युक्त श्लोक इसी दृष्टि का उद्घोष करता है। सृष्टिकर्ता ने अपने स्वरूप को दो भागों में विभाजित किया, एक अर्ध से पुरुष और दूसरे से नारी का प्राकट्य हुआ। इसके बाद कहा गया,

'तस्यां स विराजमसृजत प्रभुः',

यहाँ नारी को पुरुष से उत्पन्न गौण सत्ता के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया, बल्कि दोनों को एक ही मूल स्वरूप के अभिन्न अर्ध के रूप में देखा गया है। श्लोक का उत्तरार्ध सृष्टि के विस्तार में नारी की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करता है। यह केवल जैविक सृजन का उल्लेख नहीं, बल्कि सृष्टि की अभिव्यक्ति में स्त्री-तत्व की अनिवार्यता का दार्शनिक संकेत है।

स्त्री की उत्पत्ति के संबंध में पाश्चात्य अब्राह्मिक परंपराओं में प्रचलित आदम की पसली से ईव की उत्पत्ति का आख्यान एक भिन्न प्रतिमान प्रस्तुत करता है। इन परंपराओं की विविध व्याख्याओं को स्वीकार करते हुए भी भारतीय सृष्टि दृष्टि का यह वैशिष्ट्य ध्यान देने योग्य है कि यहाँ स्त्री और पुरुष एक ही आदिसत्ता के दो रूप हैं। किसी सभ्यता की संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को केवल एक धार्मिक आख्यान से निर्धारित नहीं किया जा सकता, किंतु ऐसे आख्यान उसकी वैचारिक पृष्ठभूमि को समझने में सहायता करते हैं। इतिहास में आधुनिक लोकतंत्रों को भी स्त्रियों की समानता स्वीकार करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा।

संयुक्त राज्य अमेरिका में महिलाओं को मतदान का संवैधानिक अधिकार 1920 में मिला। भारत का सामाजिक इतिहास भी अंतर्विरोधों से मुक्त नहीं रहा। इसलिए भारतीय दर्शन की विशिष्टता का अर्थ यह नहीं कि यहाँ हर युग में स्त्रियों को समान अधिकार प्राप्त थे, बल्कि यह है कि यहाँ स्त्री की गरिमा और सृजनात्मक सामर्थ्य को प्रतिष्ठित करने वाला गहन दार्शनिक आधार उपलब्ध है।

इस आधार का सर्वाधिक सशक्त प्रतिपादन शक्ति-दर्शन में मिलता है। शिव और शक्ति का संबंध भारतीय चिंतन में चेतना और सृजनात्मक सामर्थ्य की अभिन्नता का प्रतीक है। सौंदर्यलहरी के प्रथम श्लोक की ये दो पंक्तियाँ इस भाव को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करती हैं

शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं
न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि।

अर्थात शक्ति से संयुक्त होने पर ही शिव सृजन में समर्थ होते हैं, उसके बिना उनमें स्पंदन तक संभव नहीं। यहाँ शक्ति किसी की अधीनस्थ सामर्थ्य नहीं, बल्कि सृजन और क्रियाशीलता की अनिवार्य आधारशक्ति है। चेतना को अभिव्यक्ति और गति प्रदान करने वाली शक्ति के बिना सृष्टि की कल्पना अधूरी है। इसी शक्ति का व्यापक स्वरूप आदिशक्ति है, जो विविध शक्तियों में अभिव्यक्त होती है। नारी को शक्ति का स्वरूप मानने का आशय उसकी इसी सृजनात्मक क्षमता और स्वतंत्र महत्ता को पहचानना है।

भारतीय संस्कृति में यही भाव मातृत्व की व्यापक अवधारणा में व्यक्त होता है। पृथ्वी भूमाता है, गंगा गंगामाता, भाषा मातृभाषा और राष्ट्र भारत माता। वेदों को वेदमाता तथा गौ को गोमाता कहने की परंपरा भी पोषण, संरक्षण और जीवन के संवर्धन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। ये संबोधन केवल भावनात्मक प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन को धारण करने और उसे निरंतरता प्रदान करने वाली शक्ति के प्रति आदर की अभिव्यक्ति हैं। भारतीय मानस में मातृत्व इस प्रकार जैविक भूमिका से आगे बढ़कर एक व्यापक सांस्कृतिक और दार्शनिक अवधारणा बन जाता है।

भारतीय संस्कृति में यही भाव मातृत्व की व्यापक अवधारणा में व्यक्त होता है। पृथ्वी भूमाता है, गंगा गंगामाता, भाषा मातृभाषा और राष्ट्र भारत माता। वेदों को वेदमाता तथा गौ को गोमाता कहने की परंपरा भी पोषण, संरक्षण और जीवन के संवर्धन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है।

स्वामी विवेकानंद ने भारतीय जीवन में मातृत्व की इसी प्रतिष्ठा को विशेष महव दिया। उनके चिंतन में स्त्री की उन्नति, शिक्षा और स्वतंत्र विकास के बिना राष्ट्र की उन्नति संभव नहीं है। मातृशक्ति की आध्यात्मिक प्रतिष्ठा तभी सार्थक होती है, जब समाज स्त्री की क्षमताओं को स्वीकार करे और उसे अपने जीवन का मार्ग निर्धारित करने का अवसर दे। इस दृष्टि में स्त्री का सम्मान केवल पूजा या प्रशंसा तक सीमित नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व, प्रतिभा और आत्मनिर्णय के अधिकार से जुड़ा है।

भारतीय ज्ञानपरंपरा में स्त्रियों की सक्रिय सहभागिता इस दृष्टि का ऐतिहासिक पक्ष प्रस्तुत करती है। ऋग्वेद में वाक् अम्भृणी, लोपामुद्रा, अपाला और घोषा जैसी ऋषिकाओं से संबंधित सूक्त मिलते हैं। उपनिषदों में गार्गी वाचक्नवी और मैत्रेयी के संवाद स्त्री की दार्शनिक मेधा और स्वतंत्र जिज्ञासा के उल्लेखनीय उदाहरण हैं।

गार्गी ने याज्ञवल्क्य से अस्तित्व के मूल आधार पर प्रश्न किए, जबकि मैत्रेयी ने धन-संपत्ति की अपेक्षा उस ज्ञान को महव दिया जो अमरत्व के प्रश्न का समाधान कर सके। ये प्रसंग केवल विदुषी स्त्रियों की उपस्थिति के प्रमाण नहीं हैं, वे यह भी बताते हैं कि स्त्री भारतीय ज्ञान परंपरा में विचारक, प्रश्नकर्ता और दार्शनिक विमर्श की सक्रिय सहभागी रही है। सृजन की उसकी शक्ति केवल जीवन को जन्म देने तक सीमित नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति के विकास में भी अभिव्यक्त होती है।

मनुस्मृति के सृष्टि-वर्णन से लेकर सौंदर्यलहरी के शक्ति-दर्शन और वैदिक विदुषियों की ज्ञान-परंपरा तक भारतीय चिंतन में स्त्री का स्वरूप सृजन, चेतना और सामर्थ्य से जुड़ा दिखाई देता है। इस दृष्टि में नारी की प्रतिष्ठा केवल मातृत्व या उपासना तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी बौद्धिक क्षमता और स्वतंत्र व्यक्तित्व में भी अभिव्यक्त होती है।

नवरात्र में आदिशक्ति की आराधना इसी व्यापक अवधारणा का स्मरण कराती है, स्त्री को सृष्टि की आधारशक्ति के रूप में समझना उसके अस्तित्व, सामर्थ्य और स्वायत्तता को स्वीकार करना भी है।

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

त्योहारों पर तनाएरा का सोलह श्रृंगार, खुद को निहारने के उस पल का जश्न, जिसे समझती है हर महिला

पटना (दैनिक नवसंदेश) । टाटा समूह का ब्रांड तनाएरा अपने नए कैम्पेन में उस एहसास को दिखा रहा है, जो अलग-अलग संस्कृतियों और पीढ़ियों की महिलाओं के लिए जाना-पहचाना है

भारत में श्रृंगार सिर्फ सजने-संवरने का नाम नहीं है, यह हर महिला से जुड़ा एक निजी एहसास भी है। अलग-अलग जगहों, समुदायों और पीढ़ियों में श्रृंगार के तरीके भले अलग हों, लेकिन कुछ बातें हर महिला समझती है। जैसे, घर से बाहर निकलने से ठीक पहले एक बार आईने में खुद को निहारना।

किसी उत्सव के लिए तैयार होते समय अक्सर ऐसा होता है। कभी घर के आईने के सामने, कभी लिफ्ट में, कार की खिड़की में या कांच के दरवाजे में अपनी झलक देखकर महिलाएं साड़ी का पल्लू ठीक करती हैं, गहने को सही जगह पर करती हैं या बालों की कोई लट संवार लेती हैं। कई बार तो कुछ भी ठीक करने की जरूरत नहीं होती। बस एक पल ठहरकर खुद को देखने का मन करता है। यह पल किसी और जैसा दिखने के लिए नहीं, बल्कि खुद को वैसे ही पसंद करने और अपने रूप को सराहने के लिए होता है। फिर वे अपनी रोजमर्रा की दुनिया में लौट जाती हैं।

टाटा समूह का ब्रांड तनाएरा अपने नए फेस्टिव कैम्पेन और कलेक्शन सोलह श्रृंगार के जरिए इसी एहसास को सामने ला रहा है। भारतीय परंपराओं में श्रृंगार की खास जगह रही है। इस कैम्पेन में इसे आज के नजरिए से दिखाया गया है। इसमें सजने-संवरने की खुशी के साथ उस छोटे-से पल को भी अहमियत दी गई है, जब कोई महिला कुछ देर के लिए सिर्फ अपने बारे में सोचती है और खुद को निहारती है।

तनाएरा का सोलह श्रृंगार फेस्टिव कलेक्शन भारत की अलग-अलग श्रृंगार परंपराओं से प्रेरित है। इसमें इन परंपराओं को आज की महिलाओं की पसंद और जरूरतों के हिसाब से नए अंदाज में पेश किया गया है। सिल्क, अर्गेजा, टिश्यू, टसर और त्योहारों पर पहनी जाने वाली खास बुनावट की साड़ियों के इस कलेक्शन में देश के मशहूर बुनाई केंद्रों की बारीक कारीगरी को तनाएरा के अपने खास डिजाइन के साथ जोड़ा गया है। पारंपरिक कलाकारी, खूबसूरत मोटिफ्स और बारीक डिजाइन मिलकर ऐसी साड़ियां तैयार करते हैं, जो भारतीय कपड़ों की खूबसूरती को सामने लाती हैं।

श्याम मेटालिक्स पेश कर रहा है 'शक्ति एक, रूप अनेक' दुर्गा पूजा का अनूठा आयोजन, जिसमें दिखेंगे शक्ति के विविध रूप

पटना (दैनिक नवसंदेश) । इस दुर्गा पूजा पर श्याम मेटालिक्स अपने खास अभियान 'शक्ति एक, रूप अनेक' के जरिए कोलकाता को उत्सव के रंगों से सराबोर करने जा रहा है। यह आयोजन रचनात्मकता, संस्कृति और संवेदनशीलता का अनूठा संगम है, जो रोजमर्रा की जिंदगी में शक्ति के अलग-अलग रूपों को सामने लाएगा। कंपनी के मूल्यों शक्ति, सुरक्षा और संवेदना पर आधारित इस अभियान में खास सजावट और कलात्मक प्रस्तुतियों, उम्मीद जगाने वाली कहानियों और समाज से जुड़ी पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य शहर में दुर्गा पूजा के यार अनुभव तैयार करना है।

पारंपरिक पूजा आयोजनों की भव्यता से आगे बढ़ते हुए 'शक्ति एक, रूप अनेक' शक्ति के तीन खास रूपों उम्मीद, यादें और सुकूनका उत्सव मनाता है। लोगों की दिली इच्छाओं को पूरा करने की कोशिश से लेकर बंगाल की कला और संस्कृति का जश्न मनाने तथा बंगाल पुलिस के अथक प्रयासों को सम्मान देने तक, यह पहल एक खास संदेश देती है। शक्ति केवल ताकत का प्रतीक नहीं है, बल्कि वह सपनों को संवारती है, यार पल बनाती है और जरूरत के समय सुकून भी देती है।

इस अभियान का प्रमुख आकर्षण 'वॉल ऑफ शक्ति' होगा। एसईएल टाइगर टीएमटी सरिया से तैयार इस खास कलात्मक संरचना में मां दुर्गा की भव्य आकृति दिखाई देगी। यहां आने वाले लोग दीवार पर अपनी इच्छाएं लिखकर लगा सकेंगे। श्याम मेटालिक्स इनमें से चुनी गई कुछ इच्छाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी लेगा और 'सपने पूरे होंगे' के अपने वादे को साकार करने की कोशिश करेगा। यह पहल उम्मीद की ताकत को सामने लाएगी और बताएगी कि सही सहयोग से लोगों के सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है।

उत्सव के अनुभव को और खास बनाने के लिए 'शक्ति टनल' भी तैयार की जाएगी। इसमें आकर्षक दृश्यों और इंटरैक्टिव सेल्फी अनुभवों के जरिए बंगाल की कला, संस्कृति और दुर्गा पूजा की भावना को दर्शाया जाएगा। यह ऐसा खास स्थान होगा, जहां लोग शक्ति के सांस्कृतिक रूपों को करीब से महसूस करने के साथ अपने उत्सव के यादगार पलों को तस्वीरों में संजो सकेंगे।

देखभाल और आभार की भावना को आगे बढ़ाते हुए अभियान के तहत 'शक्ति बूथ' भी बनाए जाएंगे। ये बंगाल पुलिस के जवानों के लिए आराम करने के खास स्थान होंगे। दुर्गा पूजा के दौरान पुलिसकर्मी शहर में सुरक्षा बनाए रखने और व्यवस्था संभालने के लिए लगातार ड्यूटी करते हैं। इन बूथों पर उन्हें व्यस्त ड्यूटी के बीच कुछ देर आराम करने का मौका मिलेगा। आम लोगों को भी पुलिसकर्मियों के प्रति आभार जताने के लिए संदेश लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। दुर्गा पूजा के बाद ये संदेश पुलिस अधिकारियों को सौंपे जाएंगे, ताकि जवानों के प्रति सामूहिक सम्मान और धन्यवाद व्यक्त किया जा सके।



उम्मीद, यादों और देखभाल का अनूठा संगम। दुर्गा पूजा के खास अनुभवों, प्रेरणादायक सच्ची कहानियों और बंगाल पुलिस के प्रति सम्मान के भाव को एक मंच पर लाएगा यह आयोजन।

अभियान की तीन प्रमुख गतिविधियां कोलकाता के प्रमुख दुर्गा पूजा स्थलों मुदियाली क्लब, न्यू टाउन सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति और टाला बारोवारी दुर्गोत्सव समिति में आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, श्याम मेटालिक्स बंगाल के 30 दुर्गा पूजा पंडालों में शक्ति बूथ स्थापित करेगा। इसके जरिए पूरे उत्सव के दौरान मैदान में तैनात पुलिसकर्मियों के प्रति देखभाल और सम्मान का संदेश पहुंचाया जाएगा।

श्याम मेटालिक्स के कॉरपोरेट अफेयर्स, बाहरी संबंध और सीएसआर निदेशक सुमित चक्रवर्ती ने कहा, श्याम मेटालिक्स में हमारा मानना है कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी कारोबार तक सीमित नहीं है। हम उन समुदायों में सार्थक और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जहां हम काम करते हैं। 'शक्ति एक, रूप अनेक' इसी सोच को दर्शाता है। यह उम्मीद, सांस्कृतिक उत्सव और शहर की सुरक्षा के लिए लगातार काम करने वाले लोगों के प्रति सम्मान को एक साथ जोड़ता है। 'वॉल ऑफ शक्ति' के जरिए हम लोगों के सपनों को सहारा देना और चुनी गई इच्छाओं को पूरा करना चाहते हैं।

वहीं, शक्ति बूथ दुर्गा पूजा के दौरान समर्पण के साथ ड्यूटी करने वाली बंगाल पुलिस के प्रति आभार जताने का हमारा प्रयास हैं। हमें उम्मीद है कि इन पहलों से त्योहार का अनुभव अधिक समावेशी और सार्थक बनेगा तथा करुणा, सामूहिक ताकत और सामुदायिक भावना को बढ़ावा मिलेगा।

श्याम मेटालिक्स के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर (सीओओ) निर्मल उदय ने कहा, दुर्गा पूजा शक्ति के अनेक सुंदर और प्रभावशाली रूपों का उत्सव है। श्याम मेटालिक्स में हम इस विचार को केवल प्रतीक तक सीमित नहीं रखना चाहते थे, बल्कि ऐसे अनुभव तैयार करना चाहते थे, जिनसे लोग सीधे जुड़ सकें उम्मीद, यादों और देखभाल के जरिए।

'शक्ति एक, रूप अनेक' इस विश्वास को दर्शाता है कि ताकत का असली महत्व तब है, जब उससे लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आए। 'वॉल ऑफ शक्ति' इस सोच को साकार करता है। यहां लोगों की इच्छाएं और उनकी कहानियां हमें याद दिलाती हैं कि सही सहयोग किसी सपने को हकीकत में बदल सकता है। उत्सव से जुड़े अपने आयोजनों, बंगाल पुलिस के प्रति सम्मान और बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के जश्न के जरिए हम दुर्गा पूजा को शहर के लिए और अधिक सार्थक, समावेशी और यादगार बनाने में योगदान देना चाहते हैं। यह वही शहर है, जिसे हम अपना घर कहते हुए गर्व महसूस करते हैं।

'शक्ति एक, रूप अनेक' के जरिए श्याम मेटालिक्स दुर्गा पूजा को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए उम्मीद, साझा यादों की खुशी और समाज के प्रति देखभाल की भावना से जोड़ना चाहता है। लोगों को आपस में जोड़ने वाले अनुभव तैयार करके और शहर को सुरक्षित रखने के लिए लगातार काम करने वालों के योगदान को सम्मान देकर यह पहल शक्ति की उस स्थायी भावना का उत्सव मनाती है, जो बंगाल के सबसे बड़े त्योहार को खास बनाती है।

शक्ति ही सामर्थ्य देती है शक्ति ही स्वप्न साकारती है
शक्ति ही संवेदना है, शक्ति ही हमारी प्रेरणा है ।

हिन्दी के लिए मुख्यमंत्री के पद को ठोकर मार दी सेठ गोविन्द दास ने

सम्मेलन में मनायी गयी जयंती, पुस्तक 'क्यों छात्रों पर चली गोलियाँ'का हुआ लोकार्पण, हुई लघुकथा-गोष्ठी

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारत के जिन महान त्यागियों ने अपना ऐश्वर्यपूर्ण सुखमय जीवन का त्याग कर स्वयं को देश-सेवा के लिए अर्पित का दिया, उनमे सेठ गोविन्द दास का नाम परम श्रद्धेय है। स्वतंत्रता-संग्राम के दौरान और उसके बाद राष्ट्रभाषा हिन्दी और हिन्दी साहित्य के आंदोलन को सेठ गोविंद दास का बहुत बड़ा संबल प्राप्त हुआ। हिन्दी के प्रश्न पर वे तत्कालीन प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू से भी लड़ पड़े, जिसके कारण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का सुनिश्चित पद उनके हाथ से निकल गया।

यह बातें गुरुवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि सेठ जी की साहित्यिक प्रतिभा भी उच्च कोटि की थी। वे एक सफल नाटककार और उपन्यासकार थे। उन्होंने दो दर्जन से अधिक पुस्तकें लिखीं। भारत में हुए, प्रथम चुनाव से लेकर तक, जबतक जीवित रहे, सेठ जी जबलपुर से भारत के संसद-सदस्य रहे। साहित्य और शिक्षा में उनके अवदान को देखते हुए उन्हें पद्मभूषण के अलंकरण से भी विभूषित किया गया।

इस अवसर पर पिछली सदी के महान कवि पं अवध रत्न मिश्र जी की काव्य-पुस्तक क्यों छात्रों पर चली गोलियाँ का लोकार्पण किया गया। कवि के मरणोपरांत इस पुस्तक का प्रकाशन सुख्यात समाजसेवी पद्मश्री विमल कुमार जैन ने किया है।



बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित सेठ गोविंद दास का जयंती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य।

अपने उद्गार में श्री जैन ने कहा कि के छात्र-आंदोलन के समय छात्रों पर शासन द्वारा चलायी गयी गोलियों से आहत कवि मिश्र ने अपनी कविताओं से सरकार पर प्रश्नों की बौछार कर दी। उन्हीं कविताओं का यह संकलन जो उनके जीवन-काल में प्रकाश में नहीं आ सका, आज भी अपनी प्रासंगिकता सिद्ध कर रहा है। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा इन्दु पाण्डेय, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ज्ञानेश्वर शर्मा, कुमार अनुपम, डा शालिनी पाण्डेय तथा शंकर शरण मधुकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

लघुकथा गोष्ठी में डा पुष्पा जमुआर ने कैनवास का दर्द, डा रेणु मिश्र ने परिचय, सदानन्द प्रसाद ने कला-सृजन, डा नागेश्वर प्रसाद यादव ने मानसिक सीमाएँ, इन्दु पाण्डेय ने दिमाग कहाँ गया तथा इन्दुभूषण सहाय ने मरने के बाद शीर्षक से अपनी-अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

एसबीआई कार्ड और इटर्नल ने सह-ब्रांडेड 'इटर्नल एसबीआई कार्ड' लान्च किया

जोमैटो, बिस्ट्रो, डिस्ट्रिक्ट और ब्लिंकिट (कुछ चुनिंदा खर्चों) पर 10 प्रतिशत की तत्काल छूट

कार्डधारकों को उबर, इक्सिगो, अर्बन कंपनी और अपोलो 24 गुना 7 जैसे साझेदारों पर खर्च करने पर 5 प्रतिशत कैशबैक भी मिलेगा

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारत में केवल क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और इटर्नल लिमिटेड (जिसे पहले जोमैटो लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज इटर्नल एसबीआई कार्ड को लॉन्च करने और इसके लिए अर्ली एक्सेस ('पहले पहुँच') की सुविधा शुरू करने की घोषणा की। यह एक सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे इटर्नल और इससे जुड़ी कंपनियों की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। यह इस श्रेणी के शुरुआती कार्डों में से एक है, जो एक ही इकोसिस्टम के अंतर्गत कई ब्रांडों पर तुरंत छूट प्रदान करता है। इससे ग्राहकों को रोजमर्रा की खरीदारी पर अधिक लाभ मिलेगा और इटर्नल समूह के ब्रांडों के अलावा भी कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे। ग्राहक अब जोमैटो, ब्लिंकिट और डिस्ट्रिक्ट ऐप्स के माध्यम से पहले आवेदन करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। 22 अक्टूबर 2026 से चरणबद्ध तरीके से कार्ड उपलब्ध होने पर उन्हें आवेदन करने के लिए आमंत्रण भेजा जाएगा।



कार्डधारकों को जोमैटो, डिस्ट्रिक्ट और ब्लिंकिट पर किए गए लेन-देन पर 10 प्रतिशत की तत्काल छूट मिलेगी। ब्लिंकिट पर इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी श्रेणियों के उत्पादों की खरीदारी पर 10 प्रतिशत और अन्य सभी श्रेणियों की खरीदारी पर 5 प्रतिशत की तत्काल छूट मिलेगी (नीचे दी गई कुछ अपवर्जित श्रेणियों को छोड़कर)। इन सभी छूटों की कुल सीमा उपर्युक्त सभी प्लेटफर्म पर की गई खरीदारी के लिए 2,000 प्रति माह होगी। इसके अतिरिक्त बिस्ट्रो पर 10 प्रतिशत की तत्काल छूट और डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से मूवी टिकट खरीदने पर एक के साथ एक टिकट मुफ्त का ऑफर मिलेगा। (इटर्नल के ब्रांडों पर मिलने वाली सभी छूटें इन प्लेटफॉर्म पर पहले से उपलब्ध ऑफर के अतिरिक्त होंगी।) इटर्नल एसबीआई कार्ड के माध्यम से ग्राहक अपोलो 24 गुना 7, इक्सिगो, उबर और अर्बन कंपनी पर खर्च करने पर 5 प्रतिशत कैशबैक भी कमा सकते हैं। इस कैशबैक की अधिकतम सीमा 1,000 प्रति माह होगी। इटर्नल एसबीआई कार्ड में कैशबैक स्वतः खाते में जमा होने की सुविधा भी है। इसके तहत, स्टेटमेंट तैयार होने पर पात्र लेन-देन पर मिलने वाला कैशबैक सीधे एसबीआई कार्ड खाते में अपने आप जमा हो जाएगा।

एसबीआई कार्ड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सलिला पांडे ने कहा, एसबीआई कार्ड हमेशा से अपने ग्राहकों की अलग-अलग जीवनशैली और पसंद के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहा है, ताकि उन्हें अधिकतम लाभ और बेहतर अनुभव मिल सके। इटर्नल के साथ रणनीतिक साझेदारी में इटर्नल एसबीआई कार्ड की शुरुआत इसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ग्राहकों की रोजमर्रा की खर्च संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह कार्ड कई श्रेणियों में आकर्षक कैशबैक लाभ, सुविधा और बेहतर मूल्य प्रदान करता है। इस कार्ड की शुरुआत से हमारे खुदरा सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो को और मजबूती मिलेगी।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के आरोप में शिक्षक निलंबित

तुरकौलिया(एनएसबी)। पिपराकोठी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभनौलिया में नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के आरोप में शिक्षक बलिराम कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ पोक्सो एक्ट (च्ळ्ळ्) और भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, शिक्षक पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने यह कार्रवाई की है। विभागीय आदेश में बताया गया है कि अनुशासनात्मक कार्रवाई बिहार राजकीय विद्यालय अध्यापक नियमावली, 2023 के प्रावधानों के तहत की गई है। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शिक्षक को निलंबित किया। पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। नाबालिग छात्रा से संबंधित मामले में पुलिस साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। शिक्षा विभाग की कार्रवाई के बाद विद्यालय एवं शिक्षा विभाग में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। विभागीय स्तर पर भी प्रकरण से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

आस्था और प्राचीन इतिहास का केंद्र बनी घोड़हन देवी शक्तिपीठ

नवरात्रि के पांचवें दिन उमड़े श्रद्धालु, संतान सुख व मनोकामना के लिए की पूजा-अर्चना

मोतिहारी(एनएसबी)। शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना को लेकर अरेराज प्रखंड के झखरा गांव के समीप स्थित घोड़हन देवी शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य, संतान सुख और मंगलकामना के लिए पूजा-अर्चना की। अरेराज धाम से करीब तीन किलोमीटर दूर पुरैना चवर के टीले पर विशाल वटवृक्ष के नीचे स्थित माता की पिंडी क्षेत्र की लोक आस्था का प्रमुख केंद्र मानी जाती है।

नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां स्कंदमाता की आराधना से संतान सुख, सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा की कामना की जाती है। श्रद्धालुओं ने फल, पुष्प, मिठाई सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार के कल्याण की प्रार्थना की।

विशाल वटवृक्ष है आकर्षण घोड़हन देवी स्थान परिसर



घोड़हन देवी शक्तिपीठ।

का विशाल वटवृक्ष श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसकी शाखाओं और तने पर प्रातिक रूप से बनी आतियां हाथी, घोड़ा, ऊंट और जिराफ जैसे पशुओं से मिलती-जुलती दिखाई देती हैं। प्राचीन पिंडी, विशाल वटवृक्ष और आसपास का प्रातिक वातावरण इस स्थल को विशिष्ट बनाता है।

रामायणकालीन प्रसंगों से जुड़ी जनश्रुति

स्थानीय मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को लव-कुश ने इसी क्षेत्र में रोककर अयोध्या की सेना को चुनौती दी थी। इसी प्रसंग से इस स्थल का नाम घोड़हन माता के रूप में प्रसिद्ध होने की मान्यता प्रचलित है। रामपुरवा, लखनीपुर, संग्रामपुर, दीघा मठ, वाल्मीकि आश्रम और चंडीस्थान जैसे आसपास के स्थलों को भी स्थानीय जनश्रुतियों में रामायणकालीन प्रसंगों से जोड़ा जाता है।

कुषाणकालीन अवशेष मिलने का दावा

स्थानीय विवरणों के अनुसार, यहां खुदाई के दौरान कुषाणकालीन मिट्टी की मूर्तियां मिली थीं, जिन्हें भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से संबंधित बताया जाता है। पुराने छोटे-छोटे कुओं के अवशेष मिलने की बात भी कही जाती है। हालांकि, इन पुरातात्विक दावों की विशेषज्ञों से वैज्ञानिक जांच और पुष्टि तथा स्थल के संरक्षण की आवश्यकता है।

शक्तिपीठ के प्रधान आचार्य एवं सेवक आचार्य संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि घोड़हन देवी स्थान धार्मिक आस्था, लोकपरंपरा और ऐतिहासिक महत्व का संगम है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। विशेष रूप से पुत्र-प्राप्ति की कामना से भी कई दंपती माता के दरबार में पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां भगवती के प्रति श्रद्धा से उन्हें मानसिक शांति और संबल मिलता है। जजमान रामजी सिंह, अध्यक्ष छबि सिंह, बाबू साहेब सिंह, अरविंद सिंह, विक्रम सिंह, शिवाकांत शर्मा, मोहित कुमार, अंकु कुमार एवं बजरंगी कुमार ने बताया कि घोड़हन देवी स्थान के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। नवरात्रि में यहां विशेष उत्साह रहता है।धार्मिक महत्ता के साथ प्राचीन अवशेषों से जुड़े विवरण और रामायणकालीन जनश्रुतियां इस स्थल को सांस्तिक ष्टि से महत्वपूर्ण बनाती हैं। स्थल के इतिहास का दस्तावेजीकरण, पुरातात्विक दावों की जांच तथा परिसर के संरक्षण और विकास की आवश्यकता है। आचार्य संतोष कुमार तिवारी ने नवरात्रि पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए मां भगवती से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और मंगल की प्रार्थना की।

संक्षिप्त खबरें

लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक 12 दिसंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

मोतिहारी(एनएसबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (छ।सै।) के निर्देश पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विशेष एनआई एक्ट लोक अदालत की सफलता को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अभिषेक कुमार दास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 12 दिसंबर 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत तथा 21 नवंबर 2026 को प्रस्तावित विशेष एनआई एक्ट लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गईस बैठक में अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों की पहचान कर लोक अदालत में उनका आपसी सहमति से निष्पादन कराने पर जोर दिया गया। संबंधित विभागों को मामलों के चितिीकरण, पक्षकारों को समय पर सूचना देने तथा विभागीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। आम लोगों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया।सुरक्षित बचपन अभियान की भी


बैठक करते जिला जज, डीएम एवं एसपी।

हुई समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के 'सुरक्षित बचपन अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। जिले के विद्यालयों में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, बाल सुरक्षा तथा पक्सो अधिनियम के प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयवार कार्ययोजना तैयार करने पर विचार किया गया।इसके अलावा पीड़ित क्षतिपूर्ति बोर्ड की बैठक में पीड़ितों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। विचाराधीन बंदियों की समीक्षा समिति की बैठक में बंदियों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए पात्र मामलों में नियमानुसार कार्रवाई पर चर्चा हुई।एक ही दिन में राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष एनआई एक्ट लोक अदालत, सुरक्षित बचपन अभियान, पीड़ित क्षतिपूर्ति बोर्ड और विचाराधीन बंदियों की समीक्षा समिति से संबंधित पांच महत्वपूर्ण बैठकों के माध्यम से कार्यो की समीक्षा की गई। सचिव नितिन त्रिपाठी ने समयबद्ध कार्रवाई और विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।बैठक में जिलाधिकारी-सह-उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौरभ सुमन यादव, पुलिस अधीक्षक-सह-सदस्य स्वर्ण प्रभात, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला वन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, सहायक जिला परिवहन पदाधिकारी तथा यातायात पुलिस उपाधीक्षक सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मोतिहारी में 40-50 लाख की लूट

पिस्टल के बल पर छह बदमाशों ने घर में घुसकर लूटे आभूषण, नकदी और जमीन के कागजात
15 वर्षीय किशोर को बंधक बनाने का आरोप

मोतिहारी (एनएसबी)। नगर के आजादनगर स्थित एकौना मानसपुरी में गुरुवार की शाम अनिल गुप्ता के घर कथित लूट की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, पिस्टल के बल पर छह बदमाशों ने घर में घुसकर करीब 40 से 50 लाख रुपये के आभूषण, नकदी और जमीन के कागजात लूट लिए। हालांकि, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मामले को प्रथम ष्टया संदिग्ध बताते हुए परिजनों के बयानों में अंतर होने की बात कही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम करीब 4रू30 बजे पांच से छह की संख्या में हथियारबंद बदमाश अनिल गुप्ता के घर पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने पिस्टल के बल पर घर में मौजूद लोगों को अपने कब्जे में लेकर लूटपाट की। घटना के समय घर में उनकी पत्नी और उनका 15 वर्षीय पुत्र विष्णु मौजूद थे। परिजनों का आरोप है कि बदमाशों ने किशोर को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया और आभूषण, नकदी तथा जमीन के कागजात लेकर फरार हो गएस घटना के बाद यह भी बताया गया कि बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क और मोबाइल सिम भी अपने साथ ले गए। हालांकि, इन तथ्यों की पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि अनिल गुप्ता ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) में औरंगाबाद में पदस्थापित हैं और मेडिकल अवकाश पर घर आए थे। घटना के समय उनके दवा लेने अस्पताल जाने की बात सामने आई है। सूचना मिलने के करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।फाइल विवाद की आशंका, बयानों में अंतर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्रथम ष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। परिजनों के बयानों में अंतर पाया गया है। उन्होंने एक फाइल को लेकर विवाद की आशंका भी जताई है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।फिलहाल, कथित लूट की वास्तविकता, संपत्ति के मूल्य और घटना के पीछे के कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

अष्टभुजी शक्तिपीठ मंदिर में प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था पर बनी सहमति

परबत्ता (एनएसबी)। शारदीय दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर परबत्ता प्रखंड के नयागांव पंचायत स्थित शिरोमणि टोला के अष्टभुजी शक्तिपीठ मंदिर परिसर का प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में गोगरी के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार पंडित, अंचल अधिकारी हरिनाथ राम तथा परबत्ता थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही, दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था संधारण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान दुर्गापूजा समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में मोबाइल टयलेट की व्यवस्था कराने की मांग प्रशासन से की। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सहमति जताते हुए आवश्यक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।


निरीक्षण करते एसडीओ।

पीएम आवास के छूटे पात्रों की सूची बनाएं भूमिहीनों को मिलेगी वास भूमि : डीएम

एक सप्ताह में डिग्री कलेजों की जमीन के अभिलेख जमा करने का निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के छूटे हुए पात्र लाभुकों की अलग सूची तैयार करने तथा अपात्र लोगों के नाम हटाने का निर्देश दिया है। गुरुवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि महादलित टोलों में बीडीओ स्वयं भ्रमण कर पात्र लोगों को चिति करें और उनका भौतिक सत्यापन कराएं।डीएम ने सभी अंचल अधिकारियों को भूमिहीन परिवारों के आवेदनों की जांच कर पात्र लोगों को सरकारी वास भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सरकारी जमीन


बैठक में उपस्थित अधिकारी।

पर पहले से रह रहे परिवारों को वहीं बसाने की व्यवस्था करने को कहा। सहयोग शिविर में प्राप्त भूमि विवाद सहित अन्य आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने तथा एसडीओ को प्रत्येक गुरुवार बीडीओ और सीओ के साथ समीक्षा करने का निर्देश दिया।

सारण शिक्षक निर्वाचन के मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के जरिए बैलेट बक्स संचालन और मतदान प्रक्रिया की दी गई विस्तृत जानकारी

मोतिहारी(एनएसबी)। आगामी बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की तैयारियों के तहत गुरुवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में संबंधित मतदान कर्मियों एवं माइक्रो अब्जर्वरों का द्वितीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी, मतदान दल पदाधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा माइक्रो अब्जर्वरों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण सत्र में मतदान कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। मतदान कर्मियों को सैद्धांतिक जानकारी देने के साथ-साथ हैंड्स-अन ट्रेनिंग भी कराई गई, ताकि वे मतदान के दिन अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी दक्षता के साथ कर सकें। इस दौरान बैलेट


प्रशिक्षण देते अधिकारी।

बक्स के संचालन, उसके उपयोग तथा मतदान प्रक्रिया से जुड़े आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल के सभी पदाधिकारियों एवं माइक्रो अब्जर्वरों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें चुनाव के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने, प्रक्रियागत सावधानियां बरतने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें मतदान कर्मियों ने अपनी शंकाओं और सवालों को रखा। प्रशिक्षकों ने उनके प्रश्नों का उत्तर देकर आवश्यक बिंदुओं को स्पष्ट किया।इस अवसर पर वरीय प्रभारी, प्रशिक्षण कोषांग सह अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार भारती, मास्टर ट्रेनर अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अरेराज तथा अन्य मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक पदाधिकारी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी को गंभीरता से समझने और निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य करने पर बल दिया।

संक्षिप्त खबरें

राशन दुकानों और मिठाई प्रतिष्ठानों की होगी जांच

मोतिहारी(एनएसबी)। जनवितरण प्रणाली की दुकानों की शत-प्रतिशत जांच कर लाभार्थियों का बयान दर्ज करने का निर्देश दिया गया। कमियां मिलने पर नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। पर्व-त्योहार को देखते हुए बड़े मिठाई प्रतिष्ठानों की नियमित जांच, रावण दहन स्थलों की सुरक्षा और पूजा पंडालों के पास बड़े झूले नहीं लगाने पर विशेष जोर दिया गया।जमाबंदी सुधार अभियान में चकिया के कार्य की सराहना की गई, जबकि पहाड़पुर की असंतोषजनक प्रगति पर सीओ को कड़ा निर्देश दिया गया। कायाकल्प अभियान के तहत शिक्षा सहित अन्य विभागों को शीघ्र काम शुरू करने को कहा गया।

शराब माफिया सह तथाकथित पत्रकार पंकज कुमार सिंह गिरफ्तार

विदेशी शराब, हथियार कारतूस व नगदी रुपये बरामद, गया जेल

मोतिहारी(एनएसबी)। छतौनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के छोटा बरियारपुर स्थित कोल्ड स्टोरेज के समीप एक मकान में छापेमारी कर हथियार कारतूस, नगदी रुपये एवं विदेशी शराब के साथ शराब कारोबारी सह तथाकथित पत्रकार पंकज कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त कारोबारी अपने किराये के घर में हथियार व कारतूस रखा है। सूचना पर परिक्ष्यमाण डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए किराये के घर पर छापेमारी की गयी, जहां से एक देशी पिस्टल,4 जिंदा कारतूस,3 बोतल ब्रांडेड विदेशी शराब एवं करीब एक लाख पैंतीस हजार रुपये के साथ कारोबारी सह तथाकथित पत्रकार कोटवा थाना क्षेत्र के सोबैया गांव निवासी ललन सिंह के पुत्र पंकज कुमार सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी में प्रशिक्षु डीएसपी श्री कुमार के अलावे पर्यवेक्षी पदाधिकारी छतौनी रंधीर भट्ट , थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह,अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज, दारोगा जयंती कुमारी, अंकुल कुमार,जिला आसूचना इकाई एवं सशस्त्र बल छतौनी थाना शामिल थे।

दीपक हत्याकांड का दूसरा नामजद आरोपी कोर्ट में सरेंडर

तुरकौलिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर खिरुआ में दीपक कुमार हत्याकांड के दूसरे नामजद अभियुक्त दिलकश आलम ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। वह जयसिंहपुर बेचू टोला निवासी फरहाद आलम का पुत्र है। पुलिस की लगातार छापेमारी के बाद उसके सरेंडर करने की बात सामने आई है। इससे पहले मामले के मुख्य नामजद आरोपी सुमन कुमार ने नौ अक्टूबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था।जानकारी के अनुसार, पांच अक्टूबर की रात खिरुआ बाजार निवासी दीपक कुमार को सुमन कुमार और दिलकश आलम घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। अगले दिन छह अक्टूबर की सुबह दीपक का शव रेतवा नदी के किनारे से बरामद किया गया था। शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी थी।पुलिस के अनुसार, दीपक की चाकू से हमला कर हत्या की गई थी। घटना को लेकर मृतक के पिता ने तुरकौलिया थाना में आवेदन देकर सुमन कुमार और दिलकश आलम समेत अन्य लोगों को आरोपित बनाया था। इसके बाद से पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सरेंडर करने वाले आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। पूछताछ में हत्या से जुड़े अन्य तथ्यों और घटना में शामिल लोगों के संबंध में जानकारी मिलने की उम्मीद है। पुलिस मामले की जांच आगे बढ़ा रही है।

मनरेगा में मानव दिवस सृजन की रफ्तार बढ़ाएं

एक सप्ताह में लंबित कार्य पूरा करने का निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को मनरेगा (ठठ-ळ ह।ड ळ) योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मानव दिवस सृजन, पीएम आवास योजना-ग्रामीण से अभिसरण, ई-केवाईसी, जियो टैगिंग, योजनाओं की पूर्णता, पौधरोपण सहित अन्य कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक एवं सहायक अभियंता, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक तथा मानव दिवस सृजन में कम उपलब्धि वाले 100 पंचायतों के पंचायत रोजगार सेवक शामिल हुए।समीक्षा में पाया गया कि मानव दिवस सृजन में जिले की उपलब्धि 4268 प्रतिशत है, जबकि राज्य का औसत 4413 प्रतिशत है। बंजरिया में 2604, मेहसी में 2653, आदापुर में 2720, कल्याणपुर में 2796, घोड़ासहन में 2906, बनकटवा में 2909 और पकड़ीदयाल में 2909 प्रतिशत उपलब्धि


बैठक में उपस्थित अधिकारी।

पाई गई। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को कम से कम 50 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया।पीएम आवास योजना-ग्रामीण के अभिसरण के तहत 23,950 योजनाओं में 1,857 योजनाओं में एमआर निर्गत किया गया है। इसकी उपलब्धि 721 प्रतिशत है। कम उपलब्धि वाले प्रखंडों को एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

ई-केवाईसी में जिले के 4,38,936 सक्रिय मजदूरों में 3,97,179 का ई-केवाईसी पूरा हुआ है। उपलब्धि 9052 प्रतिशत है, जबकि 41,603 मजदूरों का ई-केवाईसी लंबित है। इसे एक सप्ताह में शत-प्रतिशत पूरा कराने को कहा गया।जियो टैगिंग के प्रथम चरण में आठ, द्वितीय चरण में 1,585 और तृतीय चरण में 1,939 मामले लंबित हैं। सभी लंबित मामलों का एक सप्ताह में निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया।मनरेगा की 43,399 शुरू योजनाओं में मात्र 2,287 पूरी हुई हैं। उपलब्धि 527 प्रतिशत है। कम से कम 90 प्रतिशत अपूर्ण योजनाओं को पूरा कराने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा गया। पौधरोपण में निर्धारित 9,50,400 के लक्ष्य के विरुद्ध 7315 प्रतिशत उपलब्धि हुई है। जल-जीवन-हरियाली और सोशल अडिट के लंबित मामलों को भी शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

कटडूमर घाट और अगर दह घाट-खररा की सैरात बंदोबस्ती अब 30 अक्टूबर को

सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)। कटडूमर घाट और अगर दह घाट-खरारा की सैरात बंदोबस्ती की तिथि में बदलाव किया गया है। पूर्व निर्धारित तिथि 16 अक्टूबर 2026 के स्थान पर अब 30 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे बंदोबस्ती होगी। बिहार विधान परिषद के कोसी स्नातक निर्वाचन 2026 को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के कारण यह बदलाव किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निदेर्शानुसार सैरातों के प्रबंधन, नियंत्रण एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी पंचायत समिति को सौंपी गई है। बंदोबस्ती के लिए पूर्व में जारी शर्तें यथावत रहेंगी। बीडीओ के द्वारा पुनः आदेश जारी किया गया।

बजराहा में संतमत अधिवेशन की तैयारी तेज, 24 अक्टूबर को पहुंचेगे कई मंत्री, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



मंच का जायजा लेते जदयू प्रखंड अध्यक्ष व अन्य।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सरौनी मधेपुरा पंचायत के बजराहा गांव में आगामी 24 अक्टूबर को अखिल भारतीय मेंही संतमत अधिवेशन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। अधिवेशन का उद्घाटन बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री निशांत कुमार के कर-कमलों से प्रस्तावित है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार तथा बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों के शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्रियों एवं अन्य अतिथियों के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि बबलू मंडल, जदयू के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर झा उर्फ पप्पू झा सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, ताकि अधिवेशन में पहुंचने वाले संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और अतिथियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

मां जीवछ के दरबार में खीर और छागर चढ़ाने की वर्षों पुरानी परंपरा



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में महाराज हरिबल्लभ नारायण सिंह के गन्धवरिया परिवार से जुड़ी मां भगवती जीवछ की पूजा की परंपरा आज भी श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जा रही है। इस परंपरा के तहत देहद ,बेहट सोहा, शाहपुर, लगमा, मनौरी, सहसौल और गोदराम सहित आसपास के कई गांवों में भव्य रुप से पूजा-अर्चना की जाती है। स्थानीय परंपरा के अनुसार, मां जीवछ के दरबार में पूजा के दौरान प्रकांड विद्वान पंडितों के द्वारा सम्पूर्ण देवी पाठ , पाइस खीर और छागर बलि चढ़ाने की प्रथा प्रचलित है। परिवार के लोग इस परंपरा को अपनी आस्था, विश्वास और पूर्वजों की विरासत से जोड़कर देखते हैं। पूजा के अवसर पर श्रद्धालु विधि-विधान से मां की आराधना करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली की कामना करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक परंपराओं का विशेष महत्व है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही ऐसी मान्यताएं लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़े रखती हैं। मां जीवछ के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था के कारण पूजा के अवसर पर धार्मिक माहौल बना रहता है। गन्धवरिया परिवार से जुड़ी यह परंपरा क्षेत्र की लोक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है।

सहुरिया में 9.72 लाख से बनेगा आंगनबाड़ी केंद्र, कायाकल्प योजना के तहत उर्दू मध्य विद्यालय परिसर में किया गया लेआउट



जगह का निरीक्षण करते पीओ व अन्य।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड की सहुरिया पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित उर्दू मध्य विद्यालय सहुरिया परिसर में गुरुवार को बिहार सरकार की कायाकल्प योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए लेआउट किया गया। केंद्र के निर्माण पर 9 लाख 72 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। लेआउट के दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार, सहायक अभियंता राज मोहन चैधरी, पीटीए सुमन कुमार सिंह, रोजगार सेवक अजय कुमार, पंचायत के मुखिया मु. ईसा, मुखिया प्रतिनिधि हैदर राजा तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक कैसर आलम मौजूद थे। इसके अलावा शब्बीर आलम, राकेश कुमार शत्रुघन यादव समेत कई ग्रामीण भी उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण से स्थानीय बच्चों को प्रारंभिक देखभाल और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। केंद्र बनने से बच्चों को एक बेहतर स्थान पर आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं मिलने की उम्मीद है।

डीएम व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में दशहरा पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था व सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित



बैठक में डीएम, एसपी, डीडीसी व अन्य।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में डीएम वं एसपी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दशहरा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, आम नागरिकों की सुरक्षा तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी निर्धारित समय पर अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेंगे तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में आमजन का सहयोग प्राप्त करेंगे। संवेदनशील एवं सांप्रदायिक तनाव की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। बैठक में बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता का सभी पूजा पंडालों एवं संबंधित आयोजनों में अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पूजा समितियां निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें तथा किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो। जिलाधिकारी ने रावण पुतला दहन स्थलों पर सुरक्षित दूरी निर्धारित करने एवं बैरिकेडिंग कराने के साथ आयोजन समितियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों और प्रयाप्त निकास द्वार की व्यवस्था करने और सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अनुमति के अनुरूप ही कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि दशहरा पर्व के दौरान लड़कियों एवं महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। पूजा पंडालों, मेले एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्ती तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि महिलाएं एवं लड़कियां सुरक्षित वातावरण में पर्व में शामिल हो सकें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन, पार्किंग स्थल एवं नो-पार्किंग क्षेत्रों को पूर्व से चिह्नित कर आवश्यक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता आयुक्त, नगर निगम, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

देहद से युवती लापता, बहला-फुसलाकर ले जाने की



लापता युवती की माता।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। सोनवर्षाराज थाना क्षेत्र के देहद गांव से एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां रेणू देवी ने अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए सोनवर्षा थाना में आवेदन दिया है। साथ ही पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, बीते 14 अक्टूबर को रेणू देवी मवेशियों के लिए चारा लाने बहियार गई थीं। वापस घर लौटने पर उनकी पुत्री गायब मिली। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कहीं कोई पता नहीं चला। रेणू देवी ने आवेदन में बताया है कि उनकी पुत्री चोरी-छिपे मनीष कुमार नाम के एक युवक से मोबाइल फोन पर बातचीत किया करती थी। उन्होंने आशंका जताई है कि उक्त युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुत्री के अचानक लापता होने से चिंतित मां ने किसी अनहोनी की आशंका भी जताई है। इस संबंध में सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस लापता युवती का पता लगाने में जुटी है।

चिरैया थाना पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर निकला फ्लैग मार्च



सलखुआ (दैनिक नवसंदेश)। सलखुआ प्रखंड अंतर्गत पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर फरकिया दियारा के कबीरा धाप बाजार में दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च चिरैया थाना अध्यक्ष इंद्रजीत तांती और अपर थाना अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में निकाला गया।फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों से शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा।

डीएम ने वासंतिक कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन, किसानों को कृषि योजनाओं की दी गई जानकारी



उद्घाटन करते डीएम, एसपी व कृषि अधिकारी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। गुरूवार को सहरसा के प्रेक्षागृह में वासंतिक कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, प्राचार्य मंडन भारती कृषि महाविद्यालय, निदेशक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, प्रधान-सह-वरीय कृषि विज्ञान केंद्र, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी, सहरसा ने कोसी क्षेत्र में पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए मखाना उत्पादन में जिले को अग्रणी पंक्ति में लाने, मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को संतुलित उर्वरक के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 से 31 अक्टूबर 2026 तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में वासंतिक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। वहीं 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक सभी ग्राम पंचायतों में किसान जन-कल्याण चैपाल-सह-खेत बचाओ अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 16 अक्टूबर से सभी प्रखंडों में वासंतिक एलडी रथ के माध्यम से कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार एवं महिला कृषकों ने भाग लिया।

पतरघट बाजार में जाम की समस्या दूर करने को लेकर प्रशासन सख्त, सड़क से दुकान हटाने का निर्देश



बैठक के दौरान अधिकारी।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को पतरघट प्रखंड सभागार हॉल में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय कुमार एवं पतरघट थानाध्यक्ष शशि कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा क्षेत्र में शांति और सद्भाव कायम रखने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान पतरघट बाजार में लगने वाले जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। इस पर सीओ संजय कुमार एवं थानाध्यक्ष शशि कुमार ने सड़क के आगे अवैध रूप से दुकान बढ़ाकर लगाने वाले दुकानदारों को शीघ्र अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सड़क पर दुकान का सामान फैलाकर रखने से आवागमन बाधित होता है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित जगह पर ही अपनी दुकान लगाएं और सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखें। चेतावनी के बावजूद निदेर्शों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने, शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुरली बसंतपुर में नवरात्रि पर डेली शाम में होता है संध्या भजन



सार्वजनिक दुर्गा मंदिर।

कहरा (सहरसा) (एनएसबी)। कहरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरली बसंतपुर में नवरात्रि पर्व की कलश स्थापना के साथ ही सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रत्येक शाम संध्या भजन का आयोजन किया जा रहा है।भजन संध्या में विभिन्न जिलों से आए कलाकारों द्वारा दर्शकों के बीच एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना रहा हैं।

उल्लेखनीय हों कि मुरली बसंतपुर में लोगों के सहयोग से आयोजित मेला में दसों दिन प्रत्येक शाम संध्या भजन, आरती एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं।मेला कमेटी अध्यक्ष रामदेव चैधरी,सचिव कुंदन कुमार, जितेंद्र कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि ददन महतों ने बताया कि तेरह वर्ष पूर्व गांव में युवाओं ने चंदा इकट्ठा कर नवरात्रि के अवसर पर यहां एक त्रिपाल में माता दुर्गा और अन्य देवी देवताओं की मुर्ती बना कर मेला का शुरूआत किया था।उस समय से यहां लोगों की मनोकामना पूर्ण होती गई और देवी दुर्गा के प्रति लोगों का श्रद्धा और विश्वास बढ़ता गया।फलस्वरूप आज लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है।जहां शुरआत से ही मुर्तिकार रहे प्रेम पंडित द्वारा देवी दुर्गा,गणेश,लक्ष्मी सरस्वती सहित अन्य देवी देवताओं की आर्कषक मुर्तियां बना कर भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है।

दुर्गा पूजा आपसी भाईचारे, श्रद्धा व सौहार्द का पर्व है : एसडीओ



फ्लैग मार्च में एसडीओ व एसडीपीओ

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिले के सिमरीबख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंर्तगत दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बख्तियापुर पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ आलोक राय और एसडीपीओ निशिकांत भारती ने किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, वहीं असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च बख्तियापुर थाना परिसर से शुरू होकर ब्लाक चैक, शर्मा चैक और मुख्य बाजार होते हुए स्टेशन चैक पहुंचा। इसके बाद पुलिस टीम ने नगर परिषद क्षेत्र के अन्य संवेदनशील स्थानों का भी भ्रमण किया। विभिन्न चैक-चैराहों और बाजार क्षेत्रों से गुजरते हुए पुलिस बल पुनः थाना परिसर पहुंचा। इस दौरान पुलिस की सक्रियता से लोगों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष नजर दुर्गा पूजा के दौरान मंदिरों, पूजा पंडालों और मेला स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी अप्रिय घटना को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का संदेश दिया। प्रशासन की ओर से पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। असामाजिक तत्वों पर रहेगी प्रशासन की नजर। इस मौके पर एसडीओ आलोक राय ने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी भाईचारे, श्रद्धा और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग आपसी सहयोग और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने लोगों से प्रशासन के दिशा-निदेर्शों का पालन करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।वहीं, एसडीपीओ निशिकांत भारती ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च में सर्किल इंस्पेक्टर निवास कुमार, थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत,एक घायल

खगड़िया। जिले के चौथम थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहियार निवासी दीप नारायण यादव के करीब 40 वर्षीय पुत्र पंकज यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक पंकज यादव अपने बुजुर्ग पड़ोसी चंदेश्वरी कंजीकार के साथ अपरा करीब चार बजे अपनी मोटरसाइकिल से मां कात्यायनी मंदिर परिसर में चल रहे कथा सुनने जा रहे थे कि अचानक धमारा घाट के निकट स्टेट हाइवे-95 पर सामने से आ रही एक स्कार्पियो से जबदस्त भिड़ंत में दोनों गंभीर रूप घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के सदर अस्पताल लाया गया, जहां पंकज यादव की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। जबकि चंदेश्वरी कंजीकार को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस द्वारा घटना में शामिल गाड़ी स्कार्पियो को जप्त कर मामले की जांच की जा रही है। गाड़ी की ड्राइवर फरार बताया गया है। सदर अस्पताल में मृतक के लाश का पोस्मार्टम कर परिजनों के हवाले कर दिया गया।

बदहाली के कगार बुनियादी केंद्र, जरूरत मंद लोग परेशान

बेलदौर। प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी केंद्र बदहाली के कगार पर पहुंच गया है। केंद्र पर सेंटर मैनेजर की लंबे समय से नहीं रहने के कारण यह सरकारी भवन पूरी तरह वीरान और खाली पड़ा हुआ है। देखरेख के अभाव में यहां आने वाले जरूरतमंदों को काफी परेषानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जिला प्रबंधक निर्मला कुमारी कभी-कभार यहां आती हैं। उनके नियमित रूप से उपस्थित न होने और स्थानीय स्तर पर किसी जिम्मेदार अधिकारी या सेंटर मैनेजर की तैनाती न होने के कारण बुनियादी केंद्र का दैनिक संचालन और सभी प्रकार के कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन और आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं के अभाव में यह महत्वपूर्ण केंद्र दिनभर सुनसान नजर आता है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस केंद्र पर जल्द से जल्द सेंटर मैनेजर की नियुक्ति की जाए, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और जरूरतमंदों के लिए संचालित होने वाली सरकारी योजनाएं सुचारू रूप से शुरू हो सकें और केंद्र की रौनक वापस लौट सके।

अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के लिये लगाना पर रहा है चक्कर

बेलदौर। अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज का कार्य ठप होने के कारण क्षेत्र की जनता भारी परेशानी का सामना कर रही है। ताजा मामला बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के श्रीपुर गांव का है, जहां के निवासी विवेक कुमार विवेक पिछले करीब तीन महीनों से अपनी जमीन के दाखिल- खारिज के लिए लगातार अंचल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, जब वह गुरुवार को अपनी समस्या लेकर अंचलाधिकारी रवि कुमार के पास पहुंचे, तो उन्होंने पूरे बिहार में दाखिल-खारिज बंद होने का अजीब तर्क दिया। अधिकारी का यह जवाब सुनकर विवेक को निराश होकर बेरंग वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में विवेक कुमार विवेक ने बताया कि जब सरकार के द्वारा दाखिल खारिज करवाने को लेकर शक्ति पेश किया तो फिर आम लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए क्यों भटकना पड़ रहा है।

घर से कफ सिरप और अंग्रेजी शराब बरामद, गिरफ्तार

गोगरी। गोगरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शिसवा गांव में छापेमारी कर कफ सिरप और अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है।थाना अध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शिसवा गांव के वार्ड संख्या 13 निवासी नीरज यादव के घर में शराब रखी गई है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने जब उक्त घर में छापेमारी की तो वहाँ से सौ एमएल के 92 कफ सिरप, 375 एमएल की अंग्रेजी शराब की तीन बोतलें और 750 एमएल की एक खुली हुई आधा शराब की बोतल बरामद की गई। मौके से एक महिला को हिरासत मे लिया गया।थाना अध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।महिला से पूछताछ की जा रही है।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

गंगा किनारे मां भगवती का अद्भुत दरबार, होती हैं भक्तों की मुरादें पूरी

परबत्ता (एनएसबी)। गंगा की पावन धारा के किनारे बसा मां भगवती का दरबार, आस्था की अनूठी कहानी और 118 वर्षो से चली आ रही रामलीला की परंपरा! प्रखंड के कबेला पंचायत अंतर्गत डुमरिया खुर्द स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर की महिमा अपरंपार है। यहां मां के दर्शन करने और मन्नतें मांगने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों की मान्यता है कि मां भगवती के दरबार में फुलाईस के माध्यम से भक्त अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं और मां उनकी झोली खुशियों से भर देती हैं। यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत और सांस्तिक पहचान का भी प्रतीक है। गंगा के कटाव की त्रासदी से जुड़ी इसकी कहानी, मां के प्रति अटूट विश्वास और पीढ़ियों से चली आ रही पूजा-पद्धति इसे खास बनाती है। बताते चले कि डुमरिया खुर्द गांव में दशहरा के अवसर पर वर्ष 1908 से खुले मैदान में रामलीला के आयोजन की परंपरा चली आ रही है। इस आयोजन में दो दर्जन से अधिक ग्रामीण कलाकार हिस्सा लेते हैं। खास बात यह है कि इसमें अलग-अलग उम्र के कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। ग्रामीण विजय कुमार राय, शिव कुमार राय, रवीन्द्र झा और ड़ अविनाश चंद्र राय बताते हैं कि पहले रामलीला में भाग लेने वाले कलाकार फलाहार और उपवास के साथ पूरी श्रद्धा एवं भक्ति से अपनी कला प्रस्तुत करते थे। हालांकि, समय के साथ इस परंपरा में बदलाव आया है। पहले दस दिनों तक चलने वाला कार्यक्रम अब पांच से छह दिनों में ही संपन्न हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि



दुर्गा मंदिर।

एक सदी से अधिक समय से जीवित इस सांस्तिक विरासत को बचाने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए प्रशासन को भी आगे आना चाहिए। बीच-बीच में मां भगवती रामलीला टीम को आर्थिक सहायता मिलने से इस ऐतिहासिक आयोजन को नई ऊर्जा मिल सकती है। बताया जाता है कि मंदिर की धार्मिक परंपराओं में समय के साथ कई बदलाव आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यहां पहले पूजा के दौरान बलि प्रथा प्रचलित थी, जिसे लगभग 70 वर्ष पूर्व स्थायी रूप से समाप्त कर दिया गया। आज मंदिर में श्रद्धालु अपनी आस्था और भक्ति के साथ मां भगवती की आराधना करते हैं।मंदिर में पंडित रामानंद मिश्र का नाम परंपरा से जुड़ा रहा है। वर्तमान में पुजारी निरंजन झा और राजेन्द्र राय उर्फ बजरंगी मां की सेवा से जुड़े हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, मंदिर की स्थापना वर्ष 1902 में हुई थी। उस समय मंदिर वर्तमान स्थान से लगभग दो किलोमीटर पश्चिम में स्थित था। लेकिन गंगा के भीषण कटाव ने मंदिर को अपनी धारा में समा लिया। कटाव से प्रभावित लोगों को अपना आशियाना छोड़कर दूसरे स्थान पर शरण लेनी पड़ी। इसी दौरान नरसिंह लाला नामक व्यक्ति ने अस्थायी मंदिर बनाकर मां भगवती की पूजा-अर्चना शुरू की। बाद में उनका परिवार विस्थापित होकर भागलपुर और मुंगेर में बस गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से मां दुर्गा को फूस के घर में स्थापित कर पूजा की परंपरा जारी रखी।ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 1976 से वर्तमान मंदिर में नियमित रूप से मां की पूजा-अर्चना होती आ रही है। समय के साथ ग्रामीणों के सहयोग से यहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, जो आज श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। डुमरिया खुर्द का दुर्गा मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्तिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र रहा है। दुर्गापूजा और मेले के अवसर पर यहां नाटक, जागरण और अन्य सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। स्थानीय मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मन्नत पूरी होने पर भक्त मां भगवती के प्रति आभार प्रकट करते हुए चढ़ावा अर्पित करते हैं।गंगा तट पर स्थित भव्य मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। मां के प्रति अटूट विश्वास और सदियों से चली आ रही धार्मिक परंपराएं इस मंदिर की महिमा को और विशेष बनाती हैं। इस दुर्गा मंदिर की एक अनूठी परंपरा प्रतिमा विसर्जन से भी जुड़ी है। जहां अधिकांश स्थानों पर विजयादशमी के दिन प्रतिमा विसर्जन किया जाता है, वहीं यहां मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन एकादशी के दिन धूमधाम से किया जाता है। ग्रामीण रवीन्द्र झा , बच्चाकांत झा, रमेशचंद्र राय, बताते हैं कि विजयादशमी की रात रामलीला के अंतिम चरण में रावण वध का कार्यक्रम आयोजित होता है, जो देर रात तक चलता है। इसी वजह से यहां अगले दिन यानी एकादशी को प्रतिमा विसर्जन की परंपरा निभाई जाती है। इसके लिए प्रशासनिक स्वीति भी प्रदान की गई है।

मिसाइल मैन के जन्म दिवस पर किया गया पौधारोपण

खगड़िया (एनएसबी)। विश्व छात्र दिवस तथा मिसाइल मैन डक्टर ए0 पी0 जे अब्दुल कलाम के जन्म दिन पर पर्यावरण भारती द्वारा पौधारोपण किया गया। पर्यावरण भारती के संस्थापक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक तथा अखिल भारतीय पेड़ उपक्रम टोली सदस्य राम बिलास शाणि-डल्य ने कहा कि 2008 से पर्यावरण भारती लगातार वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रही है। अभी 3,123 पर्यावरण प्रहरी बिहार में तैयार करके वृक्षारोपण अभियान में लगया गया है। ये पर्यावरण प्रहरी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। पर्यावरणविद राम चरित्र शर्मा और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि विश्व छात्र दिवस वास्तव में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम का जन्म दिन है। डक्टर कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु राज्य के रामेश्वरम में हुआ था। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन थे। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वे छात्रों के बीच हमेशा लोकप्रिय थे। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि डक्टर कलाम साहब का संदेश था-- सपने वो नहीं होते जो आप सोने के बाद देखते हैं। सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देता। पर्यावरण भारती के पौधारोपण कार्यक्रम में जय प्रकाश शर्मा, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार,सागर महतों, बादल महतों, राम चरित्र शर्मा, राम बिलास शाण्डिल्य, पीयूष कुमार, आशीष कुमार, मनीष कुमार, आयूष कुमार, राजेन्द्र, छोटू, शिवम, सुधांशु, दीपक इत्यादि ने भाग लिए।



पर्यावरणविद व अन्य।

नवरात्र को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल



निर्माणाधीन पूजा पंडाल।

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि को लेकर उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के कुल आठ अलग-अलग स्थानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसको लेकर कमेटियों और स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर पंचायत बेलदौर स्थित मां दुर्गा के मुख्य प्रांगण में दर्शन और संध्या आरती के लिए अभी से ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। इस संबंध में बेलदौर नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि रंजन कुमार राज ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा और पंडाल निर्माण की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत और उत्सव के माहौल को आकर्षक बनाने के लिए हर चौक-चौराहों पर भव्य तोरण द्वार बनाए गए हैं, जिससे पूरे नगर पंचायत में देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हर रोज ओम शांति परिवार के रिचा भारती के द्वारा कथा की जाती है उनको सुनाने के लिए दूर दराज से भक्त पहुंचते हैं।

200 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों में चलेगा पॉक्सो जागरूकता अभियान

बच्चों को यौन शोषण से बचाव और कानूनी अधिकारों की दी जाएगी जानकारी

खगड़िया (एनएसबी)। बच्चों को यौन शोषण से बचाने और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिले के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं वाले सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल पर चलने वाले इस अभियान में विद्यार्थियों को पक्सो एक्ट के प्रावधानों, यौन शोषण की पहचान और ऐसी स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को बताया जाएगा कि यदि कोई व्यक्ति उनके साथ गलत व्यवहार करता है या किसी अनुचित गतिविधि के लिए दबाव डालता है, तो वे इसकी जानकारी अपने अभिभावक, शिक्षक अथवा किसी अन्य विश्वसनीय वयस्क को दें। बच्चों को यह भी समझाया जाएगा कि डराने-धमकाने या घटना को छिपाने के लिए दबाव बनाए जाने पर चुप रहने की जरूरत नहीं है। जानकारी हो कि पक्सो एक्ट यानी लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस कानून में बच्चों के विरुद्ध होने वाले विभिन्न लैंगिक अपराधों के लिए दंड का प्रावधान है। ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालयों की व्यवस्था भी की गई है। जागरूकता कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को कानून के प्रमुख प्रावधानों और उनके अधिकारों की जानकारी सरल भाषा में दी जाएगी। साथ ही, किसी अप्रिय घटना की स्थिति में विश्वसनीय व्यक्ति से मदद लेने और संबंधित अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के बारे में भी बताया जाएगा। अभियान के तहत बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। उन्हें अनजान लोगों के साथ निजी जानकारी और तस्वीरें साझा करने से बचने तथा अनलाइन धमकी या आपत्तिजनक संदेश मिलने पर अभिभावकों अथवा शिक्षकों को जानकारी देने की सलाह दी जाएगी। बच्चों को यह समझाने पर जोर रहेगा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे बिना डर अपनी बात सामने रखें। अभियान की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। इसमें शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, आईसीडीएस, बाल कल्याण समिति और जेजे बोर्ड के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार के ने की। इसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं वाले सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने और विभिन्न विभागों के समन्वय से बच्चों तक पक्सो कानून व बाल सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पहुंचाने पर चर्चा की गई।

जयंती पर याद किए गए मिसाइल मैन, वक्ताओं ने उनके आदर्शो को आत्मसात करने का लिया संकल्प

खगड़िया (एनएसबी)। सदर प्रखंड अंतर्गत रहीमपुर मध्य पंचायत के प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, नन्हकू मंडल टोला में गुरुवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात वैज्ञानिक एवं लेखक भारत रत्न ड़ एपीज़े अब्दुल कलाम की 95वीं जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला नागरिक परिषद के सदस्य एवं स्थानीय समाजसेवी आचार्य राकेश पासवान शास्त्री तथा प्रधानाध्यापिका ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच संचालन संस्त शिक्षक हीरालाल शास्त्री ने किया। उपस्थित लोगों ने ड. कलाम के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि ड. कलाम का जीवन संघर्ष, साधना, वैज्ञानिक चेतना और राष्ट्रनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। साधारण परिवार से देश के सर्वोच्च



कार्यक्रम में शिक्षक व अन्य।

संवैधानिक पद तक पहुंचकर उन्होंने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प से इतिहास रचा। मिसाइल मैन के रूप में भारतीय रक्षा एवं अंतरिक्ष कार्यक्रमों में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वे न केवल ज्ञान के पुजारी और कर्म के उपासक थे, बल्कि वास्तव में कलाम साहब छात्र युवाओं के लिए प्रेरणापुंज थे। उनका जीवन विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, ज्ञान अर्जित करने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा देता है। शास्त्री ने विद्यार्थियों से नशे और मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की। शास्त्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज किताब के सामने झुकोगे तो आने वाले समय में दुनियां तेरे कदमों में झुकेगी। उन्होंने कहा कि ड. कलाम के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उनके विचारों को आत्मसात कर विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना है। प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि ड. कलाम का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। उनके आदर्शो पर चलकर छात्र-छात्राएं अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक अशोक कुमार, रविंद्र कुमार, मयंक प्रियदर्शी, कुमारी सोनम, महताब आलम, पियुष कांति राय, पवन कुमार, लिपिक रूपम कुमारी, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य ईशा देवी तथा रात्रि प्रहरी राजेश यादव सहित छात्र-छात्राओं रोनिका, सूर्यवंश, मौसम, आर्यन, अंशिका, अंकिता और उजाला ने भाग लिया। सभी ने ड. कलाम के आदर्शो को जीवन में अपनाने तथा उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

दशहरा पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा

खगड़िया (एनएसबी)। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, विक्रम विरकर एवं पुलिस अधीक्षक पुष्कर आनंद की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दशहरा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, आम नागरिकों की सुरक्षा तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी



डीएम एवं अन्य अधिकारीगण।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी निर्धारित समय पर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेंगे तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में आमजन का सहयोग प्राप्त करेंगे। संवेदनशील एवं साम्प्रदायिक तनाव की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

पूजा पंडालों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी

बैठक में सभी पूजा पंडालों, कार्यक्रम स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। रावण पुतला दहन स्थलों पर सुरक्षित दूरी निर्धारित करने एवं बैरिकेडिंग कराने के साथ आयोजन समितियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों और सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अनुमति के अनुरूप ही कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन, पार्किंग स्थल एवं नो-पार्किंग क्षेत्रों को पूर्व से चिति कर आवश्यक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

प्रतिमा विसर्जन जुलूस एवं घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था

प्रतिमा विसर्जन जुलूसों के लिए निर्धारित मार्ग एवं समय का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जुलूस में शामिल लोगों के सुरक्षित लौटने तक अपने निर्धारित स्थल पर बने रहने को कहा गया। वही नगर परिषद खगड़िया एवं नगर परिषद गोगरी के संबंधित पदाधिकारियों को विसर्जन स्थलों, तालाबों एवं नदी घाटों का निरीक्षण करने, आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग कराने तथा प्रशिक्षित गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता के अनुसार गश्ती दल एवं राज्य आपदा मोचन बल की प्रतिनियुक्ति, घाटों एवं विसर्जन मार्गो पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे।

विद्युत सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अगिशमन व्यवस्था की समीक्षा

प्रतिमा विसर्जन मार्गो पर कम ऊंचाई वाले विद्युत तारों, पंडालों तथा अन्य अवरोधों का पूर्व सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, खगड़िया को दिया गया। सिविल सर्जन, खगड़िया को आवश्यक दवाओं के साथ एम्बुलेंस, चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारा मेडिकल कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध रखने का निर्देश दिया गया। वहीं, अगिशमन पदाधिकारियों को खगड़िया एवं गोगरी में अगिशमन वाहन और अगिशमन दल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

सोशल मीडिया पर निगरानी एवं अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, आपत्तिजनक एवं अफवाह फैलाने वाली सूचनाओं पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार की अफवाह या विधि-व्यवस्था से संबंधित समस्या सामने आने पर त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर बल दिया गया।

जिला आपातकालीन संचालन केंद्र रहेगा सक्रिय

दशहरा पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई एवं समन्वय सुनिश्चित करने के लिए जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, खगड़िया सक्रिय रहेगा। जिला स्तर पर पुलिस बल एवं प्रशिक्षित मोटरसाइकिल सवार जवानों के दल के माध्यम से विधि-व्यवस्था की निगरानी की जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता, जवाबदेही एवं आपसी समन्वय के साथ करने का निर्देश दिया, ताकि दशहरा पर्व जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

जिला प्रशासन, खगड़िया की आम नागरिकों से अपील

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे दशहरा पर्व आपसी भाईचारे, शांति एवं सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

शंख-घंटे की गूंज और जयकारों के बीच पिंडी पर विराजेंगी मां दुर्गा आज खुलेगा चतुर्भुजी दुर्गा मंदिर बिशौनी का पट

पांच स्वरूपों की पूजा संपन्न, छठे स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना के बीच बिशौनी में प्रतिमा स्थापना की तैयारी पूरी

परबत्ता (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र को लेकर क्षेत्र के घर-घर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में से पांच स्वरूपों की पूजा-अर्चना संपन्न हो चुकी है। शुक्रवार को छठे स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना की जाएगी। इस बीच परबत्ता प्रखंड के बिशौनी गांव स्थित अति प्राचीन सिद्ध पीठ श्री चतुर्भुजी दुर्गा मंदिर में प्रतिमा स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। पुरानी परंपरा के तहत इस मंदिर में छठे दिन ही प्रतिमा को पिंडी पर विराजमान किया जाता है। मंदिर में आज संध्या शंख और घंटों की गूंज तथा मां के जयकारों के बीच दुर्गा प्रतिमा को पिंडी पर विराजमान कराया जाएगा। इसके साथ ही आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। मां के दर्शन को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विधि-विधान से होगा पूजन प्रतिमा स्थापना से पहले दिन में बेल्वाभिमंत्रण की धार्मिक प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। वहीं, संध्या में प्रतिमा स्थापना के साथ अधिवास पूजन किया जाएगा। मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंडित मनोज कुंवर, पंडित सुदर्शन शास्त्री, आचार्य उत्कर्ष गौतम एवं रिंकू झा आदि ने बताया कि प्रतिमा स्थापना की सभी तैयारियां पूरी हैं। धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न कराए जाएंगे। बिशौनी का सिद्ध पीठ श्री चतुर्भुजी दुर्गा मंदिर अपनी प्राचीन धार्मिक परंपराओं और श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के लिए विशेष पहचान रखता है। नवरात्र के अवसर पर यहां मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

संक्षिप्त खबरें

करजान फोरलेन पर ज्ञानू सिंह का स्वागत, गवानपुर में निशांत कुमार ने मांगा नीरज के लिए समर्थन

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। ग्राम करजान स्थित फोरलेन पर पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह उर्फ ज्ञानू का समर्थकों ने स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान एमएलसी ललन कुमार भी मौजूद रहे। वहीं, अगवानपुर में निशांत कुमार ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से संवाद कर नीरज कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।
निशांत कुमार ने अपने पिता के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र उनके पिता का कर्मक्षेत्र रहा है। उन्होंने मतदाताओं से पिता के कार्यों को ध्यान में रखकर नीरज कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।
क्षेत्र में आयोजित इन राजनीतिक गतिविधियों के दौरान ललन सिंह और अनंत सिंह से जुड़े राजनीतिक समीकरणों की भी चर्चा रही। करजान में ज्ञानू सिंह के स्वागत और अगवानपुर में निशांत कुमार के जनसंपर्क को लेकर स्थानीय राजनीतिक गतिविधियां चर्चा में रहीं।

पुलिस के प्रयास से लौटी लोगों के चेहरों पर मुस्कान, 14 लोगों को मिले खोए मोबाइल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस के प्रयास से 14 लोगों के खोए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें वापस दिलाए गए। लंबे समय से मोबाइल खोने से परेशान लोगों के चेहरे मोबाइल वापस मिलने पर खिल उठे। पुलिस की इस पहल से लोगों ने राहत महसूस की।

हिमगिरी एक्सप्रेस से 40 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बख्तियारपुर आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन से 40 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। आरपीएफ की इस कार्रवाई से गांजा तस्करी के मामले में रेल मार्ग के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर गांजा तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

रू राज्य स्तरीय कुश्ती में रामबाबू ने जीता गोल्ड, बढ़ाया जिले का मान

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पीएम श्री अनुग्रह नारायण सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय, बाढ़ के नवम वर्ग के छात्र रामबाबू कुमार ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और पूरे जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। रामबाबू की सफलता ने जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

टेम्पो और ई-रिक्शा का चालक नाबालिक लहेरिया कट चलाते

सोनपुर (एनएसबी) शहर से लेकर टेम्पो और ई-रिक्शा सहित इंजन चालित का चालक अधिकत्तर नाबालिक है। मनमानी वसूली करते और लहेरिया कट चला राहगीरों में दहशत फैला रहा है। राज्य सरकार की संस्था परिवहन विभाग मूक दर्शक बनी बैठी है। परिवहन विभाग के पास छोटी परिवहन का हिसाब किताब है। इस मामले में राहगीरों का कहना है कि छोटी मछली का कौन हिसाब रखें, वहीं बड़ी मछली सबकी चाहत रहती है। भले ही छोटी मछली जानलेवा, इसकी किसी को चिन्ता नहीं। टेम्पो और ई-रिक्शा का हिसाब-किताब अखबारों में अवश्य दिखती है। फिर भी राज्य का अधिकारी मेहरबान है। वहीं लोगों ने एक कहावत सुनाई और कहा साहब मेहरबान, गधा पहलवान वाली देखने को मिलती । इन टेम्पो और ई-रिक्शा के पास नम्बर प्लेट और प्रकाश है ही नहीं साथ ही रफ्तार की कोई सीमा भी नहीं है। कोई बड़ी दुर्घटना के उपर प्रशासनिक वाहनों का सबसे बड़ा स्टैंड दिखती है।

होटल-रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों पर प्रशासन का छापा, घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

कमर्शियल सिलेंडर के इस्तेमाल,खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और अग्नि सुरक्षा की हुई जांच, कई दुकानदारों पर जुर्माना

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। त्योहारों के मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार को जमालपुर शहर में अचानक छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ कुमार अभिषेक के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने जुबली बेल चौक से अभियान की शुरुआत करते हुए स्टेशन रोड समेत शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों, नमकीन प्रतिष्ठानों और चाय-नाश्ते की दुकानों की जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों के बीच अफरा-तफरी मच गई।छापेमारी के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने होटल और रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक इस्तेमाल की जांच की। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले रसायनों तथा ग्राहकों को परोसे जाने वाले खाने-पीने के सामान की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि दुकानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थ लोगों की सेहत के लिए नुकसानदेह न हों।अभियान के दौरान कई होटल और रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, जिन्हें प्रशासनिक टीम ने जब्त कर लिया। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गैस सिलेंडर के इस्तेमाल से संबंधित नियमों की जांच करते हुए अधिकारियों ने अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की। वहीं, कई दुकानों से जुर्माना भी वसूला गया।प्रशासनिक टीम ने होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों में अगिशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा सुरक्षा संबंधी इंतजामों का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने जांच की कि प्रतिष्ठानों में आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण मौजूद हैं या नहीं। खाद्य पदार्थों के भंडारण और साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया।जमालपुर में घंटों चले इस छापेमारी अभियान में कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी, जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, एमओ कुमार मितेश समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे।प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से शहर के होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अभियान का उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, घरेलू गैस सिलेंडरों के अनधित व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक लगाने और प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच करना रहा।


निरीक्षण करते अधिकारी।

भक्तिमय गीतों पर नृत्य और डांडिया की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

नवरात्रि उत्सव में 45 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कोलिन्स किड्स स्कूल में प्री-प्राइमरी सेक्शन की एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं के चार दिवसीय नवरात्रि उत्सव का समापन भक्तिमय वातावरण और सांस्तिक उल्लास के बीच हुआ। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्ति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से परिचित कराना था।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद सिंह, निदेशक पंकज कुमार सिंह, प्राचार्य राकेश कुमार सिंह, उपप्राचार्य सूरज जायसवाल, प्रशासक प्रणव कुमार एवं अकादमिक इंचार्ज चांदनी मिस ने दीप प्रज्वलित कर तथा मां दुर्गा को पुष्प अर्पित कर किया।चार दिवसीय उत्सव में करीब 45 विद्यार्थियों ने कविता-पाठ, भक्तिमय गीतों पर नृत्य और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। श्आइलो-आइलो मां दुर्गा मांश, श्अयि गिरि नंदिनीश और श्लाल लाल चुनरी सितारों वालीश जैसे गीतों पर बच्चों के मनमोहक नृत्य ने माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा और बच्चों के आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। निदेशक पंकज कुमार सिंह एवं प्राचार्य राकेश कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्रि अच्छाई की बुराई पर विजय, साहस और सत्य का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना बच्चों को शक्ति, अनुशासन, नारी सम्मान और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देती है। त्योहार बच्चों में संस्कार और सांस्तिक चेतना विकसित करने का माध्यम भी हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में तानिया, प्रियंका, आकांक्षा, प्रगति, करीना, नैना और अनिशा सहित शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। उत्सव ने बच्चों में रचनात्मकता, सहयोग और सांस्तिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित की।


नवरात्रि उत्सव मनाते स्कूली बच्चे।

डीआरएम ने भागलपुर-जमालपुर रेलखंड का किया विंडो निरीक्षण

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने रेल परिचालन की सुरक्षा, संरक्षा और यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के लिए भागलपुर-जमालपुर रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कजरा, अभयपुर, धरहरा और जमालपुर स्टेशन पर रुककर स्टेशन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही यात्रियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली।डीआरएम के आगमन पर विभिन्न स्टेशनों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और यात्रियों ने फूलमाला एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने रेल सुविधाओं और यात्रियों की सहूलियत से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। निरीक्षण का उद्देश्य रेलखंड पर सुरक्षा व्यवस्था, परिचालन संबंधी तैयारियों और यात्री सुविधाओं की स्थिति का आकलन करना रहा। इधर डीआरएम के निरीक्षण को लेकर रेल प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष सक्रियता देखी गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टेशन की विभिन्न व्यवस्थाओं पर नजर रखी। वहीं, डीआरएम की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ के कमांडेंट वरुण कुमार बेहरा अपनी टीम के साथ मुस्तैद दिखे।निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेल अधिकारियों के साथ सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रेल सुविधाओं की जरूरतों को समझने का भी प्रयास किया गया।निरीक्षण के दौरान मालदा मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों में सीनियर डीईएन सी निलेश कुमार गौरव, सीनियर डीसीएम कार्तिक सिंह, सीनियर डीएमई रोहित सिंह, सीनियर डीएसटीई राजेंद्र कुमार, सीनियर डीईईटीआरडी मो खुर्शीद अहमद, सीनियर डीईई ओपी राज बहादुर चौहान, सीनियर डीईईजी चंद्र कुमार पटेल, सीनियर डीएसओ ताराचंद, एएससी आईसी वरुण कुमार बेहरा तथा सीनियर डीईएन राजेश कुमार सहित अन्य रेल अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, संरक्षा और यात्री सुविधाओं को लेकर अधिकारियों की सक्रियता बनी रही। जनप्रतिनिधियों एवं यात्रियों से संवाद के बाद रेलखंड पर सुविधाओं को बेहतर बनाने और यात्रियों की समस्याओं के समाधान को लेकर रेल प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।


निरीक्षण करते डीआरएम।

सात साल से एलईडी लाइटों के मेंटेनेंस में लापरवाही का आरोप

कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की मांग, वार्ड पार्षदों ने डबल ईएसएल कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा, बकाया राशि जब्त करने की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र में एलईडी स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव को लेकर विवाद गहराने लगा है। सात वर्ष पूर्व शहर के विभिन्न वार्डों में लगाई गई एलईडी लाइटों के मेंटेनेंस में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जनप्रतिनिधियों ने संबंधित कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। केशवपुर नक्कीनगर स्थित वार्ड संख्या 28 में पार्षद राकेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में डबल ईएसएल कंपनी पर गंभीर सवाल उठाए गए। पार्षदों ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने, उसकी राशि जब्त करने और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी।
बैठक में पार्षद राकेश कुमार, पार्षद प्रतिनिधि गौतम आजाद, दीपक कुमार और दिलीप तांती ने कहा कि करीब सात वर्ष पहले नगर परिषद क्षेत्र में एलईडी लाइटें लगाने का कार्य डबल ईएसएल कंपनी को सौंपा गया था। आरोप है कि कंपनी ने लाइटें तो लगा दीं, लेकिन उनके नियमित रखरखाव और मरम्मत के मामले में अपेक्षित काम नहीं किया।जनप्रतिनिधियों का कहना था कि पिछले कई वर्षों से प्रत्येक वार्ड में 50 से 60 तक लाइटें बंद रहने की शिकायत मिलती रही है। कभी-कभार मरम्मत के लिए कर्मचारी आते थे, जबकि अधिकांश समय मेंटेनेंस का कार्य प्रभावित रहा। वर्तमान में भी कई लाइटें बंद हैं और कुछ खराब होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। इसके बावजूद खराब लाइटों को बदलने की दिशा में ठोस पहल नहीं की जा रही है।पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद बोर्ड की बैठकों में भी कई बार कंपनी की कार्यशैली और मेंटेनेंस में लापरवाही का मुद्दा उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि कंपनी की कार्य अवधि समाप्त होने के करीब है और ऐसे में बिना संतोषजनक काम किए भुगतान लेने की कोशिश की आशंका है।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि कंपनी के कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मेंटेनेंस में लापरवाही प्रमाणित होने पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए तथा नियमानुसार उसकी बकाया राशि जब्त करने की कार्रवाई की जाए। पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि अब कंपनी को अतिरिक्त समय देने के बजाय उसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि नगर परिषद प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अब देखना होगा कि नगर परिषद प्रशासन इन शिकायतों पर क्या कदम उठाता है और शहर की खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने के लिए कब तक ठोस पहल की जाती है।


बैठक करते जनता जनप्रतिनिधि।

संक्षिप्त खबरें

रेलवे लाइन किनारे झाड़ी से 45 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के बड़ी आशिकपुर में रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी से पुलिस ने 45 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने अमित कुमार नामक एक कथित शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है।मामले में ईस्ट कलोनी थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान रेलवे लाइन के समीप झाड़ी से कुल 75 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा करीब 45 लीटर बताई गई है। मौके से अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब बरामी और गिरफ्तारी के मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।



बरामद शराब को दिखाते पुलिस।

महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा सोनपुर में रामलीला महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया

सोनपुर (एनएसबी)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को सोनपुर स्टेशन के समीप स्थित रेलवे सांस्तिक भवन में प्रथम बार आयोजित रामलीला महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। मंडल कला संगम, सोनपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यालय, हाजीपुर से अपर महाप्रबंधक, महाप्रबंधक के सचिव सहित विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी उपस्थित रहें। वहीं, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुमन कुमार तांती तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ रामलीला महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्री राम लीला मंच के माध्यम से श्री राम जी के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य,कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणादायी गाथा को प्रस्तुत किया जा रहा है। मंडल कला संगम, सोनपुर एवं कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित इस रामलीला महोत्सव में दिनांक 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान श्रीराम जी के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।


महाप्रबंधक दीप ध्रज्जलित कर शुभारंभ की ।

पूर्व मध्य रेल द्वारा बरौनी में मानक 'कवच' प्रणाली का सफल परीक्षण

'बरौनीसमस्तीपुर एवं बरौनीबेगूसराय रेलखंड पर दो लोको के साथ परीक्षण, आमने-सामने आने पर भी नहीं हुई टक्कर'
सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल परिचालन में संरक्षा को और अधिक सुढ़ बनाने की दिशा में बरौनी में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' का सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण 65 किलोमीटर बरौनी से समस्तीपुर तथा बरौनी से बेगूसराय रेलखंड पर किया गया। श्री डिम्पी गर्ग, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल हाजीपुर, प्रमुख मुख्य सिगल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर तथा मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर के निर्देशन में संपन्न इस परीक्षण में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों के साथ-साथ रेलटेल एवं ट्रेंट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षण के दौरान ज़मतदम क्डप् प्रणाली से सुसज्जित दो लोको के माध्यम से मानक कवच प्रणाली की कार्यक्षमता एवं सुरक्षा क्षमता का परीक्षण किया गया। परीक्षण के क्रम में दोनों लोको को आमने-सामने लाया गया। इस दौरान संभावित टक्कर को रोकने की प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन हुआ तथा दोनों लोको के आमने-सामने आने के बावजूद टक्कर नहीं हुई। यह परीक्षण रेल परिचालन में आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा संरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कवच प्रणाली का उद्देश्य निर्धारित परिचालन परिस्थितियों में मानवीय भूल अथवा अन्य कारणों से उत्पन्न संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायता करना है। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रणाली स्वचालित ब्रेकिंग के माध्यम से ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने में मदद करती है। गस सफल परीक्षण में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों, रेलटेल एवं ट्रेंट के समन्वित प्रयासों और तकनीकी सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह उपलब्धि पूर्व मध्य रेल में आधुनिक सिगलिंग एवं ट्रेन सुरक्षा तकनीक के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व मध्य रेल यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

जंतर-मंतर पर पत्रकारों से कथित दुर्व्यवहार के विरोध में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन विदर्भ ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

सोनपुर (एन एसबी) यवतमाल, महाराष्ट्र, नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार, अपमानजनक भाषा के प्रयोग तथा उन्हें गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में लिए जाने के आरोपों को लेकर पत्रकार जगत में रोष व्याप्त है। इस घटना के विरोध में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाते हुए पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई है। इसी क्रम में संगठन के विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट जाकिर हुसैन रहीम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी यवतमाल के माध्यम से भारत की महामहिम राष्ट्रपति को मांग पत्र सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने तथा समाज में व्याप्त अन्याय के विरुद्ध जनमत तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में पत्रकारों के साथ कथित अभद्र व्यवहार, अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल और कानून के विरुद्ध हिरासत में लिए जाने के आरोप गंभीर चिंता का विषय हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारों की गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कानून के अनुरूप कार्य करने के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रकाशित करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जवाबदेही निभाने वाला एक महत्वपूर्ण दायित्व है। पत्रकार दिन-रात मेहनत करके जनता की समस्याओं, सरकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति, भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक लापरवाही जैसे मुद्दों को सामने लाते हैं। इसके बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों में पत्रकारों को धमकी, दबाव, मारपीट, झूठे मुकदमों की आशंका, सामाजिक उत्पीड़न और उनके कार्य में बाधा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण और छोटे शहरों में काम करने वाले पत्रकारों की स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है। कई पत्रकार सीमित संसाधनों में जनहित से जुड़ी खबरें तैयार करते हैं, लेकिन उनके पास पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, दुर्घटना बीमा, कानूनी सहायता और अन्य आवश्यक सामाजिक सुरक्षा का अभाव रहता है। स्थानीय स्तर पर समाचार संकलन करते समय उन्हें प्रभावशाली लोगों के दबाव तथा विरोध का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाना समय की मांग है। एसोसिएशन ने मांग की कि पत्रकारों के विरुद्ध हिंसा, धमकी और उत्पीड़न की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो। पत्रकारों को उनके कार्य के कारण प्रताड़ित किए जाने की शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रभावी तंत्र बनाया जाए, ताकि पीड़ित पत्रकारों को न्याय प्राप्त करने के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।


ज्ञापन सौंपते लोग।

संक्षिप्त खबरें

क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

दलसिंहसराय एनएसबी। प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय मुख्तियार पुर सलखन्नी के प्रांगण में क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया बुद्धम सेवा संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत होने वाले छात्र छात्राओं में विद्यालय की सोनम राज अनुष्का रानी, श्वेता कुमारी आयुष कुमार,मो साजिद,दीपांजलि,अंजुम नजमी,सना प्रवीन,जोया आफरीन लक्ष्मी कुमारी मुख्य रूप से शामिल थे कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए चरित्र का निर्माण सहित देश एवं संपूर्ण मानवता की सेवा में समर्पित होने की सलाह छात्रों को दी मौके पर बुद्धम सेवा संस्थान के संचालक उदय प्रकाश सिन्हा, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार राय, शिक्षक अमरेश कुमार ठाकुर आरती सिन्हा,अंजू प्रसाद,उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रीत महतो,सुनील सिंह समेत काफी लोग उपस्थित थे मंच संचालन आरती सिन्हा ने किया

जिले के सभी मतदान केंद्रों पर लगा विशेष कैंप, छूटे व नए मतदाताओं का जुड़ेगा नाम

मुखिया सहित जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में 136 सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर गुरुवार को दो दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया। 16 अक्टूबर तक आयोजित इस शिविर में एसआईआर-2021 में अनुपस्थित एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ-साथ नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किये जाएंगे। विशेष कैंप को लेकर सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। वहीं बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करने के साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। विद्यापतिनगर में विशेष शिविर को लेकर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. महताब अंसारी ने बताया कि, प्रशासन की ओर से प्रखंड के सभी मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में सहयोग करें, जिनका नाम किसी कारणवश छूट गया है। शुक्रवार, 16 अक्टूबर को भी सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा।

शिक्षा, रोजगार के मुद्दे पर लड़ रहे विधान परिषद चुनाव- संदीप चौधरी की प्रथम वरियता का मत देकर विजयी बनाने की अपील

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। देश के अंदर युवा पीढ़ी शिक्षा, रोजगार, लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। जिन सवालों को लेकर देश के युवा संघर्षरत है, उन सवालों को भाकपा माले ने चुनावी मुद्दा बनाया है। उक्त बातें भाकपा माले विधायक संदीप सौरभ ने गुरुवार को शहर के मालगोदाम चौक स्थित भाकपा माले जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा की बेहतरी का जितना ढ़ोल पिट ले लेकर इंटर पास करने के बाद बिहार में 33 प्रतिशत छात्रों को डिग्री कालेज में नामांकन से वंचित रह गए। पीजी की पढ़ाई गिने-चुने कॉलेज में ही होती है। बहुसंख्यक छात्रों को पीजी करने के लिए बाहर का रूख करना पड़ता है। स्कूल से लेकर कॉलेज तक में बुनियादी सुविधाओं का आभाव है। इन जगहों पर लाईब्रेरी, लेबोरेटरी तक का सुविधा उपलब्ध नहीं है। वित्तरहित कॉलेज में शिक्षकों को 5-10 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। तमाम विरोध के बाबजूद संविदा पर बहाली की जा रही है। यह चुनाव सरकार बनाने और गिराने के लिए नहीं है। भाकपा माले यह चुनाव मुद्दे पर लड़ रही है। इसलिए भाकपा माले उम्मीदवार का० संदीप कुमार चौधरी को प्रथम वरीयता का वोट देकर विजयी बनाएं। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाकपा माले समर्थित उम्मीदवार का० चौधरी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे वर्षों से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में छात्रहित को लेकर संघर्षरत रहे हैं। आज राज्य में छात्र-युवा शिक्षा, रोजगार, महंगाई, स्कूल-कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर का आभाव, संविदा पर बहाली, भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। अदालत में वकालत खाना का आभाव है। सरकार घोषणा के बाबजूद वैकेंसी निकालने से पीछे हट रही है। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव प्रो० उमेश कुमार, चुनाव प्रभारी सुनील कुमार, ललन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

गढ़सिसई पंचवटी चौक मैया की दरबार में लगता है छप्पन प्रकार के भोग

दरबार में आने और प्रसाद ग्रहण करने से होती भक्तों की मुरादे पूरी

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के गढ़सिसई पंचवटी चौक के दुर्गा मैया की दरबार में हर साल छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। जिस प्रसाद को ग्रहण करने और मैया की दरबार में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मैया मुरादे पूरी करती है। जिसको लेकर दूर दूर से श्रद्धालुओं का आगमन माता के दरबार में होता है। पूजा समिति के अध्यक्ष गीता चौधरी, अविनाश भारद्वाज, नरेश महतो आदि लोगो ने बताया कि माता के दरबार में हर साल सप्तमी, अष्टमी और नौवीं को छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग माता को लगाया जाता है साथ ही इस प्रसाद को जो भी श्रद्धालु ग्रहण करते है और माता के दरबार में दर्शन कर माथा टेकते है उनकी मुरादे माता पूरी करती है यही वजह है कि यहाँ छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग चढ़ाने वालो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा कमेटी के साथ स्थानीय लोगो के अलावा प्रशासन का सहयोग लिया जाता रहा है। सुरक्षा के लिए रोशनी, पेयजल आदि की भी व्यवस्था किया गया है।

दुर्गा पूजा में प्रशासन रहेगा मुस्तैद,मिलेगी सुविधा

पटना सिटी. एसडीओ कशिश बक्शी की अध्यक्षता में बुधवार को दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था कायम रहे,इसके लिए बैठक की गयी. बैठक का संचालन एएसपी राजकिशोर सिंह ने की. बैठक में आलमगंल, चौक, मालसलामी, सुल्तानगंज, खाजेकलां के थानाध्यक्षों के साथ अन्य थानों के थानाध्यक्ष ऑन लाइन जुडे थे. एसडीओ ने बताया कि बैठक में विधि व्यवस्था संधारण व दर्शनार्थियों की सुरक्ष व्यवस्था को लेकर हुए चर्चा के दौरान थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वो ड्राप गेट के लिए जगह चिह्नित करे,ताकि ड्राप गेट बनवाने का कार्य हो सके. बैठक के दौरान विसजर्न को लेकर भी हो रही तैयारियों पर चर्चा की गयी. एसडीओ ने बताया कि पानी टैंकर लगाया जायेगा,तब चलंत बाथरूम की व्यवस्था होगी. इसके लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग पीएचईडी को निर्देशित किया गया है. दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगी.

अस्पताल में छह लोगों का हुआ उपचार

पटना सिटी/एनएसबी। एनएमसीएच में छह लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया था. अस्पताल के अधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिन्हा और उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा ने बताया कि वैशाली प्रशासन की ओर से छह लोगें को उपचार के लिए भेजा गया था. इसमें तीन बच्चे सात वर्षीय कार्तिक कुमार,पांच वर्षीय पुटूस कुमार,11 वर्षीय अनुष्का का उपचार शिशु रोग विभाग में चल रहा है. सेंट्रल इमरजेंसी में भर्ती 14 वर्षीय चांदनी के ठीक होने पर बुधवार उसे डिस्चार्ज किया गया है. वहीं दो लोग 48 वर्षीय सत्येंद्र राय, 55 वर्षीय वीरेंद्र कुमार बुधवार की सुबह खुद चले गये है. शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि पीकू आइसीयू में इलाजरत दोनों बच्चों में 11 वर्षीय अनुष्का और पांच वर्षीय पुटूस कुमार की स्थिति स्थिर है. ऑक्सीजन पर रखा गया है.दोनों को निमोनियान के लक्षण मिल रहे है. इमरजेंसी में भर्ती कार्तिक की स्थिति में काफी सुधार है. भगतान टोला निवासी पीड़ित डोमन राय ने बताया कि घटना में इलाजरत बच्चों में अनुष्का भतीजी है,जबकि कार्तिक पोता और पुटूस नाती है. वहीं बेटी चांदनी उपचार के बाद ठीक है. उसका नाम अस्पताल से काट दिया गया है. उसे घर भेज देगे.

मऊ अखाड़ा घाट पर वाया नदी में पुल निर्माण का रास्ता साफ

14 भू-स्वामियों को मुआवजे के रूप में 2 करोड़ 34 लाख रुपये भुगतान के लिए नोटिस जारी, 13 साल का इंतजार होगा खत्म

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत स्थित वाया नदी के अखाड़ा घाट पर पुल निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ होता नजर आ रहा है। पिछले 13 वर्षों से भूमि मुआवजे के पेंच में फंसे पुल निर्माण कार्य को गति देने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक जमीन से जुड़े 14 भू-स्वामियों को मुआवजे के रूप में कुल दो करोड़ 34 लाख रुपये की राशि प्राप्त करने के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की ओर से 14 अक्टूबर को नोटिस जारी किया गया है। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में पुल निर्माण की उम्मीद फिर से जग गई है। बताया जाता है कि वर्ष 2013 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने तत्कालीन सांसद अश्वमेध देवी की उपस्थिति में मऊ अखाड़ा घाट पर वाया नदी के ऊपर आरसीसी पुल निर्माण की आधारशिला रखी थी। पुल निर्माण का काम शुरू हुआ यहां तक कि पिलर तक बन गये। मगर, भूमि अधिग्रहण से जुड़े भू-स्वामियों को मुआवजे का भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य बीच में ही ठप पड़ गया।



इसके बाद से पुल का काम अधूरा पड़ा रहा और इलाके के लोगों को नदी पार करने तथा आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा।

गौरतलब है कि, स्थानीय लोगों के लिए यह पुल लंबे समय से आवागमन की एक बड़ी जरूरत बना हुआ है। खासकर दियारा क्षेत्र के लोगों केलिए यह खास महत्वपूर्ण है। पुल निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और आसपास के गांवों के बीच संपर्क भी सुगम होगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के प्रयास से भू-अर्जन से संबंधित लंबित प्रक्रिया में प्रगति होने की बात कही जा रही है। अब 14 भू-स्वामियों को अलग-अलग निर्धारित राशि के भुगतान के लिए नोटिस दिया गया है।

मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह ने भू-स्वामियों को नोटिस मिलने की जानकारी देते हुए बताया कि पुल निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि मुआवजे को लेकर थी। अब इस दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ी है। सभी संबंधित भू-स्वामियों के बैंक खाते खुलवा दिए गए हैं, जिनके माध्यम से मुआवजे की राशि का भुगतान किया जाएगा। मुआवजे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुल निर्माण कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे वर्षों से अधर में लटकी इस महत्वपूर्ण परियोजना को गति मिलने की संभावना है। फिलहाल लोगों की निगाहें मुआवजे के भुगतान और इसके बाद शुरू होने वाली टेंडर प्रक्रिया पर टिकी हैं। यदि निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूरी होती है, तो वर्षों से अधूरे पड़े पुल के निर्माण का रास्ता आगे बढ़ सकेगा और क्षेत्रवासियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म होने की उम्मीद है।

दरभंगा जंक्शन के पुनर्विकास कार्यों की महाप्रबंधक ने की समीक्षा

सांसद गोपाल जी ठाकुर के साथ यात्री सुविधाओं, संरक्षा और विकास परियोजनाओं पर हुई चर्चा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। दरभंगा जंक्शन को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में चल रहे कार्यों की गुरुवार को समीक्षा की गई। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर एवं पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिंपी गर्ग ने 15 अक्टूबर को दरभंगा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, रेल परिचालन की संरक्षा, साफ-सफाई तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक ने दरभंगा एवं इसके आसपास संचालित रेल विकास परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर सांसद से मार्गदर्शन प्राप्त किया। दोनों के बीच क्षेत्र में रेलवे के विकास, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्टेशन के आधुनिकीकरण से जुड़े कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ।

पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का लिया जायजा

समीक्षा के उपरांत पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिंपी गर्ग ने दरभंगा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लेते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुपालन की स्थिति देखी। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक ने विकास कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यों को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ यात्रियों की आवश्यकताओं और सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर भी बल दिया गया।

यात्री सुविधाओं, संरक्षा और साफ-सफाई पर जोर

निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं, संरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया गया। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर वातावरण और सुविधाजनक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना और यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक व्यवस्था विकसित करना है। इसी क्रम में दरभंगा जंक्शन पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा की गई।

शिशो जंक्शन का भी किया निरीक्षण

दरभंगा जंक्शन के निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने शिशो जंक्शन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्र सहित मंडल एवं पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। रेलवे अधिकारियों के इस निरीक्षण को दरभंगा और आसपास के क्षेत्रों में रेल सुविधाओं के विकास तथा स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुनर्विकास कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने और यात्रियों को सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया।

डॉ. कलाम का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोतः प्रधान शिक्षक

राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में मनाई गई मिसाइल मैन की जयंती

विद्यापतिनगर एनएसबी । प्रखंड क्षेत्र की सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में गुरुवार, 15 अक्टूबर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो. मेराज सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। कार्यक्रम का संचालन मंजूर आलम ने किया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक एवं शिक्षकों ने डॉ. कलाम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका छात्र जीवन काफी संघर्षपूर्ण था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने वैज्ञानिक के रूप में देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाई और मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध हुए। बाद में उन्होंने भारत के राष्ट्रपति के रूप में देश की सेवा की। उनका सादगीपूर्ण जीवन, शिक्षा के प्रति समर्पण और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा आज भी सभी के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ. कलाम के जीवन और विचारों पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की तालियां बटोरीं। आयत प्रवीण ने ह्यसपने देखोह्न, खुशबू प्रवीण ने ह्यकलाम जी थे बड़े महानह्न, साजिया ने ह्यकलाम जी की सीखह्न, रितिक कुमार ने ह्यप्यारे कलाम जीह्न, मो. तौसिफ ने ह्यपढ़ना-लिखनाह्न तथा अरीबा प्रवीण ने ह्यहमारे कलामह्न कविता प्रस्तुत की। मौके पर मंजूर आलम, विजय कुमार, असगरी खातुन, मनोज कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



भर्ती मरीजों के उपचार में नहीं हो कोताही,दोषी पर होगी कार्रवाई

पीड़ित परिवार को सरकार देगी मुआवजा

पटना सिटी/एनएसबी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती वैशाली के राघोपुर के रामपुर पंचायत के भगतान टोला में मंगलवार की रात हुए नाव हादसा में शिकार तीन बच्चों से मिलने के लिए बुधवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पहुंचे. दोनों मंत्री ने अस्पताल के शिशु रोग विभाग के आइसीयू मे भर्ती 11 वर्षीय अनुष्का और पांच वर्षीय पुटूस कुमार व इमरजेंसी में भर्ती सात वर्षीय कार्तिक की स्थिति को देखा. इसके बाद परिजन व पीड़ित डोमन राय से मिल कर घटना की जानकारी ली. साथ में उपस्थित कॉलेज प्राचार्या डॉ प्रो उषा कुमारी,अधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिन्हा,उपाधीक्षा डॉ पीडी वर्मा और विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार से बच्चों की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिया है कि उपचार में किसी तरह की कोताही नहीं हो,बच्चे स्वस्थ होकर घर लौटे.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि नाव हादसा मामले में पीएम नरेंद्र मोदी के संज्ञान में पूरा मामला है. जो भी कुसूरवार व दोषी है. उनको बख्शा नहीं जायेगा. ग्रामीणों की ओर से कहा गया है कि नाव उपलब्ध कराने की मांग की गयी थी. लेकिन नाव मुहैया नहीं हुआ. इस मामले की भी जांच होगी. इसके बाद पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि हदय विदारक घटना में जिम्मेवार पर कार्रवाई होगी.निरीक्षण में साथ रहे अस्पताल के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि दवा से लेकर सारी सुविधाएं इलाजरत बच्चों को अस्पताल प्रशासन मुहैया कराये. पीड़ित परिवार को सरकार मुआवजा देगी. जिलाधिकारी वैशाली के नेतृत्व में गठित टीम दुखद घटना की जांच करेगी.

समस्तीपुर में गड्ढे में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

गले और सिर पर जख्म के निशान से बढ़ा संदेह, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक महिला का शव घर से करीब 100 मीटर दूर गाछी में गड्ढे के अंदर मिला। मृतका की पहचान गांव के वार्ड संख्या सात निवासी अखिलेश चौरसिया की पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। महिला के गले और सिर पर जख्म के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

सुबह घर से निकली थी महिला

जानकारी के अनुसार, ललिता देवी गुरुवार सुबह करीब सात बजे शौच के लिए घर से निकली थीं। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। आसपास के इलाकों में तलाश करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। इसी बीच गांव के कुछ बच्चे सांप का पीछा करते हुए गाछी की ओर पहुंचे। वहां उनकी नजर गड्ढे में पड़े महिला के शव पर पड़ी। शव देखकर बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए।

महिला की पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। शव की स्थिति और शरीर पर जख्म के निशान देखकर ग्रामीणों ने आशंका जताई कि महिला की हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को गड्ढे में छिपाने की कोशिश की गई होगी।

एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना की सूचना मिलने पर सरायरंजन थानाध्यक्ष धनंजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य जुटाए।

वहीं, सदर डीएसपी सतीश कुमार सुमन ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम दृष्टया घटना को हत्या से जुड़ा प्रतीत होने की बात कही। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे किसका हाथ है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

बरौनी में स्वदेशी 'कवच' प्रणाली का सफल परीक्षण

आमने-सामने आए दो लोको फिर भी नहीं हुई टक्कर

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। पूर्व मध्य रेल ने रेल परिचालन में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बरौनी में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ह्यकवचह्न का सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान दो लोको को आमने-सामने लाकर प्रणाली की कार्यक्षमता और संभावित टक्कर रोकने की क्षमता का आकलन किया गया। इस दौरान दोनों लोको आमने-सामने आने के बावजूद आपस में नहीं टकराए। यह परीक्षण बरौनी-समस्तीपुर तथा बरौनी-बेगूसराय रेलखंड पर किया गया। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर तथा मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर के निर्देशन में परीक्षण की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों के साथ रेलटेल और क्वाड्रेंट की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दो लोको के जरिए परखी गई प्रणाली की क्षमता

परीक्षण के दौरान केर्नेक्स डीएमआई प्रणाली से सुसज्जित दो लोको का इस्तेमाल किया गया। दोनों लोको को आमने-सामने लाकर मानक 'कवच' प्रणाली की सुरक्षा क्षमता और तकनीकी कार्यप्रणाली की जांच की गई। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह देखना था कि संभावित टक्कर जैसी स्थिति में प्रणाली किस प्रकार प्रतिक्रिया करती है और रेल परिचालन को सुरक्षित बनाने में कितनी प्रभावी भूमिका निभा सकती है। परीक्षण के दौरान दोनों लोको के आमने-सामने आने के बावजूद टक्कर नहीं हुई। इसे ट्रेन सुरक्षा तकनीक के परीक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

बरौनी-समस्तीपुर और बरौनी-बेगूसराय रेलखंड पर हुआ परीक्षण, रेल सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम

क्या है 'कवच' प्रणाली और कैसे करती है काम?

'कवच' भारतीय रेलवे की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है। इसका उद्देश्य निर्धारित परिचालन परिस्थितियों में मानवीय भूल, सिग्नल की अनदेखी अथवा अन्य कारणों से उत्पन्न संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायता करना है। जरूरत पड़ने पर यह प्रणाली स्वचालित ब्रेकिंग के जरिए ट्रेन की गति नियंत्रित करने और सुरक्षित परिचालन में मदद करती है। रेल परिचालन में इस तरह की आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल दुर्घटनाओं की आशंका कम करने और ट्रेन संचालन को अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। हालांकि, प्रणाली की प्रभावशीलता निर्धारित तकनीकी मानकों, उपलब्ध बुनियादी ढांचे और परिचालन परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है।

आधुनिक रेल सुरक्षा तकनीक को मिलेगा बढ़ावा

इस सफल परीक्षण में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों, रेलटेल और क्वाड्रेंट के समन्वित प्रयासों एवं तकनीकी सहयोग की अहम भूमिका रही। यह उपलब्धि पूर्व मध्य रेल में आधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था और स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा तकनीक के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व मध्य रेल यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, सुगम और विश्वसनीय बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दे रहा है। बरौनी में किया गया यह परीक्षण इसी प्रयास का हिस्सा है।

संक्षिप्त खबरें

रामलीला मंचन का उद्घाटन एवं सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। श्री आदर्श लीला समिति, गयाजी द्वारा रामलीला मंचन का उद्घाटन सह सम्मान समारोह 16 अक्टूबर 2026 को संध्या 6:30 बजे आजाद पार्क, गयाजी में आयोजन किया जायेगा। समिति के अनुसार, कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव, गयाजी के जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर तथा वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावे अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। समारोह के अंतर्गत उद्घाटन एवं सम्मान कार्यक्रम के साथ-साथ 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक रामलीला मंचन, रावण वध एवं भरत मिलाप का आयोजन आजाद पार्क, गयाजी में किया जाएगा।

सादे गले पपीते के बोरे में छिपाकर पिकअप से परिवहन के दौरान 774 लीटर विदेशी शराब बरामद, गाजीपुर का युवक गिरफ्तार

डोभी (एनएसबी)। समेकित जांच चैकी डोभी पर गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध विदेशी शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो पिकअप से 774 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इस दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर उसके डाले में सड़े-गले पपीते से भरे बोरों के नीचे छिपाकर रखी गई 86 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 774 लीटर बताई गई है, जिसमें 2064 बोतलें शामिल हैं। मामले में गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सलामतपुर निवासी लगभग 23 वर्षीय सूरज यादव, पिता सरवन यादव के रूप में हुई है। उक्त कार्रवाई की जानकारी उत्पाद विभाग के उपायुक्त ने दी।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आमजनों की सुनी शिकायतें

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। दिनांक 15.10.2026 को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई। फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गया द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

आईएमए भवन में श्री बाबू जयंती आमंत्रण समारोह का आयोजन किया गया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। आईएमए हॉल गया में श्रीबाबू जयंती आमंत्रण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीबाबू जयंती समारोह के मुख्य आयोजक डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह उपस्थित हुए। उनके साथ बिक्रम के पूर्व विधायक अनिल शर्मा जी, धर्मवीर शुक्ला जी, अमिताभ सिन्हा, सूरज सिन्हा एवं अन्य कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र एवं काँग्रेस की नेत्री डॉ देविका सरयार मिश्र ने किया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों, समाजसेवियों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से डॉ परशुराम मिश्र, डॉ अरुण कुमार सिन्हा, डॉ रामाधार तिवारी, डॉ प्रेम तिवारी, डा संजीव कुमार, डॉ देवेन्द्र कुमार पाठक, डॉक्टर जयराम शर्मा अनुपम चैरसिया, डॉ रिचा कुमारी, डॉ आरती, डॉक्टर चंद्र तारा मृणाल, सोनम सिंह आदि को मोमेंटो देकर श्रीबाबू नागरिक सम्मान से डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह ने सम्मानित किया। श्री सिंह ने सभी गया के नागरिकों को 25 अक्तूबर 2026 को पटना के बापू सभागार में आने के लिए न्योता दिया और साथ ही श्रीबाबू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कि श्रीबाबू के समय बिहार पूरे भारत में न 1 था, बिहार में कई चीनी मिलें थीं, श्रीबाबू ने जमींदारी प्रथा समाप्त कारवाई और दलितों को देवघर मंदिर में प्रवेश दिलवाया।



डा. अखिलेश प्रसाद सिंह का कांग्रेस नेताओं ने किया भव्य स्वागत



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती के अवसर पर पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह में शामिल होने का निमंत्रण देने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह गया पहुंचे। यहां पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर गया जिला कांग्रेस कमेटी के कुमार ओंकार शक्ति ने राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही राख से बना स्केच भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के योगदान और उनके ऐतिहासिक व्यक्तित्व को याद किया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय के सांसद प्रतिनिधि बनने पर लोगो ने दी बधाई

कुर्था (एनएसबी)। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कुर्था प्रखंड के जगदीशपुर गांव निवासी संजय यादव को जवाहर नवोदय विद्यालय शिवनगर का प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस मनोनयन के बाद स्थानीय लोगो का बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। अहमदपुर हरना पंचायत के पैक्स अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने संजय यादव को बधाई देते हुए कहा कि सांसद द्वारा उन्हें प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने से उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संजय यादव अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करेंगे। वही संजय यादव ने कहा है कि जो जिम्मेदारी हमको मिली हैं उसका हम ईमानदारी व लगन से निर्वहन करेगे। वही संजय यादव के मनोनयन से लोगो मे खुशी दिख रही है। बधाई देने वालो में संजय सिंह, रंजन शर्मा, मंटू कुशवाहा और जितेन्द्र सिंह सहित कई लोगों शामिल हैं।

शाम ढलने के पहले ही होगा प्रतिमाओं का विसर्जन : डीएम

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में आगामी दूगार्पूजा पर्व 2026 के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर किये गये कार्यों की गहन समीक्षा की गई तथा पूजा के दौरान विभिन्न स्थलों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रहेगे। जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा गया कि दूर्गा पूजा सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ ससमय सुनिश्चित किया जाए। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। संबंधित सभी पदाधिकारियो को असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं अफवाहों का त्वरित खंडन करने का भी निदेश दिया गया। सभी अधिकारियों को निदेशित



बैठक करते डीएम।

किया गया कि मूर्ति विसर्जन को शाम ढलने के पहले ही विसर्जन कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को सभी पूजा पंडालों के समीप लगे हाईवोल्टेज तारों को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। सभी पंडाल एवं मुख्य स्थलों पर सी सी टी वी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही जुलूस में डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी पूजा पंडालों में पुरूष एवं महिला वोलेंटियर को नियुक्त करना अनिवार्य होगा। महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग कतार बनाना है, ताकि किसी प्रकार के समस्या उत्पन्न न हो। सभी पूजा पंडाल के सुरक्षा कर्मी पुरी तरह से अपने उतरदायित्वों का पालन करेंगे। अग्नि की सुरक्षा हेतु सभी पंडालों में पर्याप्त मात्रा में अग्निशामक यंत्र एवं पानी, बालू वगैरह की व्यवस्था कर लेनी होगी। मूर्ति विर्सजन एवं रावण वध के समय पूरी तरह से चौकस रहकर भीड़ को नियंत्रित करना है। पुलिस प्रशासन को यातायात नियंत्रित करने हेतु भी निदेशित किया गया ताकि आम लोगों को किसी प्रकार का दिक्कत न हो। पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पुलिस चौकन्ना रहे एवं पेट्रोलिंग करते रहें। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सोशल मीडिया पर फैलने वाले अफवाहों पर भी दृष्टि बनायें रखेंगे एवं उसकी सत्यता की जाँच करते हुए खंडन करना भी सुनिश्चित करेंगे। जिससे कि किसी भी तरह के अप्रत्याशित माहौल को बनने से रोका जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान पूरी सतर्कता एवं सावधानी बरते। छोटी-छोटी घटनाओं को भी नजर अंदाज नहीं करें और ससमय आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को अनिवार्य रूप से दें। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06337-229494 228191, 228008, 228984 एवं वाटसएप नं 8235230817 है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटा कार्यरत रहेगा। सभी दुर्घटना प्रवण सोनतटीय घाटों एवं अन्य घाटों को चिन्हित कर जहाँ पानी की गहराई ज्यादा हो, वहाँ बाँस से बैरिकेडिंग कर देना है ताकि चिन्हित स्थल से आगे बढ़कर लोग स्नान आदि न करें। सभी दुर्घटना प्रवण घाटों पर पर्याप्त मात्रा में में गोताखोर प्रतिनियुक्त रहेंगे तथा ये सभी एक्टिव भी रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सकें। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

मविवि, बोधगया में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में भारत के मिसाइलमैन के नाम से विख्यात एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन 15 अक्टूबर 2026, गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ जिसमें आमंत्रित अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में ए. एम. कॉलेज गया के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीरज कुमार कमल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह ने आमंत्रित अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर किया एवं अपने भाषण में डॉ. कलाम के द्वारा देश के अन्तरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। इसके बाद मुख्य वक्ता ने डॉ. कलाम का विस्तृत जीवन परिचय दिया। मुख्य अतिथि ने डॉ. कलाम के जीवन संघर्षों को याद किया एवं ये भी बताया कि किस प्रकार डॉ. कलाम की रिसर्च ने देश को अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. कमल ने ये भी रेखांकित किया कि किस प्रकार प्रो. सतीश धवन, डॉ. विक्रम साराभाई, डॉ. कलाम, एवं उनकी टीम ने स्वदेशी तकनीक पर



आधारित सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल्स एवं गाइडेड मिसाइल्स के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। मुख्य वक्ता ने डॉ. कलाम के सरलतापूर्ण जीवन को भी याद किया एवं उनके द्वारा लिखी गई प्रेरणाप्रद पुस्तकों का भी परिचय दिया। डॉ. कलाम के जीवन पर आधारित एक क्विज का आयोजन भी किया गया जिसमें विभाग के पीएचडी कोर्स वर्क के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन भौतिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा प्रसाद ने किया। भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रेनू रानी, डॉ. अंकुरवा सिन्हा, डॉ. माधव कुमार सिंह, डॉ. शिल्पी बनर्जी, डॉ. विश्वतोष मिश्र, एवं डॉ. विमल कुमार तिवारी तथा ए. एम. कॉलेज गया के सहायक प्राध्यापक डॉ. आलोक यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विभाग के समस्त शिक्षकों एवं विभाग के सभी गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

30 एवं 31 अक्टूबर को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

अरवल (एनएसबी)। जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर को इंडोर स्टेडियम में जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में युवा उत्सव-2026 से संबंधित बैठक आयोजित की गई। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, लोक कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने तथा युवाओं को अपनी रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन दिनांक 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 को इंडोर स्टेडियम, अरवल में किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी कला, संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि युवा उत्सव में कुल पाँच विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। इनमें चित्रकला, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन शामिल हैं। इच्छुक एवं पात्र युवा निर्धारित नियमों के अनुरूप आवेदन कर प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता



बैठक में भाग लेते लोग।

के लिए प्रतिभागियों को पाँच घंटे का समय दिया जाएगा। चित्र का विषय प्रतियोगिता स्थल पर तत्काल निर्धारित किया जाएगा। प्रतिभागियों को ड्राइंग पेपर आयोजन स्थल पर उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि पेंसिल, रंग, ब्रश, पानी एवं अन्य आवश्यक सामग्री स्वयं लानी होगी। प्रस्तुत चित्र पूर्णतः मौलिक होना चाहिए। प्रतिभागियों को अपनी पेंटिंग के साथ 20 से 30 शब्दों में उसका कैप्शन भी लिखना होगा। समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता समूह लोकनृत्य दल में कुल 10 कलाकार होंगे, जिनमें सात मुख्य कलाकार एवं तीन सहायक कलाकार शामिल होंगे। दल में बालक, बालिकाएँ अथवा दोनों सम्मिलित हो सकते हैं। समूह लोकगीत प्रतियोगिता समूह लोकगीत दल में भी कुल 10 कलाकार होंगे, प्रस्तुति की अवधि पाँच से आठ मिनट होगी तथा मंच व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पाँच मिनट दिए जाएँगे। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता- नुक्कड़ नाटक में सभी कलाकारों की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रतिभागी राज्य की आधिकारिक भाषा, हिंदी अथवा अंग्रेजी में प्रस्तुति दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता का विषय "विकसित भारत नशा मुक्त युवा' निर्धारित किया गया। कविता लेखन प्रतियोगिता- कविता लेखन प्रतियोगिता के लिए एक घंटा 30 मिनट का समय निर्धारित है। कविता हिंदी, अंग्रेजी अथवा क्षेत्रीय भाषा में लिखी जा सकती है। प्रतिभागियों के लिए पात्रता एवं आवश्यक निर्देश जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी

प्रदीप हत्याकांड में तीन लोग हिरासत में, पूछताछ जारी

मेहंदिया (एनएसबी)। ट्रक में चोरी का विरोध करने पर चालक प्रदीप कुमार की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इस संबंध में डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि ट्रक में कुछ लोग चोरी कर रहे थे। इसी दौरान प्रदीप कुमार की नजर उन पर पड़ गई। उसने चोरी का विरोध किया, जिसके बाद आरोपितों ने उस पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा और पूरे मामले की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल जांच के शुरूआती चरण में घटना के पीछे के उद्देश्य को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस इस बिंदु पर भी गंभीरता से जांच कर रही है कि प्रदीप कुमार की हत्या ट्रक में चोरी का विरोध करने के दौरान ही की गई या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी है। सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। डीएसपी ने भरोसा दिलाया कि पुलिस जल्द ही मामले का उद्भेदन कर घटना की वास्तविक वजह और इसमें शामिल लोगों के संबंध में जानकारी सामने लाएगी।

डीएसपी कुमार संजय बोले जल्द होगा घटना का खुलासा

लूटपाट के दौरान हत्या या किसी अन्य उद्देश्य से वारदात की जांच कर रही पुलिस

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजेंद्र आश्रम में डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का हुआ भव्य स्वागत

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का 15 अक्टूबर 2026 को गया स्थित जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय, राजेंद्र आश्रम में कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने राजेंद्र आश्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों से मुलाकात की और 25 अक्टूबर को पटना में आयोजित होने वाले बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जी की जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि बिहार केसरी श्री बाबू का जीवन, उनके आदर्श और बिहार के विकास में उनका ऐतिहासिक योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी जयंती समारोह को प्रत्येक वर्ष पूरे उत्साह, गरिमा और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वे बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर कांग्रेसजनों एवं गणमान्य लोगों को समारोह में शामिल हुए। गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार इस स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेसजन भागीदारी देखने को मिली। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह जी का स्वागत करते हुए पटना में आयोजित होने वाले श्री बाबू की जयंती समारोह के आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया तथा समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल कुमार जी, धर्मवीर शुक्ला जी, गया के मेयर गणेश पासवान, शेरघाटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, गयाजी के पूर्व उप महापौर सह नगर निगम, गयाजी के स्थायी सशक्त समिति के सदस्य डॉ. ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, डॉ. शशिशेखर सिंह आदि मौजूद रहे।



श्री बाबू की जयंती समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेसजनों से किया आग्रह

जिला स्तरीय रवि प्रशिक्षण सह कर्मशाला का हुआ आयोजन

अरवल (एनएसबी)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण द्वारा वासंतिक महाभियान-2026 के तहत जिला स्तरीय वासंतिक (रबी) प्रशिक्षण-सह-कर्मशाला एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान दिवस-2026 का आयोजन संयुक्त कृषि भवन के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रवि कुमार चौहान, अपर समाहर्त्ता, मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष, 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, अरवल एवं जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, रणजीत कुमार झा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों, पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों एवं महिला कृषकों का स्वागत करते हुए वासंतिक (रबी) महाभियान के उदेश्यों से अवगत कराया गया एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की गई। जिला कृषि



पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम अंतर्गत चना का 234.00 क्वींटल, मसूर का 526.00 क्वींटल, मटर का 17100 क्वींटल एवं सरसों का 39.60 क्वींटल अनुदानित दर पर बीज वितरण का लक्ष्य प्राप्त है एवं सभी प्रसार कर्मियों को रबी मौसम में बीज के पंचायतवार लक्ष्य एवं उर्वरक का लक्ष्य से अवगत कराया गया तथा शत प्रतिशत बीज का उठाव ससमय कराने का निदेश दिया गया। खरीफ मौसम में बाढ़ से हुए फसल क्षति के विरूद्ध 2779 किसानों 01 करोड़ 57 लाख 70 हजार 251 रुपए का अनुदान राशि का भुगतान किया गया अरवल जिलान्तर्गत कुल 28139 किसानों को ऋणकर्ता बनाया जा चुका है एवं सभी प्रसार कर्मियों को एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर्स रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया है। अपर समाहर्त्ता, अरवल द्वारा जिले के सभी प्रसार कर्मियों को कृषि विभाग की योजनाओं को किसानों तक पारदर्शी एवं सरल तरीके से पहुँचाने का निदेश दिया गया तथा अरवल जिले के किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने का आवाहन किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य रबी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। कृषक बंधु बीज प्राप्त करने हेतु बिहार कृषि ऐप के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर आवश्यकतानुसार बीज प्रतिष्ठान अथवा होम डिलेवरी के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान दिवस 2026 के अवसर पर उपस्थित महिला किसानों को सम्मानित किया गया एवं अधिक से अधिक महिला किसानों को कृषि से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया।

ट्रक में लूटपाट का विरोध करने पर पांच लोगों ने किया हमला, पत्नी के सामने आया दर्दनाक घटना का पूरा घटनाक्रम

मेहंदिया (एनएसबी)। बुधवार की रात करीब तीन बजे वलीदाद नट बिगहा में ट्रक में लूटपाट की घटना के दौरान चालक प्रदीप कुमार की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि प्रदीप कुमार ने ट्रक में चोरी करते हुए जिन लोगों को देखा था, वे उसके ही गांव के रहने वाले थे। चोरों को पहचान लिए जाने की आशंका के बाद आरोपितों ने उसका पीछा किया और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यही पहचान प्रदीप की मौत का कारण बन गई। जानकारी के अनुसार, घटना के समय ट्रक में खलासी सोया हुआ था, जबकि चालक प्रदीप कुमार अपने घर नट बिगहा में था। इसी दौरान ट्रक के पीछे का शीशा काटकर कुछ लोग अंदर चोरी करने लगे। सुबह जब प्रदीप की नींद खुली और वह ट्रक के पास पहुंचा, तो उसने कुछ लोगों को चोरी करते देखा। उसने इसका विरोध किया, जिसके बाद सभी लोग ट्रक छोड़कर भागने लगे। प्रदीप भी उनके पीछे दौड़ पड़ा। पीछा करते हुए वह एनएच-139 के खभैणी मोड़ के पास पहुंचा और सड़क पार कर एक खेत की ओर चला गया। बताया जाता है कि भाग रहे लोगों को प्रदीप पहचान चुका था। जब आरोपितों को इस बात का एहसास हुआ कि उनकी पहचान उजागर हो गई है, तो उन्होंने प्रदीप पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपितों की संख्या करीब पांच बताई जा रही है। हमले में प्रदीप गंभीर रूप से घायल होकर खेत में ही गिर पड़ा। घटना के करीब दो घंटे बाद जब उसे होश आया, तो उसने अपनी पत्नी और भतीजा को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि ट्रक में लूटपाट का विरोध करने पर उसे चाकू मारकर घायल कर दिया गया है और हमला करने वाले उसके ही गांव के लोग हैं। धीरे-धीरे प्रदीप की हालत बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उसकी पत्नी उर्मिला देवी ने गांव के ही पांच लोगों के नाम पुलिस को दिए हैं और उनके खिलाफ लिखित आवेदन सौंपा है। कटर से शीशा काटने और स्प्रे से खलासी को बेहोश करने की चर्चा इस घटना में लूटपाट के तरीके को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि ट्रक का शीशा कटर से काटा गया था और गाड़ी में सो रहे खलासी को स्प्रे का इस्तेमाल कर बेहोश किया गया। इसके बाद ट्रक में रखे रुपये लूट लिए गए।

संक्षिप्त खबरें

तारों को कराये दुरुस्त,खुलेगा,निर्बाध मिले बिजली

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। शहर के मुख्य मार्ग अशोक राजपथ व सुदर्शन पथ पर नीचे झूल रहे तारों को दुरुस्त कराने का निर्देश एसडीओ कशिश बक्शी ने दी है. एसडीओ विद्युत विभाग के अभियता के साथ निरीक्षण करते हुए उक्त निर्देश दिया है. एसडीओ ने बताया कि दुर्गा पूजा के उपरांत प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते विद्युत विभाग के अधिकारियों को यह कार्य समय सीमा के अंदर करा लेने का आदेश दिया गया है. इतना ही नहीं त्योहार में निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चत हो,इसके लिए भी अभियंता को कहा गया है. विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एसडीओ के निर्देश के आलोक में विभाग की ओर से कार्य कराया जा रहा है.

दहेज पड़ातना में पति को सजा

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। गायघाट स्थित पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम राहुल कुमार वर्मा की अदालत ने आलमगंज थाना कांड संख्या 256/2015 से जुड़े दहेज प्रताड़ना के मामले में आलमगंज थाना के कोइरीटोला मुहल्ला निवासी सुनील कुमार जायसवाल को सजा सुनायी है. उपनिदेशक सह मुख्य अभियोजक बिन्देश्वरी राम ने बताया कि कोइरी टोला मठ लक्ष्मणपुर निवासी नीतू देवी की शिकायत पर आलमगंज थाना में दर्ज मामले में पति सुनील को दो वर्ष की सजा सुनाई है. अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रु पये आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा.

अंग्रसेन महाराज की कल मनेगी जयंती

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती भामाशाह ट्रस्ट भवन में मारवाड़ी सेवा समिति की ओर से शनिवार 17 अक्तूबर को मनायी जायेगी. समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने बताया कि नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव इसका उद्घाटन करेंगे. आयोजन में विधायक रतनेश कुमार व समाजसेवी रमन प्रकाश शाह उपस्थित रहेगे. कार्यक्रम में पांच विभूति को सम्मानित किया जायेगा. इसमें पुरु षोत्तम पोद्दार,डॉ शशि भूषण प्रसाद,डीएसपी पौरूष अग्रवाल,तारा झुनझुनवाला व सुनील बंका को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होगे. आयोजन में संयोजक सुभाष पोद्दार, अशोक बंका,राज कुमार गोयनका,मनोज खेतान,रमेश केजरीवाल, मनोज झुनझुनवाला, राजेश देवड़ा, नितेश मोदी, अनूप पोद्दार समेत अन्य सक्रिय है.

विसजर्न समारोह मे पूजा समिति होगी सम्मानित

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। भद्र घाट नवयुवक दुर्गा पूजा समिति की बैठक अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष शशि शर्मा, ,राजकुमार ,नीरज कुमार ,अजय गुप्ता ,सुजीत कुमार ,राजा कुमार, बादल शर्मा ,ललित गुप्ता, दीपू कुमार ,विकास कुमार ,गुड्डू राज ,मोहम्मद अफरोज ,रोहित कुमार ,सोनू आर्य, गोलू कुमार ,राजू साव, विनय सिंह, राजू कर्ण ,अविनाश सिंहा ,मोहम्मद नैयर ,राम कुमार ,उत्तम कुमार ,अभिनय कुमार ,अजय चंद्रवंशी , अंजीत शर्मा ,पंकज कुमार समेत अन्य थे. बैठक में संरक्षक पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के अवसर पर भद्र घाट मुख्य द्वार पर श्रेष्ठ मूर्ति कला दिखाने ,भक्ति बैंड बजाने,शांति, सद्भाव एवं एकता बनाए रखने ,झांकी प्रस्तुत करने ,आकर्षक शोभा यात्र लेकर आने वाले पूजा समिति को सम्मानित किया जायेगा.

डांडिया की प्रस्तुति से बच्चों ने बांधा समा

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा उत्सव पर डांडिया प्रतियोगिता हाजीगंज स्थित टेंडर हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में करायी गयी. देवी दुर्गा के आमंत्रण से आरंभ हुए कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय निदेशक डॉ रवि भार्गव ने करते हुए कहा कि त्योहार हमे उत्सव मनाने ही नहीं आध्यात्मिक मार्ग दिखाने का कार्य करती है. प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ जूली भार्गव ने कहा कि उत्सव आध्यात्मिक संस्कृति को कायम रखता है. कार्यक्रम की सफलता में आनंद सक्सेना, पम्मी, श्रद्धा, पल्लवी, आकांक्षा, तान्या, रश्मि,सुजीत,सुनील नूर समेत अन्य सक्रिय थे.

शिक्षाविद के निधन पर जताया दुख

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। एसआरपी कॉलेज बालकिशुनगंज व फतेहुपर के प्राचार्य अजय कुमार के निधन पर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी. प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सभा में कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद राय, पूर्व प्राचार्य नवनीत सिन्हा,बैद्यनाथ सिंह, डॉ रमाशंकर, पंकज कुमार, बबीता कुमारी, अर्चना सिन्हा, अजीत कुमार, सुधीर कुमार वर्मा, शशि कुमार, मोहित कुमार, दोलन कुमार, अमित कुमार, प्रेम कुमार समेत अन्य ने दुख जताया है. प्रभारी ने कहा कि वित्त रहित होने की वजह से आर्थिक तंगी और बीमारी के कारण उनका निधन हो गया है. जो अपूरणीय है.

मालसलामी मे शराब व स्मैक बरामद, तीन पकड़ाये

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। मालसलामी थाना पुलिस ने शराब के साथ दो को और स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार किया है. जबकि बाइपास व मेहंदीगंज में भी शराब जब्त हुआ है. मालसलामी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पीरदमरिया घाट पर छापेमारी की गयी. छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने 170 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए दो धनंजय कुमार उर्फ टपीया और रामा कुमार उर्फ मुर्गी को गिरफ्तार किया है. तब` सिमली छोटी मंदिर के समीप छापेमारी कर संजय साव उर्फ टुन्नी साव को 26.33 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है.बाइपास थाना की पुलिस ने भी छापेमारी कर 18.24 लीटर अंग्रेजी शराब और 15 लीटर देसी शराब बरामद किया है. इसी प्रकार से मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने भी नौ लीटर देसी शराब बरामद किया है. पुलिस जब्त शराब के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की बात कह रही है.

चोरों के निशाने पर दो मकान,उड़ाये 12 लाख की संपत्ति

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। अगमकआं थाना के भागवत नगर निवासी प्रेम कुमार के मकान से चोरों ने दस लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण की चोरी कर लिया है. पीड़ित की ओर से थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है. इसके आधार पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि बुधवार की रात परिवार के लोग घर से बाहर गये थे. इसी बीच में चोरी होने की बात कही गयी है. पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है. पुलिस मकान के आसपास में लगे सीसीटी फुटेज को भी खंगाल रही है. दूसरी ओर मालसलामी थाना के भैसानी टोला निवासी गीताजंली देवी के मकान से चोरों ने दो लाख रुपये के स्वर्ण आभूषण चोरी कर लिया है. पीड़िता की ओर से दर्ज कराये गये मामले में मकान में कार्य करने वाले दो श्रमिकों पर जताया गया है. पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है. आरोपितों बनाये गये श्रमिकों की तलाश की जा रही है.

नाव हादसा का शिकार,दो बच्चों का हो रहा उपचा

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में राघोपुर के रामपुर पंचायत के भगतान टोला में नाव हादसा के शिकार छह लोगों में अब अस्पताल के शिशु रोग विभाग में दो बच्चों का उपचार हो रहा है. शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि` पीकू आइसीयू में इलाजरत दोनों बच्चों में 11 वर्षीय अनुष्का और पांच वर्षीय पुटूस कुमार का उपचार डॉ अतहर अंसारी की यूनिट में किया जा रहा है. जबकि सात वर्षीय कार्तिक कुमार की स्थिति में सुधार के बाद उसे डिस्चार्ज कर घर भेजा गया है. बताते चले कि हादसा के शिकार छह लोगों को उपचार के लिए वैशाली प्रशासन की ओर से नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था. जिसमें बुधवार को तीन लोगों की स्थिति ठीक होने के बाद दो लोग 48 वर्षीय सत्येंद्र राय, 55 वर्षीय वीरेंद्र कुमार बुधवार की सुबह खुद चले गये है.जबकि 14 वर्षीय चांदनी के ठीक होने के बाद घर भेज दिया गया था.

सुरक्षित नौका परिचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त, जर्जर एवं अनिबंधित नावों के परिचालन पर लगेगी रोक

निजी नावों का होगा सर्वेक्षण एवं भौतिक सत्यापन, पंजीकरण के लिए लगेंगे विशेष कैंप

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिले में नदियों एवं अन्य जल निकायों में सुरक्षित नौका परिचालन सुनिश्चित करने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी, वैशाली के निदेर्शानुसार जिले के सभी अंचलों में निजी नावों का व्यापक सर्वेक्षण, भौतिक सत्यापन एवं पंजीकरण कराने का अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत नावों की स्थिति, उनकी परिचालन क्षमता एवं सुरक्षा मानकों की जाँच की जाएगी। जर्जर, असुरक्षित एवं परिचालन के लिए अयोग्य नावों के संचालन पर रोक लगाने के साथ ही अनिबंधित नावों के पंजीकरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

जिले के सभी अंचलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में परिचालित निजी



नावों का विस्तृत सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। सर्वेक्षण के उपरांत मोटर वाहन निरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से नावों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, ताकि उनकी स्थिति एवं परिचालन संबंधी उपयुक्तता का आकलन किया जा सके।

जाँच के दौरान जर्जर, अत्यधिक पुरानी अथवा परिचालन के लिए अयोग्य पाई जाने

सूर्यास्त के बाद नौका परिचालन और ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध

वाली नावों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। जिन नावों की मरम्मत संभव है, उनके मालिकों को आवश्यक मरम्मत कराने का निर्देश दिया जाएगा। मरम्मत के बाद मोटर वाहन निरीक्षक द्वारा पुनः फिटनेस जाँच की जाएगी। निर्धारित मानकों के अनुरूप फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त होने के बाद ही ऐसी नावों के परिचालन की अनुमति दी जाएगी।

सर्वेक्षण के दौरान बिना पंजीकरण के परिचालित पाई जाने वाली निजी नावों के पंजीकरण के लिए संबंधित अंचल कार्यालयों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। सभी संबंधित अंचलाधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों को सूर्यास्त के बाद नौका परिचालन पर रोक सुनिश्चित करने, क्षमता से अधिक यात्रियों अथवा भार ले जाने वाली नावों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा गैर-पंजीकृत एवं अमान्य नावों के परिचालन पर प्रभावी नियंत्रण रखने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सुरक्षित नौका परिचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकने के लिए संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखेंगे।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में समयबद्ध कार्यों के निष्पादन का निर्देश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा जिला पदाधिकारी, गोपालगंज समीर सौरभ के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त गौरव कुमार की उपस्थिति में की गई। बैठक में छात्रवृत्ति पंजीकरण, विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ, भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों के लिए भूमि की उपलब्धता, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं तथा सैनिक स्कूल कुचायकोट में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं का छात्रवृत्ति हेतु ओटीआर पंजीकरण तीन दिनों के भीतर शत-प्रतिशत पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं, पोशाक, छात्रवृत्ति, साइकिल एवं प्रोत्साहन राशि सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर सत्यापन एवं प्रविष्टि का कार्य 16 अक्टूबर तक पूरा करने को कहा। भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों के लिए संबंधित अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के भीतर भूमि उपलब्धता के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

श्रद्धा भाव से याद किए गए महान वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। महुआ प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम साहब की 95 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि डॉ कलाम साहब के शिक्षा एवं युवाओं के प्रति लगाव को देखते हुए उनकी जयंती को हर साल विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाया जाना हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा डॉक्टर कलाम साहब को दुनिया मिसाइल मैन के नाम से जानती है। उन्होंने आम जनता के लिए अपने दरबार को खोला था, इसलिए उन्हें जनता के राष्ट्रपति से भी संबोधित किया जाता है। कलाम साहब का जीवन एक दर्शन है जो



आज के राजनीति के लिए अनुकरणीय एवं अद्वितीय उदाहरण है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, शकुंतला सिन्हा, सुमन लता, मोहम्मद अफजल हुसैन, विनीता कुमारी, सारिका कुमारी, आशा कुमारी ,गीता कुमारी के अलावा काफी संख्या में छात्र छात्र उपस्थित थे। वही प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में भी भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाई गई।

मां का पट खुलते ही जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ सिंघाड़ा में उमड़ी पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मनोकामनाएं पूरी करती हैं गोविंदपुर वाली मैया, 300 वर्षों से चली आ रही आस्था की परंपरा

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के वैशाली जिले के महुआ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर सिंघाड़ा गांव स्थित मां दुर्गा का शक्तिपीठ श्रद्धा, आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां विराजमान गोविंदपुर वाली मैया के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। गोविंदपुर सिंघाड़ा स्थित इस शक्तिपीठ में नवरात्र के दौरान निर्धारित धार्मिक परंपराओं के अनुसार माता की पूजा-अर्चना की जाती है। परंपरा के मुताबिक पंचमी तिथि की रात मां भगवती के दरबार का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। पट खुलते ही मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठता है और भक्त दर्शन के लिए पहुंचने लगते हैं।



मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। आचार्य कमलेश तिवारी, विनोद पंडित और नरेश झा सहित अन्य पुरोहित विधि-विधान से पूजा संपन्न कराते हैं। बकरे की बलि और 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया जाता है।स्थानीय लोगों की मान्यता है कि सच्चे मन से माता की आराधना करने वाले भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। यही वजह है कि इस शक्तिपीठ के प्रति लोगों की अटूट आस्था पीढ़ी-दर-पीढ़ी बनी हुई है। करीब तीन सौ वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा इस मंदिर की विशिष्ट पहचान है। इस शक्तिपीठ में चली आ रही धार्मिक परंपराओं के तहत माता को विशेष भोग अर्पित किया जाता है।

गोविंदपुर सिंघाड़ा स्थित मां दुर्गा मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां की लगभग तीन सौ वर्ष पुरानी धार्मिक परंपरा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों से यहां धार्मिक अनुष्ठान निर्धारित समय और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होते आ रहे हैं। समय के साथ मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और जुड़ाव लगातार बना हुआ है।माता के दरबार का पट खुलने के साथ ही पांच दिवसीय मेले का भी शुभारंभ हो गया।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

बिदुपुर(दैनिक नवसंदेश)। बिदुपुर थाना क्षेत्र के सहदुल्लापुर धबोली पंचायत के खजबत्ता सुल्तानपुर गांव में एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान देसरी थाना क्षेत्र के नया गांव बरियारपुर निवासी रमेश राय की पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब साढ़े तीन साल पहले बिदुपुर थाना क्षेत्र के खजबत्ता सुल्तानपुर निवासी सियालाल राय के पुत्र बिपिन कुमार से हुई थी।

स्थानीय लोगो के अनुसार, बीते बुधवार रात को विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। लेकिन ईस घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग घर मे मृतक को छोड़ कर परिवार समेत फरार हो गए है।शव बोरा से ढका हुआ था।मृतक के शरीर पर जख्म होने का निशान मैके के लोग बता रहे थे।मैके वालो ने चार लाख नकद रुपये मांगने का भी आरोप लगया है।जबकी शादी के समय पांच लाख रुपये देने की बात बताई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। इस मामले में मृतिका की माँ देवकली देवी ने पति बिपिन कुमार,देवर जितेंद्र कुमार,गोतनी सोनी देवी,अजित,सुजीत,सहित आदि पर हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।पुलिस ने पति बिपिन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कात्यायनी की उपासना आज,शक्तिपीठ मंदिरों में पूजा अर्चना

तख्त साहिब में चंडी पाठ,मंदिरों में जुट रहे भक्त,काली मंदिर में चरण दर्शन

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्रि में गुरुवार को देवी के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की उपासना भक्तों ने की.शुक्रवार को देवी के छठे स्वरूप कात्यायनी की उपासना होगी. भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में जुटी. शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि मंगला आरती से ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना हुई. छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मंदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी,गड़हा स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर में पुजारी बबलू पांडे की देखरेख में अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया . सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां में पुजारी प्रेम किशोर मिश्र,मंगल तालाब काली मंदिर में आचार्य शशिकांत मिश्र की देखरेख में भगवती के चरण दर्शन आरंभ हो गये.आचार्य ने बताया कि नवमी तक भक्त चरण दर्शन भगवती का कर सकेंगे. पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर में राजेश मिश्र के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुई. बड़ी देवी जी मारूफगंज के उपाध्यक्ष संत लाल गोलवारा व सचिव डॉ राजेश कुमार, ने बताया कि शुक्रवार को महाषष्ठी पूजा होगी. महारागंज के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि वैदिक विधि से पूजा अर्चना पुजारी रमाकांत मिश्र व सिद्धि मिश्र की देखरेख में हो रही है.शुक्रवार बिल्वा अधिवास का अनुष्ठान होगा. इधर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ हुआ. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय व बेबी कुमारी की देखरेख में दुर्गा सप्तशति पाठ व चंडी पाठ चला.

छापेमारी में 529 लीटर देसी-विदेशी शराब बरामद

महनार(दैनिक नवसंदेश)। शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महनार और देसरी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पिछले दो दिनों में छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी और विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया, जबकि तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे दो वाहनों को जब्त किया गया है।

महनार एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने प्रेसवार्ता कर कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महनार थाना क्षेत्र के हसनपुर बॉर्डर के समीप गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। इस दौरान बोलेरो में बने गुप्त तहखाने से 20 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई। इसकी कुल मात्रा 179 लीटर है। पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। फरार कारोबारी की



पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, देसरी थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 29 बोतल विदेशी शराब और करीब 350 लीटर देसी शराब बरामद की गई। इस दौरान एक कारोबारी गिरफ्तार हुआ और शराब तस्करी में इस्तेमाल सीएनजी टेम्पो जब्त किया गया।

अज्ञात महिला की शव मिलने से सनसनी

बिदुपुर(दैनिक नवसंदेश)। बिदुपुर थाना के भैरोपुर घाट के निकट एक अज्ञात महिला की शव मिलने से सनसनी फैल गयी है।मृतक महिला के शव बीते बुधवार को ही शाम में घाट किनारे लगा स्थानीय लोगो ने देखा।इस संबंध में स्थानीय लोगो ने बीते बुधवार की रात को बिदुपुर थाना को सूचना इस सम्बंध में दिया।सूचना मिलने के उपरांत बिदुपुर थाना 112 की पुलिस टीम भैरोपुर घाट पहुंचा और लोगो से भी शव के सम्बंध में जानकारी ली।स्थानीय लोगो के अनुसार शव के साथ पत्थल भी बंधा होने की बात बताया ।हालकि पुलिस गंगा नदी की तेज धार में बह कर आने का अनुमान लगा रही है।

6 लाख का ब्रॉउन सुगर और पांच लाख कैश के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। वैशाली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने वालो माफियाओं पर शिकंजा कस दिया है जिसके तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 लाख के ब्राउन शुगर के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 5 लाख 47 हजार रुपया भी बरामद किया है।पटना मद्ध निषेद से इनपुट मिली थी कि बरांटी थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी आर्यन कुमार अपने घर से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है जिसके बाद पुलिस ने आर्यन के घर पर छापेमारी की जहाँ से पुलिस ने 356 ग्राम ब्राउन शुगर, एक बुलेट बाइक,5 लाख 47 हजार रुपया और एक मोबाइल बरामद किया।एसएसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार युवक अपनी बुलेट बाइक से घूम घूम कर मादक बेचता था और घर मे मादक पदार्थ छुपा कर रखता था।एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर इस गिरोह के बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज का पता किया जा रहा है जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

थाईलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे महनार के शशांक

महनार(दैनिक नवसंदेश)। महनार प्रखंड की गोरिगामा पंचायत अंतर्गत हरपुर गांव निवासी शशांक शेखर का चयन अंतरराष्ट्रीय पिट्ठू चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। शशांक हरपुर गांव निवासी शिक्षक नीलेश कुमार सिंह के पुत्र हैं। पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, 27 सितंबर 2026 को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित सेंट नॉर्बर्ट स्कूल में आयोजित चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता थाईलैंड के पटाया में 2 से 6 दिसंबर तक आयोजित होगी। शशांक का चयन सीनियर पुरुष टीम में हुआ है। बिहार के सुभाष कुमार का भी भारतीय टीम में चयन किया गया है। शशांक की सफलता पर गोरिगामा पंचायत की मुखिया संगीता सिंह, संजय कुमार सिंह, कुकू सिंह, मृत्युंजय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार सिंह उर्फ खन्ना सिंह, मुक्कू सिंह और कृत्यानंद सिंह ने बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए देश और बिहार का नाम रोशन करने की उम्मीद जताई।



संक्षिप्त खबरें

एसडीएम, एसडीपीओ ,सीओ व थानाध्यक्ष ने मुसहरी बाजार में पंडालों का किया निरीक्षण

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के मुसेहरी बाजार में बुधवार को देर शाम हथुआ अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार, सीओ राकेश कुमार और थानाध्यक्ष गुलाम मुर्तजा ने संयुक्त रूप से दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार ने पूजा समिति के सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पंडाल परिसर में भरपूर लाइट एवं सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। उन्होंने अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन यंत्र स्थापित करने को कहा। इसके अलावा भीड़-भाड़ से पहले ही महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन का निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने कानून-व्यवस्था और भीड़-भाड़ के नियंत्रण के लिए प्रत्येक पंडाल में कम से कम दो दर्जन वालंटियरों की तैनाती को अनिवार्य बताया है। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिया कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण मे प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ साथ पूजा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।



बलिभद्रपट्टी धर्मन टोला में सरकारी जमीन पर कब्जा का शिकायत करने पर एक को पीटा

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के बलिभद्रपट्टी धर्मन टोला में कुछ लोगों द्वारा सरकारी गैर मजरूआ जमीन पर पक्का निर्माण कर किए जा रहे अवैध कब्जा की शिकायत उचकागांव सीओ व थानाध्यक्ष से करने को लेकर आरोपितों गांव के नारद प्रसाद सिंह को पीट कर बुरी तरीके से घायल कर दिया। वही फिर से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। घटना तीन अक्टूबर के दिन की है जब वह जिविका का केवाईसी करवाने के लिए जा रहे थे। मामले में घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल नारद प्रसाद सिंह के आवेदन पर सुअंबर ओझा, उनके भाई अमरनाथ ओझा, धीरज ओझा, रविकिशन ओझा, आदित्य ओझा, बलिराम सिंह सहित नौ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

प्रतियोगिता में मॉडल सहयोगी स्कूल को मिला दूसरा स्थान

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड के बथुआ बाजार स्थित मॉडल सहयोगी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने थावे डायट में आयोजित रोल प्ले प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में हरिओम तिवारी, मुस्कान खातून और गुड़िया कुमारी शामिल हैं। वहीं, फॉल्क डांस प्रतियोगिता में रागिनी कुमारी, कुमकुम कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों की सफलता में प्रशिक्षिका गौरी कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शौकत अली, वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र मिश्रा और मनोज शर्मा ने सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पारिवारिक विवाद में वृद्ध महिला की पिटाई, घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के भोपतापुर गांव में गुरुवार को पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक वृद्ध महिला घायल हो गईं। घायल महिला की पहचान गांव निवासी हिरमती देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कुचायकोट पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, हिरमती देवी का परिवार के कुछ लोगों के साथ पहले से विवाद चल रहा था।गुरुवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि परिवार की कुछ महिलाओं ने हिरमती देवी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गईं।घटना के बाद मौके पर जुटे आसपास के लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में बैंक अधिकारी समेत तीन घायल

भोरे (दैनिक नवसंदेश) भोरे थाना क्षेत्र के चकिया पड़ौली नहर मार्ग पर गुरुवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए भोरे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घायलों की पहचान कल्याणपुर निवासी अरुण कुमार यादव, पड़ौली निवासी अभिषेक पांडेय तथा पटना सिटी निवासी व ग्रामीण बैंक हुस्सेपुर में कार्यरत अधिकारी आदित्य राज के रूप में हुई है। सभी का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

छात्राओं को महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य योजनाओं की दी गई जानकारी

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के निदेर्शानुसार महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा साइबर थाना, गोपालगंज के सहयोग से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़का साखें, प्रखंड उचकागांव में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सखी वार्ता सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर (सखी), महिला हेल्पलाइन-181, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में बताया गया। साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध से बचाव, डिजिटल सुरक्षा एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं को एनीमिया से बचाव, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व तथा जनसंख्या स्थिरता के महत्व की जानकारी देते हुए शिक्षा को प्राथमिकता देने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में लैंगिक विशेषज्ञ मुन्ना कुमार शर्मा एवं अनिल कुमार ठाकुर, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ ओम प्रकाश ठाकुर तथा लेखा सहायक मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

सड़क पर किए गए पक्के अतिक्रमण को तत्काल तोड़ने का निर्देश

मांझा (दैनिक नवसंदेश) दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने तथा बाजार में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मंगलवार को मांझा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बीडीओ वैभव शुक्ला के नेतृत्व में अधिकारियों और पुलिस बल ने बाजार की सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरुद्ध जुमार्ना भी लगाया गया। अभियान के दौरान सड़क और उसके किनारे अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करने वालों को सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने सड़क पर किए गए पक्के निर्माण को तत्काल तोड़ने का निर्देश दिया।प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान बाजार में आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।मौके पर सीओ शम्मा प्रवीण, राजस्व पदाधिकारी गोपाल गिरधर, थानाध्यक्ष निरंजन कुमार, अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार, दरोगा राहुल कुमार, महेश पाठक, संजय सिंह सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

सोए अवस्था में किसान पर हथियार दिखाकर जाने से मारने की धमकी

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के गणेश डुमर गांव में जमीन विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक किसान को डराने-धमकाने और जान से मारने की नीयत से रात के वक्त घर में घुसकर हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित किसान ने श्रीपुर थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीपुर थाना क्षेत्र के गणेश डुमर गांव निवासी स्वर्गीय पहावारी सिंह के पुत्र अशोक सिंह ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि बीते 10 अक्टूबर 2026 की रात करीब 11रू50 बजे वे अपने दरवाजे पर सोए हुए थे। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में काटा लेकर आए और उन्हें जगाया।

एनडीए सरकार में ही हुआ है शिक्षकों का विकास : मंजीत

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 03 से विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव के मद्देनजर एनडीए समर्थित जद(यू) प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में बरौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, उच्च विद्यालयों, इंटर कॉलेजों और डिग्री कॉलेजों में एनडीए नेताओं द्वारा सघन जनसंपर्क संवाद कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान के दौरान शिक्षकों से मिलकर एनडीए प्रत्याशी को प्रथम वरीयता का मत देने की पुरजोर अपील की गई। बरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंजीत कुमार सिंह और जद(यू) जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने माझा प्रखंड के दर्जनों शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं, उनकी मांगों और क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। नेताओं ने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि एनडीए सरकार ही उनके हितों की सच्ची संरक्षक है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनसंपर्क संवाद के दौरान विधायक मंजीत कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने शिक्षा और शिक्षकों के मान-सम्मान को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के विकास और उनकी हर समस्याओं का स्थायी समाधान केवल एनडीए शासनकाल में ही संभव हुआ है। आगे भी शिक्षकों के कल्याण के लिए सरकार निरंतर कार्य करती रहेगी। जद(यू) जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि ई. आनंद पुष्कर एक शिक्षित, ऊर्जावान और समर्पित उम्मीदवार हैं, जो विधान परिषद में शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने सभी शिक्षक मतदाताओं से अपील की कि वे आगामी चुनाव में ई. आनंद पुष्कर के पक्ष में मतदान करें और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। इस जनसंपर्क अभियान और संवाद कार्यक्रम में एनडीए के कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रभात कुंवर, योगेश प्रसाद, के.बी. सिंह, बबन कुमार, रविंद्र सिंह, विनोद सिंह, संतोष सिंह, अवधेश प्रसाद और उपेंद्र कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने शिक्षकों से मिलकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में माहौल मजबूत किया।



(जनसंपर्क करते विधायक)

बैकुंठपुर में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की शिक्षकों से अपील

मंत्री ने कहा, षिक्षको की सभी मांगे होगी पुरी

बैकुंठपुर (दैनिक नवसंदेश) सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर के समर्थन में बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के बाबा मैरेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी एवं पूर्व मंत्री जनक चमार ने सहभागिता की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से आनंद पुष्कर जी के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा, ह्नआप सभी की जो भी मांगें हैं, उन्हें पूरा करने की दिशा में सरकार पूरी गंभीरता से काम करेगी। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान और उनके हितों की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं और उनके सम्मान एवं अधिकारों का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है।ह्न उन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षकों के सहयोग और विश्वास से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव को गति मिलेगी। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से छ्न। की एकजुटता को मजबूत बनाने तथा श्री आनंद पुष्कर जी को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाने की अपील की। शिक्षकों का सम्मान, उनकी समस्याओं का समाधान और शिक्षा व्यवस्था का सशक्तीकरण यही हमारा संकल्प है।



(संबोधित करते मंत्री)

अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध रहे अन्यथा गिरेगी गाज



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में आज समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की निर्धारित रोस्टर के अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अंतःरोगी, बाह्य रोगी, आपातकालीन, शल्य चिकित्सा एवं रेफरल सेवाओं में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने, रिकॉर्डिंग का नियमित बैकअप संधारित करने, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने तथा आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, एम्बुलेंस में आवश्यक दवाओं, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं जीवनरक्षक उपकरणों की नियमित जांच करने को कहा। समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आंकड़ों एवं सूचकांकों की समीक्षा जिला और प्रखंड स्तर के साथ-साथ उप स्वास्थ्य केंद्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी नियमित रूप से की जाए, ताकि कमियों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर ज्वैलरी चोरी कांड में न्यायालय ने पांच चोरों को सश्रम कारावास की सुनाई सजा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार के चर्चित थावे मंदिर ज्वेलरी चोरी कांड में आज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी भारती कुमारी की न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पांच चोरों को दोषी पाते हुए सश्रम सजा सुनाया। चार आरोपी को सात-सात वर्ष की सश्रम कारावास और दस - दस हजार की आर्थिक दण्ड की सजा मुकर्रर किया। जिसमें आरोपी यूपी के मऊ जिले के जमानिया थाना के बेटावर गांव के दीपक राय, पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना के राजेपुर गांव के इजमामुल आलम, अरार मोड़ के पास शरीफ साई और गुडन शामिल है।अर्थदंड नहीं देने पर उन्हें छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।वहीं सीवान जिले के मुफ्फसिल थाना के छोटपुर के अख्तर अली के पुत्र एजाज अली को तीन साल की कैद और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी गयी। अर्थदंड नहीं देने पर उसे दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।यह फैसला छह माह में स्पीडी ट्रायल चलाकर फैसला दिया हैं। गौरतलब हो कि प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर के ज्वैलरी की चोरी दिनांक 17-18 दिसंबर की रात्रि में चोरो ने चोरी का अंजाम दिया था। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच चोरों की गिरफ्तारी और चोरी के ज्वैलरी को बरामद करने में सफलता पाई थी।

किसानों को आत्मनिर्भर बनाने को कृषि कर्मशाला का आयोजन

जिला स्तरीय रबी महाअभियान का उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने किया उद्घाटन

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) कृषि विभाग के तत्वावधान में रबी महाभियान अंतर्गत आज स्थानीय अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी समीर सौरभ के निदेर्शानुसार कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने किया। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन, कृषि यांत्रिकरण एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के लिए तीन समूहों में 150 हेक्टेयर तथा परंपरागत खेती के लिए 500 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 1,600 पक्के वर्मी कंपोस्ट पीट तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भरता दलहन योजना तथा खाद्य तेल-तिलहन मिशन के तहत चयनित फसलों के बीज पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। वहीं, कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत 86 प्रकार के कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा जिले में 44,313 किसान बिहार कृषि ऐप का लाभ उठा रहे हैं तथा अब तक 1,31,497 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा चुकी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पर 45 से 55 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सब्जी की खेती और मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी संबंधित योजनाओं के तहत 40 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। इस दौरान रबी मौसम में उर्वरकों की उपलब्धता एवं निर्धारित मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित करने के लिए कृषि पदाधिकारियों और कृषि समन्वयकों को सतत निगरानी रखने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध छापेमारी कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार सुमन, कृषि विज्ञान केंद्र सिधवलिया की युवा वैज्ञानिक डॉ. अनुपमा कुमारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक विवेक कुमार, नाबार्ड के डीडीएम अमनदीप सहित पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

14 साल से बिजली बिल बकाया, जलालपुर डाकघर की आपूर्ति कटी

दो दिनों से कामकाज ठप, दस अन्य डाकघरों की सेवाएं भी प्रभावित

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड के जलालपुर बाजार स्थित डाकघर की बिजली आपूर्ति बकाया बिल जमा नहीं करने के कारण काट दी गई है। इससे पिछले दो दिनों से डाकघर में कामकाज पूरी तरह ठप है।बिजली बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को वित्तीय लेनदेन समेत अन्य डाक सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, इस डाकघर से जुड़े दस अन्य डाकघरों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।जानकारी के अनुसार, जलालपुर डाकघर से क्षेत्र के दस अन्य डाकघर जुड़े हुए हैं।इन सभी डाकघरों में होने वाले वित्तीय लेनदेन और डाक सेवाओं से संबंधित कार्यों का संचालन जलालपुर डाकघर के माध्यम से किया जाता है।ऐसे में यहां बिजली आपूर्ति बाधित होने से पूरे क्षेत्र की डाक सेवाओं पर असर पड़ा है।बताया जाता है कि डाकघर का बिजली बिल पिछले 14 वर्षों से बकाया है। बकाया राशि जमा कराने को लेकर बिजली विभाग की ओर से डाकघर के अधिकारियों को कई बार नोटिस दिया गया था।इसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद मंगलवार की शाम बिजली विभाग के कनीय अभियंता के निर्देश पर डाकघर की बिजली आपूर्ति काट दी गई। बुधवार और गुरुवार को भी बिजली बंद रहने से कामकाज नहीं हो सका।इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता अविनाश कुमार ने बताया कि जलालपुर डाकघर पर 35 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है।बार-बार नोटिस देने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद विभाग की ओर से बिजली आपूर्ति बंद करने की कार्रवाई की गई।

फुलवरिया के 154 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ टीएचआर का वितरण

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के कुल 154 आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को टेक होम राशन (टीएचआर) का वितरण किया गया। सभी केंद्रों पर सुबह से ही लाभुकों का आना जाना लग रहा। जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास निगम के निर्देश पर हर महीने की तरह इस माह भी गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं और 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के बीच टीएचआर का वितरण किया गया। चावल, दाल, सोयाबीन का वितरण किया गया । सेविकाओं द्वारा लाभुकों की उपस्थिति पंजी में दर्ज कर राशन दिया गया। प्रखंड के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लाभुकों ने बताया कि इस राशन से कुपोषण को दूर करने में काफी मदद मिलती है। कई गर्भवती महिलाओं ने कहा कि समय पर पोषाहार मिलने से स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। वहीं कुछ केंद्रों पर सेविकाओं ने बताया कि इस बार आवंटन थोड़ा विलंब से आया था, जिसके कारण वितरण में कुछ परेशानियां आई। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका ने कई केंद्रों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सेविकाओं को निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक टीएचआर से वंचित न रहे। साथ ही वजन और ऊंचाई मापी का रिकॉर्ड सही ढंग से संधारित करने को कहा। इधर सीडीपीओ किरन कुमारी ने बताया कि प्रखंड के सभी 154 केंद्रों पर वितरण पूरा कर लिया गया है। जिन लाभुकों को किसी कारण से राशन नहीं मिल पाया है, उन्हें अगले दो दिनों के अंदर केंद्र पर आकर राशन लेने का निर्देश दिया गया है।



(टीएचआर में मौजुद आंगनबाडी सेविका)

गोपालगंज में लोजपा (रा) के जिला कार्यालय का हुआ उदघाटन

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संगठनात्मक विस्तार और कार्यकताओं को मजबूत मंच प्रदान करने की दिशा में गुरुवार को जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। लोजपा (रामविलास) के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी हुलास पाण्डेय ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला नेतृत्व और सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। उद्घाटन समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष शिशिर राय, प्रदेश सचिव रवि शंकर पांडेय, जिला संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष अमित भारद्वाज, कार्यालय प्रभारी अंशु कुमार मिश्र, संजय पासवान, उपेंद्र पासवान तथा जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा सहित पार्टी के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने की। सभी नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने कहा कि जिला कार्यालय खुलने से संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी। कार्यकताओं को अपनी समस्याओं, सुझावों और जनहित से जुड़े मुद्दों को रखने के लिए एक स्थायी मंच उपलब्ध होगा। कार्यालय के माध्यम से पार्टी के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, आम लोगों से संवाद स्थापित करने तथा जिला और प्रखंड स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने में सहायता मिलेगी।

दुगार्पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट

हथुआ अनुमंडल अंतर्गत मीरगंज के पूजा पंडालों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

अग्निशमन, प्रवेश-निकास द्वार, स्वयंसेवकों की तैनाती एवं सूचना तंत्र को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) दुगार्पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला पदाधिकारी समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने मीरगंज के मरछिया चैक एवं हथुआ मोड़ स्थित प्रमुख दुगार्पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, विद्युत सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पूजा समितियों को अग्निशमन की समुचित व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वारों को व्यवस्थित रखने तथा पर्याप्त स्वयंसेवकों (वॉलेंटियर) की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, पूजा समिति के आयोजकों एवं स्वयंसेवकों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समन्वय के लिए सुदृढ़ सूचना तंत्र विकसित करने पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।



(निरीक्षण करते डीएम, एसपी, एसडीएम व अन्य)